TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 25 अंक 181
रविवार 28 अप्रैल, 2024

तापमान
अधिकतम 41°C | न्यूनतम 24°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# 2जी स्पेक्ट्रम मामले पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

## कांग्रेस ने केंद्र को बताया पाखंडी, सरकार बनने पर जांच कराने का एलान

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार के पाखंड की सीमा नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने यूपीए सरकार में हुए 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन को घोटाला बताया था और अब वही भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट में जाकर बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम आवंटित करने की मांग कर रही है।

दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन पर भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'मोदी सरकार और भ्रष्ट जनता पार्टी की पाखंड की कोई सीमा नहीं है। मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में ये लोग कहते थे कि 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन एक घोटाला था।

अब वे सुप्रीम कोर्ट में बिना नीलामी के ही स्पेक्ट्रम देने की मांग कर रहे हैं। बेशक ये 'मोदानी सरकार' पहले से ही सार्वजनिक संसाधनों को प्रधानमंत्री के पूंजीपति दोस्तों

**आरोप**
- जयराम रमेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

को दे रहे हैं। इसके तहत एयरपोर्ट, कोयला खदाने फर्जी नीलामी के जरिए एक कंपनी को दे दी गईं। यहां तक कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम भी 150 करोड़ रुपये के चुनावी चंदे के बदले दे दिया गया। कुल मिलाकर वे चार लाख करोड़ रुपये के सार्वजनिक संसाधन उद्योगपति दानदाताओं को दे चुके हैं।'

जयराम रमेश ने कहा कि '4 जून को मतदाता इस संगठित लूट का जवाब देंगे। INDIA ब्लॉक की सरकार सत्ता में आने के बाद अदाणी महाघोटाले की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करेगी और भ्रष्टाचार की जांच करेगी।' लोकसभा चुनाव के नतीजों का एलान 4 जून को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2 फरवरी 2012



को सुप्रीम कोर्ट ने यूपीए सरकार के कार्यकाल में जनवरी 2008 में दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस को रद्द कर दिया था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए ही आवंटित करने का आदेश दिया था। अब केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम आवेदन देकर 2012 के आदेश में बदलाव की मांग की है।

केंद्र सरकार ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की है। हालांकि सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि सरकार ने आदेश में बदलाव की मांग नहीं की है बल्कि आदेश को स्पष्ट करने की अपील की है।

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट ने दी जमानत, सजा पर रोक से इनकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। सिंह को आज ही बरेली जेल में शिफ्ट किया गया है।

## बंगला खाली कर चुपचाप मायानगरी रवाना हो गए भाजपा के 'राम'

- मेरठ में अरुण गोविल ने इस बंगले को किराए पर लिया था

**मेरठ, 27 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल ने मतदान के तुरंत बाद मेरठ में किराए पर लिए बंगले को खाली कर दिया। इसके बाद रातों रात बिना किसी से मिले ही मायानगरी मुंबई अपने घर चले गये हैं। भाजपा ने इस बार तीन बार के सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया था।

जिसके बाद 26 मार्च को पहली बार अरुण गोविल मेरठ पहुंचे थे और यहां किराए पर बंगला लेकर पत्नी के साथ रह रहे थे। इसके साथ ही चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे। शुक्रवार को चुनाव के दौरान 6:00 बजे के बाद भारतीय जनता पार्टी के साकेत स्थित कार्यालय पर पार्टी के सांसद समेत भाजपा के वह तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने अरुण गोविल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका प्रचार किया। लेकिन अरुण गोविल का घंटों बाद भी नहीं, सब इंतजार करते रह गए। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर भाजपा के एक नेता ने बताया कि सभी को उम्मीद थी कि अरुण गोविल उन सभी कार्यकर्ताओं व नेताओं से जरूर मिलेंगे, जिन्होंने उनके लिए दिन रात एक करके प्रचार में उनका साथ दिया। बल्कि वह मतदान समाप्त होने के बाद कुछ ही घंटों में किराए पर लिए गये मेरठ कैंट के बंगला नंबर 244 से चले गये, उससे कार्यकर्ताओं में उदासी है। मेरठ के कैंट क्षेत्र सर्कुलर रोड में जिस बंगले में वह रह रहे थे, उसकी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि अरुण गोविल अपनी पत्नी श्रीलेखा के साथ मुंबई वापस चले गए हैं. बीजेपी के नेताओं ने बताया कि सभी ने उनके लिए मेहनत की थी, नतीजे भी सकारात्मक ही होंगे।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अरुण गोविल के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू, 27 अप्रैल।** जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ में शुक्रवार देररात भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसमें कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार किश्तवाड़ में शुक्रवार रात 11.06 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 दर्ज की गई है। भूकंप के झटकों से किसी भी तरह के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी की ओर से जारी समन को नजरअंदाज करने के मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को जमानत दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने अमानतुल्लाह खान को 15 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी। आज सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान कोर्ट में पेश हुए। ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 9 अप्रैल को अमानतुल्लाह खान को पेश होने के लिए समन जारी किया था।

### एक बार फिर चोटिल हुई बंगाल की सीएम

**कोलकाता, 27 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुगार्पुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह गिर गईं। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें उठाने के लिए भागे।

### तीसरी आंख




## यूपी में सीआरपीसी के तहत 21 लाख लोग पाबन्द

**लखनऊ, 27 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। प्रदेश में शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है, जबकि 25,77,725 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस दी गई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 494 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गये। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 149 केन्द्रों को सीज किया गया।

## हम सबको जेल में डाल देगी भाजपा : अखिलेश

**कानपुर देहात, 27 अप्रैल।** कन्नौज लोकसभा में आने वाली रसूलाबाद विधानसभा में शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसम्पर्क किया। उन्होंने आम लोगों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार आपको और हमें भी जेल में डाल देगी। लोकसभा चुनाव के चलते देश के हर कोने में इस महापर्व की चर्चाएं जोरों पर है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था।

इसके बाद अखिलेश यादव को यहां से लड़ने की मांग तेज हो गई तो सपा अध्यक्ष ने अपना नामांकन करा लिया। अब इस लोकसभा सीट पर सबकी नजर बनी हुई है। भाजपा से मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक हैं। नामांकन के बाद शनिवार को अखिलेश यादव

**जनसभा**
- रसूलाबाद में चुनावी जनसभा को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित



- भाजपा ने भ्रष्टाचारों का खोल रखा है गोदाम
- हमारी सरकार आई तो किसानों का कर्ज होगा माफ

ने कन्नौज लोकसभा की रसूलाबाद विधानसभा में एक रोड शो का आयोजन कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कन्नौज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचारों के लिए एक गोदाम खोल रखा है।

जितने भी भ्रष्टाचारी हैं इस समय भाजपा के गोदाम में हैं, जिसके चलते भ्रष्टाचार चरम पर है। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड ने बीजेपी की बैंड बजा दिया है। ये जो भारतीय जनता पार्टी ने वसूली की है उसका परिणाम है कि आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये चंदा लिया है।

मौजूदा केंद्र की सरकार में बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने 16 लाख करोड़ रुपये बड़े- बड़े उद्योगपतियों के माफ किए हैं। इसलिए हमने तय किया जब हमारी सरकार आएगी गरीब किसानों का पूरा का पूरा कर्ज माफ होगा।

## मोदी सरकार किए गए वादों को निभाने में रही विफल : खड़गे

**गुवाहाटी, 27 अप्रैल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। खड़गे ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों में किए गए वादों को निभाने में विफल रही है। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और विकास के लिए लड़ती रही है, लेकिन भाजपा ने इन मुद्दों पर मुंह मोड़ लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने शनिवार को गुवाहाटी के बड़झार स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने में भाजपा नाकाम रही है।

कृषि और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाया है। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह हमेशा सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं, लेकिन विकास बहुत दूर है। लोकसभा चुनाव को लेकर खड़गे ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## चारों तरफ मोदी की लहर : योगी

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, सपा, और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं। योगी ने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आहवान किया।

मुख्यमंत्री शनिवार को जनपद के तिलक इंटर कॉलेज में भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद के हस्तशिल्पी कांच कारीगरों ने ही फिरोजाबाद को सुहागनगरी के रुप में विश्व में पहचान दिलाई है। दो

**निशाना**



- सीएम ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर बोला हमला
- फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका हैं और चारों तरफ मोदी की लहर चल रही है। यह लहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की लहर है। ■ शेष पेज 11 पर

### आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करेगी कांग्रेस : प्रियंका

**धरमपुर, 27 अप्रैल।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर स्थित दरबार गढ़ कम्पाउंड में सभा को संबोधित किया। सूरत हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद यहां हेलिकॉप्टर खराब होने से वे सड़क मार्ग से धरमपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कांग्रेस मेनिफेस्टो की खूब चर्चा है, इसे न्याय पत्र नाम दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले 10 सालों से लोगों के जीवन में तरक्की नहीं आई, लोगों को न्याय नहीं मिला है।

कांग्रेस ने जो न्याय पत्र बनाया है इसमें काफी स्कीम और गारंटी लाए हैं, उसे पूरा करेंगे। जहां-जहां हमारी सरकारें हैं या थीं वहां हमने जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया।



लखनऊ छावनी में 108 फीट के मास्ट पर 30 फीट x 45 फीट का विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराते लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय। -छाया तरुणमित्र

### रिश्वत के कोई सबूत नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है। शीर्ष अदालत में जवाब देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। केजरीवाल ने अपने हलफनामे में लिखा है कि आम आदमी पार्टी के पास एक भी रुपया नहीं आया और उन पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए गए हैं।

### राजस्थान : 61 प्रतिशत तक सिमटे मतदान ने बढ़ाई मुसीबत

## मोदी के हाथ में रहेगी जीत-हार की पतवार

समीर

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों में 190 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। देखा जाए तो दो चरण के बाद कुल लोकसभा सीटों की 35 प्रतिशत सीटों पर मतदान हो गया है जिसमें केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और राजस्थान राज्यों की सभी सीटें शामिल हैं।

370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को तमिलनाडु और केरल से भले ही बहुत अधिक उम्मीद न हो लेकिन राजस्थान में उसने 25 की 25 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था।

लेकिन मतदान पूरा हो जाने के बाद राजस्थान से जो समाचार आ रहे हैं वह निश्चित रूप से भाजपा के लिए राहत देने वाले नहीं है। 26 अप्रैल को राजस्थान में दूसरे चरण की 13 सीटों पर शाम

**लक्ष्य**
- 2014 व 2019 के मुकाबले गिरा मतदान औसत
- मोदी मैजिक नहीं, जातीय समीकरण का रहा रजवाड़े में इस बार चुनाव
- मोदी के सिर बंधेगा जीत का सेहरा तो हार का ठीकरा भी उन्हीं के सिर

6 बजे तक 64.56 फीसदी मतदान हुआ।

इस लिहाज से राजस्थान के दूसरे चरण में पहले चरण से ज्यादा मतदान हुआ है। पहले चरण में राजस्थान में 12 सीटों पर 57.87 फीसदी मतदान हुआ था और दोनो चरणों को मिलाकर कुल 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ है। पिछले दो चुनाव 2014 और 2019 में भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 सीटें जीत ली थी।

भाजपा को कुछ माह पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद उम्मीद थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में वह तीसरी बार लगातार सभी 25 सीटें जीत जाएगी लेकिन हकीकत में ऐसा होता दिख नहीं रहा है। टिकट वितरण में केन्द्र की मर्जी, वसुंधरा राजे जैसे प्रदेश के नेताओं को पूरी तरह नजरअंदाज करना और जातिगत समीकरण और स्थानीय नेताओं की आपसी खींचतान के बीच हुए मतदान के बाद भाजपा के लिए 4 से 5 सीटों पर कड़ी चुनौती दिख रही है। भाजपा के लिए इस बार राजस्थान में सभी 25 सीटें जीतना लगभग असंभव नजर आ रहा है। एक तथ्य यह भी है कि इस बार राजस्थान में मोदी मैजिक नहीं, ■ शेष पेज 11 पर

## गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं : शाह

**राजकोट, 27 अप्रैल।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे।

अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की।

शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है।

# विपक्षियों के सत्ता में आने के मंसूबे नहीं होंगे पूरेः अग्रवाल

- इंडी गठबंधन के बावरिया समूह को दूर भगाएं: नितिन अग्रवाल
- कांग्रेस के संपत्ति बंटवारे से देश को बचाएं,कमल को जिताएं: अजीत बब्बन



**हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कृष्ण और विपक्ष को कौरवों की सेना बताते हुए कहा कि चुनाव रूपी महाभारत में विपक्ष की हार होगी और भाजपा की जीत होगी। विपक्षियों के सत्ता में आने के मंसूबे पूरे नहीं होंगे। इण्डी गठबन्धन पार्टी नहीं बल्कि लुटेरों का एक समूह है, जो जेल जाने के डर से एक बैनर तले इकट्ठे हुए हैं।

पूर्व सांसद श्री अग्रवाल, शनिवार को यहाँ गाँधी मैदान में हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। भाजपा नेता श्री अग्रवाल ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस कोई पार्टी नहीं बल्कि एक समूह है जो सत्ता में आने के लिए छटपटा रहा है, जबकि मोदी जी पापियों का संहार करने के लिए आयें हैं। श्री अग्रवाल ने खुद को अध्यात्मिक धारा से जोड़ते हुए कहा कि भगवान राम का निषाद, केवट, मल्लाह, सबरी ने साथ निभाया। इसी तरह से आज इस सम्मेलन में एकत्रित हुए लोग राम राज्य की स्थापना में मोदी जी का साथ देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विपक्ष को बावरिया गिरोह संज्ञा देते हुए कहा कि मोदी योगी के राज में गुण्डे माफिया जेल में हैं। हरदोई में भी गुण्डों को पनपने नहीं दिया है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश को जिताने की अपील की। कहा कि सभी लोग चुनावी कोविड से सावधान रहे। इस चुनाव के जरिये देश को लूटने वाले परिवारवादियों से देश को बचाना है।

जनसभा में उप्र सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश पर शासन किया लेकिन गरीब, गरीब होते चले गये। मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने गरीबों का दर्द समझा और उनको केन्द्र में रखकर अपनी सरकार की योजनायें बनाई। आबकारी मंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस ने गरीबों का हक छीना आज भी वह गरीबों का हक छीनकर एक विशेष वर्ग को देने के प्रयास में हैं, इसलिए यह देश के भविष्य का चुनाव है। मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का फैसला करना है। सबको एक जुट होकर भाजपा का साथ देना होगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने गरीबों, किसानों, महिलाओं के सम्मान की चिन्ता की है उनके उत्थान के लिए दिन-रात काम किया है, जबकि सपा की सरकार ने गरीबों की जमीन जायदाद कब्जायी जाती थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है काशी सवंर चुकी है अब मथुरा की बारी है। यह तभी सम्भव है जब मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं।

भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने कहा कि 10 वर्ष के मोदी राज्य में देश के स्थिति बदली है अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है। बिजली, सड़क, पानी की सुविधाएं गांव-गांव पहुँची है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए है। उन्होंने खुद के लिए समर्थन की अपील की।

भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि मोदी जी सत्ता को एकदायरे बाहर निकालकर उसमें सर्वसमाज की भागेदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने सरकार की योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान तक पहुंचाया। सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य मुकेशपाल, पू जिला पंस बलराम पाल, पू प्रमुख महिपाल यादव, रामू कश्यप, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राजमंगल यादव, नाजिम खां, बेचेलाल राठौर, राम सिंह राठौर, अभिषेक पाल, अमित पाल, इन्द्रपाल कुशवाहा, अहिबरन यादव, विशाल सेठ, बालकराम पू प्रधान, रामनाथ फौजी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बालू लदे ट्रक ने छात्र को रौंदा, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मल्लावां/ हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ट्रैक्टर पर बैठकर चाचा के साथ खेत पर जा रहे किशोर को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने माधौगंज रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हरपुरा निवासी बहार खां के खेत में थ्रेशर से गेंहू की मड़ाई हो रही थी। शुक्रवार की रात को ट्रैक्टर ट्राली से गेंहू लेने खेत पर जा रहा था। ट्रैक्टर पर उसका 12 वर्षीय भतीजा जमीर खां भी बैठा था। पड़ोसी गांव मवईया निवासी युवक ट्रैक्टर को चला रहा था। रात करीब 10 बजे चालक ने ट्रैक्टर को मटियामऊ माधौगंज रोड पर खड़ा कर पान मसाला खरीदने के लिए उतर गया । जबकि ट्रैक्टर पर जमीर खां बैठा था। इस दौरान बालू लादकर माधौगंज की ओर जा रहे ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर पर बैठा किशोर नीचे गिर गया। जिससे उसको कुचलते हुए ट्रक निकल गया। जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौका पाकर ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने माधौगंज रोड पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुल सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। मृतक तीन भाई एक बहन मे दूसरे नंबर का था। वह गांव के एक स्कूल मे कक्षा 5 का छात्र था। सीओ सुनील शर्मा ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।

## दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**रामपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना केमरी में 19.04.2024 को अभियुक्तों द्वारा वादिनी के घर में घुसकर गंदी गंदी गालियां देने,जान से मारने की धमकी देने तथा वादिनी के साथ जबरन बलात्कार करने के संबंध में वादिनी की तहरीर पर थाना केमरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-48/2024 धारा 452/504/506/354ख/376 भादवि बनाम राजेश आदि 02 नफर की विवेचना के क्रम में उक्त अभियोग के वाँछित चल रहे अभियुक्त राजेश पुत्र रामौतार निवासी ग्राम मुझियाना थाना केमरी को थाना केमरी पुलिस द्वारा शनिवार 27 अप्रैल को केमरी-मिलक रोड पर ग्राम मेघानगला जदीद को जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त राजेश उपरोक्त दिनांक 01.01.2024 से 06 माह के लिये जिला बदर था।इस सम्बन्ध में थाना केमरी पर मु0अ0सं0-80/24 धारा 10 गुण्डा अधि0 पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

## मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें: डीएम

- वीडियो ग्राफरों के साथ कैमरे आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश



**हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों व माईक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी वितरण के सम्बन्ध में बैठक आहूत हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि कार्मिकों का ड्यूटी आदेश तत्काल प्राप्त कर सम्बन्धित कार्मिक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और मतदान केन्द्रो की सभी आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करायें। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों पर लगी पानी की टंकी की सफाई मतदान से पहले करायें तथा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर पेयजल, विद्युत, रैम्प, शौचालय और मतदान वाले कमरों की सफाई आदि व्यवस्थाओं को स्वयं देखे और अगर किसी मतदान केन्द्र पर कोई कमी मिले उसे तत्काल ठीक करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों की वीडियो ग्राफरी कराई जायेगी इसलिए वीडयो ग्राफरों के साथ कैमरे आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें और ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो निर्वाचन कार्य में लगाये है और वीडियो ग्राफरों का 12 या 12 ए फॉर्म प्राप्त कर सही-सही भरवाकर जमा करायें। क्रिटिकल बूथों व 3 या 3 से अधिक बूथ वाले मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया जाये। उन्होने कहा जनपद में मतदान शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष कराने में अपनी तरफ से किसी प्रकार की लापरवाही न करें अन्यथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित गिरफ्तार

**रामपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना केमरी पर 25 अप्रैल को अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने के संबंध में वादी की तहरीर पर थाना केमरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-79/2024 धारा 354/342 भादवि व 9च/10 पोक्सो एक्ट बनाम असलम हुसैन की विवेचना के क्रम में शनिवार 27 अप्रैल को थाना केमरी पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त के वांछित अभियुक्त असलम हुसैन (प्रबंधक आजाद हिन्द पब्लिक स्कूल भवरका) को मुखबिर की सूचना पर रास डंडिया तिराहा से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### गांजा संग युवक गिरफ्तार

**शाहाबाद/ हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कस्बे के मोहल्ला खिन्नी टोला चौराहे से पुलिस टीम द्वारा एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफतार कर जेल भेजा गया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक अमित सिंह, जामा मस्जिद चौकी प्रभारी अंगद सिंह ने आरक्षी राहुल कुमार और संजय चौबे के साथ घिराव कर विशाल पुत्र कालिका प्रसाद निवासी ब्लॉक 10 काशीराम कालोनी को एक किलो दो सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार युवक पर कोतवाली में अवैध शराब,स्वापक औषधि अधिनियम और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पुलिस टीम द्वारा युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफतार किया गया है। स्वापक औषधि अधिनियम के तहत उसे मेडिकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### महासम्मेलन को ले बैठक आयोजित

**हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अनुसूचित जाति मोर्चा के 31 एवं 32 लोकसभा दोनो क्षेत्रों के अनुसूचित वर्ग के महासम्मेलन की तैयारी हेतु भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बैठक की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलामंत्री एवं अनुसूचित मोर्चा जिला प्रभारी अविनाश पांडेय, विशि.अतिथि पी के वर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा,महिपाल गौतम जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कुमार ₹श्रवण कुमार वर्मा जिला महामंत्री सर्वेश कुमार राजवंशी ,कार्यवाहक जिला मीडिया प्रभारी व मनीष रावत जिला महामंत्री शिवम चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष जीतू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामदास कठेरिया,किरन गिहार जिला मंत्री सहित मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता सहित मोर्चे के सारे पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी उषा के समर्थन में किया क्षेत्र का दौरा

**हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाध्यक्ष सपा शराफत अली के नेतृत्व में सुनीता देवी जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस ,बेबी खान शहर अध्यक्ष महिला,जिला उपाध्यक्ष सपा राहुल गुप्ता ने अपनी टीम के साथ संपर्क किया और समर्थन में वोट मांगे। इंडिया गठबंधन 31लोकसभा की प्रत्याशी पूर्व सांसद मंत्री उषा वर्मा जी के समर्थन में पिहानी कस्बा व देहात में जनसंपर्क किया। शराफत अली जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी भुटटो मियां एडवोकेट पूर्व जिला महासचिव मीडिया प्रभारी कोऑर्डिनेटर 31 लोकसभा राहुल गुप्ता, धर्मवीर यादव, हफीज मंसूरी, अकील खान ब्लॉक अध्यक्ष पिहानी, फहीम खां नगर अध्यक्ष आदि लोगों के साथ बैठक की।

## वैन चालक ने बालिका से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

### बच्ची ने टीचन से बाला अंकल मुझे करते हैं बैड टच

**शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कक्षा एक की छात्रा के साथ स्कूल वैन के ड्राइवर पर अश्लील हरकते करने का आरोप लगा है। जब पीड़ित बच्ची ने स्कूल की टीचर को अपने साथ हुई गंदी हरकत की जानकारी दी तो स्कूल स्टाफ की तरफ से मामले को दबा दिया गया।

स्कूल से घर जाने के बाद बच्ची ने मां और पिता को अपने साथ हुई हरकत की दास्तान सुनाई। पिता ने जब इसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन से की तो स्कूल प्रबंधक की तरफ से उसको धमकाया गया। पीड़ित बच्ची का पिता एक मंत्री के भाई का ड्राइवर बताया जा रहा है ।स्कूल स्टाफ और अभिभावक में स्कूल के अंदर कई घंटे तक पंचायत चली लेकिन पिता कार्रवाई की मांग पर अड़ा रहा। इधर जब इस प्रकरण की जानकारी पुलिस के आलाधिकारियों को मिली तो उन्होंने आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि क्षेत्र में ही स्थित एक स्कूल में मेरी बेटी कक्षा एक में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल वैन चालक मेरी बेटी को लेने आया। बेटी को वैन में बैठाकर उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। स्कूल वैन चालक ने बच्ची के साथ बैड टच किया। उसको जबरन आगे वाली सीट पर बैठा लिया। स्कूल जाने के बाद बच्ची ने घटना की पूरी जानकारी अपनी क्लास टीचर को दी। बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि घटना की जानकारी होते ही स्कूल का प्रबंधन बच्ची के पास आया और उल्टा डरा धमकाकर बेटी को एक बजे तक स्कूल में बैठाए रखा और बेटी को घर पर कोई भी बात नही बताने की हिदायत दी। उसके बाद बेटी जब घर आई तब उसने घटना की पूरी जानकारी मां बाप को दी।

सूत्र बता रहे हैं कि बच्ची का पिता एक मंत्री के भाई का ड्राइवर है। उसने जब कार्रवाई के लिए मदद मांगी तो मदद मिलने के बजाए उल्टा उसके उपर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया जाने लगा। साथ ही स्कूल के मालिक को कार्रवाई की जद में आने से बचाने की कोशिश शुरू कर दी गई। पीड़िता का पिता भी इस बात से हैरान और परेशान हो गया।

जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह हुई थी। दोपहर एक बजे तक स्कूल का स्टाफ मामले को दबाए रहा। जब पीड़िता ने घटना की जानकारी परिवार को दी तो पिता ने थाने में स्कूल स्टाफ और स्कूल वैन के ड्राइवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उसके बाद थाने की पुलिस ने पूरे मामले को रात करीब 11 बजे तक दबाए रखा। इस बीच सिर्फ पंचायतों का दौर चलता रहा। लेकिन कार्रवाई कोई नही की गई। फिलहाल घटना आलाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद अब कार्रवाई की बात की जा रही है

## मजदूरी करने से मना करने पर की पिटाई

**शाहाबाद/हरदोई, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां में मजदूरी करने से मना करने पर दबंग ने एक युवक को लाठी से पीट दिया। युवक के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी गोलू पुत्र लल्लू ने बताया वह अपने दरवाजे पर खड़ा था।तभी गांव के शिव सागर पुत्र कप्तान आए और उससे मजदूरी करने को कहा उसके पास समय नहीं था उसने समय न होने का हवाला देकर मजदूरी करने से मना कर दिया।

## ईओ की मिलीभगत से तालाबों पर हो रहा कब्जा

**खुटार/शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर के मोहल्ला कोट और खुटार बंडा बाईपास से तिकुनियां जाने वाले मार्ग पर स्थित पंथवारी मंदिर के कुछ दूर पर खेतों को खरीद कर प्लाटिंग का काम शुरू किया गया है। इन दोनों जगहों के पास में ही कई वर्षों पुराने तालाब है। कुछ दिनों से नगर के मोहल्ला कोट स्थित कुंडा तालाब की जमीन को मिट्टी डालकर समतल करके अबैध निर्माण का काम शुरू कराया गया और अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया। इसी तरह मां पंथवारी मंदिर के पास स्थित नरिया तालाब पर कई दिनों से डंपर और ट्राली से मिट्टी डलवाई जा रही है। जो काफी हद तक मिट्टी से तालाब पाट दिया गया है। प्रॉपर्टी डीलर के अवैध कब्जा करने के बाद तालाबों पर प्लाटिंग करने का काम कर रहे है। जिससे अच्छी रकम वसूल हो जाती है। इन मामलों में मोहल्ले के लोगों को जानकारी होने पर सूचना स्थानीय नगर पंचायत के अधिकारियों को दी गई। इसके बावजूद तालाबों पर अवैध कब्जा करने का काम बंद नही कराया गया। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से प्रापर्टी डीलरों पर कोई कार्रवाई नही हो रही है। जिससे अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने का काम बेधड़क कर रहे है और नगर पंचायत प्रशासन आंख मूंदे है।

## ऑटो-ट्रैक्टर में टक्कर, दो की मौत व कई घायल

**कलान/शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ट्रैक्टर-ट्राली व ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा की गांव गनेशपुर थाना परौर जनपद शाहजहांपुर राकेश अपनी लड़की की शादी बदायूं के बैंकट हॉल में करने गए थे।

बताया जा रहा की गांव गनेशपुर थाना परौर जनपद शाहजहांपुर उदयवीर (56) पुत्र शिवदयाल सिंह, सरनाम (60) पुत्र रूम सिंह,स्वाति (11) पुत्री राकेश, शिवओम (06) पुत्र सुनील, मोहिनी (05) पुत्री कर्मवीर, राजपाल (60) पुत्र प्यारे टेंपो मे सवार थे। सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने बदायूं गए थे। शनिवार करीब 8:30 बजे सभी लोग शादी समारोह से शामिल होकर टेंपो पर सवार होकर बदायूं से गनेशपुर लौट रहे थे। बदायूं फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे बाराकला जहांगीराबाद ढाबा पुलिया के पास ट्रैक्टर व ऑटो में आमने सामने से भिड़ंत हो गई। मौके से ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया। हादसे में उदयवीर, सरनाम ने रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि अन्य लोग घायल है।

सूचना पर पहुंची बाराकला पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए बदायूं भेजा। जिसमें दो लोगों ने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की खबर सुनते ही दो परिवारों में कोहराम मच गया।

### प्रेक्षकगणों ने कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन कार्य में लगाई गई एफएसटी, एसएसटी टीमों की लोकेशन देखी तथा दूरभाष से भी वार्ता कर लोकेशन ली। सीविजिल, 1950 तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली।

## सामान्य प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक




**शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन से संबंधित कार्यो की समीक्षा एवं विचार विमर्श के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक तथा लोकसभा निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोडल आफिसर्स तथा सहायक नोडल आफिसर्स के साथ बैठक आयोजन की गई। जिला निर्वाच अधिकारी ने निर्वाचन के दृष्टिगत की गई तैयारियो की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। सभी अधिकारी कर्मचारी पूरे मनोरोग तथा मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कम प्रतिशत वाले क्षेत्र का भ्रमण अवश्य कर लिया जाए। चुनाव आचार संहिता का अच्छे से अनुपालन हो। मतदाताओं को प्रलोभन धमकाने डरने वाले कार्य न होने दिया जाए। जनपद की सीमाओं टीम में 24 घंटे सक्रिय रहे। आयोग की सूचनए समय से भेजी जाए। एनफोर्समेंट की कार्रवाई समय से की जाए। सभी टीम एक्टिव रहे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र व बूथो पर आयोग द्वारा निर्धारित फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया जाए।

पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखे जाएं। मतदान के लिए बनाए गए नए बूथों को चेक किया जाए। जिला बदर किए गए खुराफातियों का सत्यापन कराया जाए। ध्वनि प्रतिबंध का पालन कराया जाए। फेक न्यूज का खंडन कराया जाए। चुनाव को अच्छे ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से डिस्टिक सिक्योरिटी प्लान के संबंध में भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मतदान के दिन जनपद में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। उन्होंने पुलिस कार्मिकों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं तथा वुलनरेबल व क्रिटिकल बूथ पर पुलिस के कम से कम समय में पहुंचने के संबंध में भी जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव को सभी अधिकारी अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए संपन्न कराए। निर्वाचन को पारदर्शी ढंग से संपन्न करना सब की जिम्मेदारी है। समस्त अधिकारी अपने दायित्व का अच्छा ढंग से निर्वहन करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, एडीएम न्यायिक राशिद अली एवं नगर मजिस्ट्रेट पर्वेंद्र कुमार, डॉ0 आरके गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No. | 03-CATERING-24 |
| Description of Work | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| Catalogue Published on | 25.04.2024 |
| Auction Start (All Lots) | 13.05.2024 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 13.05.2024 at 15:20 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी सूची संख्या - 03-CATERING-24 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित केटरिंग स्टाल का विवरणः–

| Sn | Station | Lot No | Stall ID No. | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PARSIPUR | Catg-LKO-PRF-GMU-38-24-1 | PRF/PF-1/95/ ADDL/ | 13.05.2024 12:30 | GMU | Nil |
| 2 | NIGOHAN | Catg-LKO-NHN-GMU-35-24-1 | NHN/PF-1/92/ West End of PF | 13.05.2024 12:40 | GMU | WOMEN |
| 3 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-47-24-1 | URPR/PF-1/ 100/ADDL/ | 13.05.2024 12:50 | GMU | WOMEN |
| 4 | KHAJURHAT | Catg-LKO-KJA-GMU-31-24-1 | KJA/PF-1/86/ ADDL/ | 13.05.2024 13:00 | GMU | Nil |
| 5 | NIGOHAN | Catg-LKO-NHN-GMU-34-24-1 | NHN/PF-1/91// East End of PF | 13.05.2024 13:10 | GMU | FF/WW/ WRE |
| 6 | RAM CHAURA ROAD | Catg-LKO-RMC-GMU-39-24-1 | RMC/PF-1/96/ ADDL/ | 13.05.2024 13:20 | GMU | Nil |
| 7 | HARCHANDPUR | Catg-LKO-HCP-SMU-27-24-1 | HCP/PF-1/80/ ADDL/ | 13.05.2024 13:30 | SMU | MINORITY |
| 8 | KAPSETHI | Catg-LKO-KEH-SMU-29-24-1 | KEH/PF-1/85/ ADDL/ | 13.05.2024 13:40 | SMU | SC WOMEN |
| 9 | SAFDARGANJ | Catg-LKO-SGJ-SMU-3-24-2 | SGJ/PF-1/98/East End of PF No. 1 | 13.05.2024 13:50 | SMU | SC |
| 10 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-49-24-1 | PYGS/PF-4-5/ 109/New | 13.05.2024 14:00 | SMU | OBC |
| 11 | PARIAWAN KALAKANKAR ROAD | Catg-LKO-PQN-SMU-37-24-1 | PQN/PF-1/94// West End of PF | 13.05.2024 14:10 | SMU | MINORITY |
| 12 | KURBHAR | Catg-LKO-KBE-SMU-28-24-1 | KBE/PF-1/84/ ADDL/ | 13.05.2024 14:20 | SMU | OBC-FF/WW/ WRE |
| 13 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-01/104/ New | 13.05.2024 14:30 | SMU | SC |
| 14 | KHALISPUR | Catg-LKO-KSF-SMU-32-24-1 | KSF/PF-1/87/ ADDL/ | 13.05.2024 14:40 | SMU | MINORITY-WOMEN |
| 15 | PARIAWAN KALAKANKAR ROAD | Catg-LKO-PQN-SMU-36-24-1 | PQN/PF-1/93// East End of P | 13.05.2024 14:50 | SMU | MINORITIES-FF/WW/ WRE |
| 16 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-43-24-1 | PYGS/PF-2-3/ 106/New | 13.05.2024 15:10 | SMU | MINORITY |
| 17 | PRAG RAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-45-24-1 | PYGS/PF-4-5/ 110/New | 13.05.2024 15:20 | SMU | ST |

No. C/285-E-Auction/SMU/D, E&F/2022/AJ Date:- 26.04.2024 1257/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
रविवार, 28 अप्रैल 2024
विक्रम संवत्- 2081, वैशाख कृष्ण पक्ष-चतुर्थी

# वोट के लिए कुछ भी!

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में कम मतदान के बाद दूसरे चरण में और भी कम मतदान दर्ज किया गया है। जबकि भाजपा सरकार के गढ़ उप्र में दूसरे चरण में मतदान औसत में 9 प्रतिशत की कमी है। यह 2014 और 2019 में उप्र में हुए मतदान से भी कम है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपाजन धुव्रीकरण के लिये एग्रेसिव भाषणों में उतर आए हैं जिसमें हिन्दू -मुस्लिम का खास पुट नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इन भाषणों की उलट प्रतिक्रिया में करीब 2000 शिकायतें चुनाव आयोग को भेजी गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों पर आयोग क्या निर्णय लेता है, उससे उसके निष्पक्षता और विश्वसनीयता जुड़ा है। 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 6 शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन चुनाव आयोग जैसी संस्था सम्भवत इतनी सक्षम नहीं है। बहरहाल इन शिकायतों के निपटारे से अहम देश के प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व है। वह समूचे राष्ट्र के हैं, तो सभी धर्मों, संप्रदायों, नस्लों, मतों, लिंगों और भाषाओं के भी हैं। बेशक उनका निजी धर्म और आस्था हिंदुत्व से जुड़ा है, लेकिन जब वह देश को संबोधित कर रहे हों या आह्वान कर रहे हों, तो उनका पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष होना जरुरी है। प्रधानमंत्री किसी एक धर्म के प्रचारक या समर्थक नहीं हो सकते। जबकि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री मोदी की जुबान, भाषा, आह्वान और तेवर सब बदल गए हैं और वे निरंतर राम मंदिर, काशी, ब्रज, रामनवमी, हनुमान चालीसा, मंगलसूत्र और हिंदू बनाम मुसलमान के मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही है और 2024 का जनादेश वह 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांग रहे हैं। पर पीएम में अब अचानक यह बदलाव अकस्मात है। पीएम अब राम नाम, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और हनुमान चालीसा की चिंता करने लगे हैं और देश की करीब 15 फीसदी मुस्लिम आबादी को घुसपैठिया करार देने लगे हैं। अब प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था, विकास दर, विश्व की आर्थिक महाशक्ति, विश्व का सबसे विशाल मैन्यूफैक्चरिंग हब, सेमीकंडक्टर चिप्स का निमार्ता, विमान और हेलीकॉप्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता, जी-20, जी-7, सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता आदि महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों को या तो भूल गए हैं अथवा नेपथ्य में डाल दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस, नल में जल, शौचालय, जन-धन खाते, बिजली, चमकदार राजमार्गों, विश्वकर्मा योजना, कौशल विकास, 220 करोड़ मुफ्त कोरोना टीकों आदि का जिक्र भी वे बहुत कम करते हैं। हो सकता हो इसके पीछे संघ - भाजपा का दबाव हो, जिनका सदैव मानना है कि चुनाव में वोट विकास के मुद्दे पर कम मिलते हैं और आक्रामक धार्मिकता व धार्मिक ध्रुवीकरण से अधिक। हालांकि पार्टी और मोदी के इस प्रयोग के बाद भी दूसरे चरण में मतदान औसत गिरा है। दो चरण के मतदान के संकेतों में हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है, लेकिन विपक्ष उसे कड़ी टक्कर दे रहा है, जिसकी भाजपा नेतृत्व को आशा नहीं थी।

## कविता

### निकल पड़ी है धार!



कृष्णेन्द्र राय

मिलन मिलन खेल रहे । अंदर कितना प्यार ?
एकता की लगती । निकल पड़ी है धार ।।

बधवाने को सेहरा । हुए हैं आतुर सारे ।।
सब कुछ ठीक ठाक है । बीच में हमारे ।।

है भविष्य के गर्भ अभी । होगी कैसी नीति ?
लेकिन अभी कैमरे में । दीख रही है प्रीति ।।

लंबी है लड़ाई। और दिल से प्रयास।।
पता नहीं चल पा रहा। कौन आखिर खास?

## इतिहास के पन्ने से

### दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए संसद में विधेयक

**नयी दिल्ली, 28 अप्रैल (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा कि देश में दहेज प्रथा के कारण महिलाओं की हो रही मौतों और उन पर हो रहे अत्याचार को समाप्त करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा।

आज राज्य सभा में आपने कहा कि यदि महिलाएं इसके विरोध में साहस करके सरकार और अधिकारियों की मदद करें तो इसके दुष्परिणामों से निपटा जा सकता है। गृह राज्यमंत्री श्री वेंकट सुव्वैया ने कहा कि इस व्यापक दुष्प्रथा को समाप्त करने के लिए एक विधेयक संसद में पेश किया जायेगा।

## सूडोकु नवताल- 7049

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7048 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# विरासत कर कानून विवाद में बैकफुट पर कांग्रेस



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं जो चुनाव आते ही पार्टी के लिए सेल्फ गोल करना शुरू कर देते हैं। ये नेता हमेशा पार्टी को अपने बयानों से मुश्किल में फंसाने का काम करते हैं।**

ऐसे ही कई बार अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा यानी सैम पित्रोदा भी करते आए हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं। वह 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में ही वह 'राष्ट्रीय ज्ञान आयोग' के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे। सैम पित्रोदा की 'विरासत कर कानून' वाली टिप्पणी एक बड़े विवाद में बदल चुकी है। इस टिप्पणी ने लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया है।

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले एक टीवी इंटरव्यू में पित्रोदा ने मध्यम वर्ग पर एक ऐसा बयान दिया था, जिससे पार्टी सकते में आ गई थी। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास को ज्यादा टैक्स देना चाहिए ताकि गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी पूर हो सके और उन्हें 'स्वार्थी' नहीं होना चाहिए। इस बयान के बाद कांग्रेस पार्टी पार्टी को सफाई देनी पड़ी कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वो मिडिल क्लास लोगों पर कोई अतिरिक्त करों का बोझ नहीं डालेगी।

2019 लोकसभा चुनावों के दौरान ही सिख दंगों पर एक बयान देकर भी पित्रोदा फंस गए थे। दरअसल, भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए राजीव गांधी को मास्टरमाइंड कहा था।

इसपर पूर्व प्रधानमंत्री के करीबी सहयोगी पित्रोदा ने कहा, "अब क्या है 84 का? भाजपा ने 5 साल में क्या किया, उसकी बात करे। 84 हुआ तो हुआ, आपने क्या किया?" पित्रोदा ने पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक का भी विरोध किया था। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस को तीखी आलोचना झेलनी पड़ी थी।

सैम ने अमेरिका के 6 राज्यों में लागू 'इंहेरिटेंस टैक्स' यानी विरासत कर का उल्लेख किया है कि अमेरिकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमेरिका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है।

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।

निजी संपत्तियों को छीन कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, 'विरासत-कर' पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई हैं। भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-'एस्टेट ड्यूटी एक्ट।' उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान 'इंहेरिटेंस टैक्स' का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं।

किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो 'विरासत-कर' लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का 'पैतृक संपत्ति' में हिस्सा आंशिक रह जाएगा। क्या आप ऐसा होने देंगे? हालांकि लोगों की संपत्ति के सर्वे वाले बयान पर राहुल गांधी ने अब यह कहा है कि वह जानना चाहते हैं कि देश में कितना अन्याय है। उन्होंने सफाई दी है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि वह 'वेल्थ सर्वे' कराएंगे।

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस पार्टी ने किनारा कर लिया है। वहीं सैम पित्रोदा ने अपने बयान पर भी सफाई दी है। अपने बयान पर सैम पित्रोदा ने सफाई पेश करते हुए कहा कि मैंने टीवी पर अपनी बातचीत में सिर्फ एक उदाहरण के तौर पर अमेरिका के वारिस टैक्स का जिक्र किया था। क्या मैं सच बता भी नहीं सकता? मैंने ये कहा था कि इस तरह के मुद्दों पर लोगों को चर्चा और बहस करनी चाहिए। इसका किसी भी पार्टी, कांग्रेस समेत, की नीति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, '55 फीसदी टैक्स लगाने की किसने बात की? भारत में ऐसा करने की बात किसने की? बीजेपी और मीडिया घबरा क्यों रहे हैं?' सैम पित्रोदा पार्टी का चुनाव घोषणा-पत्र लिखने वालों में एक रहे हैं।

आजकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सलाहकार और रणनीतिकार हैं। यदि ऐसा शख्स, भारत के संदर्भ में, कोई बयान या परामर्श देता है, तो वह उसका 'निजी' कैसे हो सकता है? कांग्रेस अपना पल्ला कैसे झाड़ सकती है?

भाजपा की तरफ से अमित शाह ने लोगों से श्री पित्रोदा की टिप्पणी को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी छिपी हुई योजनाएं सामने आ गई हैं। लोगों को ध्यान रखना चाहिए और कांग्रेस को अपने घोषणापत्र से सर्वेक्षण का उल्लेख वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता अल्पसंख्यकों की नहीं है। हमारी प्राथमिकता गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग हैं।

असम के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा ने पोस्ट के साथ साक्षात्कार का एक वीडियो साझा किया कि परिवार सलाहकार बीज फैला रहे हैं-उनका इरादा आपकी मेहनत की कमाई की 'संगठित लूट और वैध लूट' है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी सैम पित्रोदा पर हमला बोलते हुए कहा कि, देश की विरासत पर कांग्रेस की कुदृष्टि है। बीजेपी नेता ने शक जताया कि सैम पित्रोदा का बयान कहीं भविष्य में हार्ड करेंसी के बेस को ध्वस्त करने का बड़े राजनीतिक षडयंत्र का हिस्सा तो नहीं हैं।

कानूनन यह संभव नहीं है। उद्योगपतियों पर 'वेल्थ टैक्स' 2015 के बजट में ही हटा लिया गया था। उसके स्थान पर 'सुपर रिच' नामक अधिभार उन लोगों पर लगाया गया, जिनकी सालाना आमदनी एक करोड़ रुपए से ज्यादा है।

दरअसल भारत अमेरिका नहीं हो सकता। यदि एक नागरिक जीवन-भर करों का भुगतान करता है और फिर जीवन के अंत तक कुछ अर्जित कर पाता है, तो वह उसके अपने परिवार के लिए होना चाहिए। समाज और देश को तो उसने जीवन-भर दिया ही है। राजनीतिक दलों और नेताओं को इस तरह के बयानों से परहेज करना चाहिए।

ऐसे बयानों से समाज में असंतोष फैलने के साथ व्यवस्था के प्रति नाराजगी भी बढ़ती है। जो किसी भी राष्ट्र के विकास और शांति के लिए भविष्य में बड़ी बाधा बनती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# चुनावों में थम नहीं रहा धनबल का बेजा इस्तेमाल



बाल मुकुन्द ओझा

यह हर भारतीय बहुत अच्छी तरह जानता और समझता है की चुनावों में राजनैतिक पार्टियां और उम्मीदवार प्रचार प्रसार पर बेहताशा धन खर्च करते है। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनावों में इस बार प्रत्याशी चुनाव प्रचार व प्रबंधन पर अधिकतम 95 लाख रुपये का खर्चा कर सकेंगे। मगर यह माने को कोई तैयार नहीं है कि उम्मीदवार खर्च की इस सीमा में ही चुनाव लड़ते है। यह सब जानते है कि उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टियां वोटरों को लुभाने के लिए साधन सुविधा सुलभ करते है जिसमें काळा धन का जमकर उपयोग होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बहुत बड़े पैमाने पर धनराशि व्यय की जाती है। लोगों को लगता है कि चुनाव जीतने के बाद खूब पैसा बनाया जा सकता है। एक बार किसी दल की तरफ से टिकट मिल जाएए फिर तो नेता चुनाव जीतने के लिए धन और बल लगा देते हैं। चुनावों में धन का बहुत ज्यादा प्रभाव बढ़ रहा है। उम्मीदवार जीतने के लिए खूब धन खर्च करते हैं। चुनाव के दौरान कच्ची बस्तियों में पैसा या सामान बांटा जाता है। पानी की तरह पैसा बहाकर बहुत से उम्मीदवार जीत हासिल कर लेते हैं।

धन बल के इस्तेमाल को रोक पाना चुनाव आयोग के सामने सब से बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में, 2024 के आम चुनावों के दौरान, निर्वाचन आयोग देश में अब तक की सबसे अधिक प्रलोभन संबंधी सामग्री जब्त करने की ओर अग्रसर है। 18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले धनबल के खिलाफ निर्वाचन आयोग के संघर्ष की दृढ़ता के साथ प्रवर्तन एजेंसियों ने 4650 करोड़ से अधिक रुपये की रिकॉर्ड जब्ती की। यह 2019 में पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान जब्त किए गए 3475 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि है।

गौरतलब है कि 45 प्रतिशत जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की हैए जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है। यह जब्ती व्यापक योजना बनानेए सहयोग बढ़ाने और एजेंसियों की सम्मिलित निवारण कार्रवाईए सक्रिय नागरिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग से संभव हुई है। भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति होती है। मगर लोकतान्त्रिक संस्थाओं के चुनावों ने हमारे इस गर्व को चूर चूर करके रख दिया है। इसका एक बड़ा कारण इन चुनाव में काले धन के बेहताशा खर्च पर है। भारत चुनाव आयोग की लाख चेष्टाओं के बाद भी चुनावों में बेहिसाबी धन के खर्चे पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। यह धन सफेद और काला दोनों है। चुनाव सुधार की बातें हम एक अरसे से सुनते आये है मगर यह सुधार कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया है। चुनाव में काला धन खर्च कर जीतने वाला प्रत्याशी अपने धन की उगाही में सदा सर्वदा जुटा रहता है। उसे अपने अगले चुनाव की चिंता सताए रहती है। भारत में गैरकानूनी तरीके से कमाए गए काले धन को कई तरह से ठिकाने लगाया जाता है जिसमें जमीन जायदाद का कारोबार और चुनाव प्रचार जैसे तरीके भी शामिल हैं। चुनाव में पैसा और दारू के अनुचित प्रयोग के साथ गरीब मतदाताओं के वोट खरीदना आम बात हो गयी है। शुरू के कुछ आम चुनावों तक दिग्गज उम्मीदवार भी बैलगाड़ियोंए साइकलोंए ट्रैक्टरों पर प्रचार करते थे। उम्मीदवार की आर्थिक मदद खुद कार्यकर्ता किया करते थे। लेकिन आज के नेता हेलिकॉप्टरों या निजी विमानों से सीधे रैलियों में उतरते हैं और करोड़ों रुपए खर्च करके लाखों लोगों की भीड़ जुटाते हैं। उस समय पैदल यात्रा का भी अपना आकर्षण था। समाजवादी और साम्यवादी नेता साईकिल और बैलगाड़ियों पर संपर्क करते थे। समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया को अपने उम्मीदवारों का प्रचार बैलगाड़ी पर करते देखा जा सकता था। सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के पास अवश्य कार देखी जा सकती थी। नेता अपनी गांठ से खाना खाते थे अथवा किसी कार्यकर्ता के यहाँ विश्राम कर वहीं भोजन करते थे। आज किसी बड़े होटल में रुकते है और निजी विमान से प्रचार करते है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# क्यों श्रेष्ठ कॉलेज खोलें गांवों में स्कूल



आर.के. सिन्हा

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने (शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा। बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा।

सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है।

दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा।

निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्लाय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों। यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलायो सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी०ए०वी० (पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वेदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है। अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा (यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा।

बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए।

अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा।

अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं।

चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## गजल



राजमूर्ति सिंह 'सौरभ'

किसी का भला
सोचता ही नहीं,
वो इंसान अबतक
हुआ ही नहीं।

जो देखो तो
कायम है दूरी
अभी,
जो सोचो तो
कुछ फासला ही
नहीं।

वो पाने में केवल है रखता यकीं,
मुहब्बत का ये फलसफा ही नहीं।

तेरी आदतों को सुधारेगा कौन,
तू खुद को कभी टोकता ही नहीं।

बताऊँ तुझे अपने बारे में क्या,
मैं खुद से अभी आशना ही नहीं।

उसे खाक हासिल हो मंजिल कि जो,
गिरा खाके ठोकर, उठा ही नहीं।

सदाकत, सदाकत वो करता रहा,
सदाकत की राह पर चला ही नहीं।

हमारी तो दुनिया फना हो गयी,
तुम्हारे लिए कुछ हुआ ही नहीं।

जो था उसको पाने की कोशिश न की,
हम उलझे उसी में जो था ही नहीं।

## आज का दिन

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

**मेष** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**सिंह** : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुला** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**धनु** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकर** : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभ** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर होंगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन** : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

# चुनाव सम्पन्न कराने को तैयारी पूर्ण करें अधिकारी

**बिजनौर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को संचालित करना सुनिश्चित कर दें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना स्थल का पूर्व में गहनता के साथ निरीक्षण कर लें यदि वहां कोई कमी नजर आए तो तत्काल उसे दूर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग-2024 द्वारा उपलब्ध कराई गई गाइडलाइन का गहनता के साथ अध्यन कर लें और उसके ही अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।



जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने मतगणना स्थल के बाहर जन सामान्य के लिए टीन शेड, शीतल पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें गर्मी के दृष्टिगत किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर स्वास्थ्य टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए ऐमबुलेन्स की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने मतगणना स्थल पर पर्याप्त मात्रा में स्कैनर रखने तथा पूर्ण गंभीरता एवं सतर्कता के साथ स्कैनिंग का कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा मतगणना की कार्यवाही इस तरह से सम्पादित करेंगे कि न केवल इसमें मतगणना सम्बन्धी कार्यवाही की पारदर्शिता झलके, बल्कि इसकी स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी मतगणना का कार्य पूरे अनुशासन के साथ करेंगे और कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे किसी अन्य व्यक्ति को उनकी गतिविधियों के बारे में शंका पैदा हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने पूरी मेहनत व ईमानदारी से मतदान को सुचारू, निर्बाध, और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने का कार्य किया है उसी प्रकार से मतगणना प्रक्रिया को भी दक्षतापूर्वक संपादित कराएं।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन में एग्जिट पोल पर प्रतिबन्ध

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त धारा की उप-धारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत, 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 07:00 बजे तथा 1 जून 2024 (शनिवार) को अपराह्न 06:30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान वर्तमान लोकसभा के साधारण निर्वाचन और लोकसभा के साधारण निर्वाचन के साथ-साथ आयोजित कराए जाने वाले आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभाओं के साधारण निर्वाचन, 2024 एवं 12 राज्यों में 25 विधानसभाओं के उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। यदि कोई व्यक्ति, जो इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करेगा दो वर्ष तक कारावास अथवा जुमार्ने से या दोनों से दंडनीय होगा।

# रंगोली के विभिन्न रंगो के माध्यम से दी मतदाता जागरूकता की जानकारी

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद में मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या द्विवेदी और डॉ प्रिया सिंह के निर्देशन में रंगोली निर्माण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन (आईएएस) और कार्यक्रम समन्वयक प्रो रामवीर सिंह चौहान ने उपस्थित होकर बच्चो का उत्साहवर्धन किया। छात्राओं ने विविध रंगों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान की अलख जगाई । आओ मतदान करें, मतदान हमारा प्राथमिक दान जैसे स्लोगन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए मतदाता जागरूकता में दिए जाने वाले बच्चों के योगदान को सराहा। 7 मई को फिरोजाबाद जिले में होने वाले चुनाव में मतदाता प्रतिशत को बढ़ाने हेतु एम जी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं स्वीप की टीम के साथ निरंतर प्रयासरत रही हैं। कार्यक्रम समन्वयक प्रो रामवीर सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले चुनाव लोकतंत्र का महापर्व हैं। तथा शासन का चयन कर देश को मजबूत तथा प्रतिनिधित्व पूर्ण जनाधिकार प्रदान करना देश के नागरिक होने के नाते महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मतदान की शक्ति को जानो , इसकी शक्ति को पहचानो, भारत भाग्य विधाता है, मतदाता इसका निमार्ता है ,आदि स्लोगन के माध्यम से जोशपूर्ण नारे लगाए। इसके बाद मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्राएं कोमल प्रतीक्षा, वर्षा, तमन्ना, आदि छात्राओं ने रंगोली निर्माण में प्रतिभाग किया। डा प्रिया सिंह ने अपने उद्बोधन में मतदान संबंधित कर्तव्य के प्रति जागरूक करते हुए अपने अधिकारों की मांग सुदृढ रूप से रखने के महत्व पर जोर दिया। अतः यह भी देश के प्रति एक महत्वपूर्ण सेवा है जिसमे जिम्मेदारी पूर्ण प्रतिभाग इस शिक्षित वर्ग से अपेक्षित है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की कमिशिनंग का किया निरीक्षण

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बंधित तृतीय चरण में होने वाले मतदान की परखी तैयारियां

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र 24-आंवला तथा 25-बरेली के तृतीय चरण में मतदान होने के क्रम में परसा खेड़ा स्थित राज्य भंडारण निगम परिसर में चल रहे ईवीएम की कमिशिनंग का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का अक्षरशः से अनुपालन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान पूर्व ईवीएम की पूर्णतः जांचकर तैयार करने सम्बंधी कार्यों का निरीक्षण किया तथा वेयरहाउस से मतदान कर्मियों को ईवीएम प्रदान करने तथा जमा कराने



संबंधी कार्यों के बारे में विस्तार से दिशा निर्देश प्रदान किये। उक्त के अतिरिक्त ईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा तथा सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों आदि का भी जायजा लिया गया।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी(वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एआरओ गण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग ने नष्ट की लहन

**फर्रुखाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, डॉ बी के सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फरुर्खाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जनपद के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 220 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। कुल 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 अभियोग पंजीकृत किए गये आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, कैमरा का परीक्षण किया गया। जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने बताया है कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



### प्रेक्षक ने डाक मतपत्र व ईडीसी मतदान कार्यो का किया निरीक्षण

**बदायूँ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** डायट परिसर में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर में निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों द्वारा डाक मतपत्र, इलैक्शन ड्यूटी सर्टीफिकेट के द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया व कार्यों का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव, व्यय प्रेक्षक आर कुमारन, पुलिस प्रेक्षक प्रियंका नरवररे एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने किया। सामान्य प्रेक्षक ने की जा रही मतदान प्रक्रिया पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक दातागंज विजय कुमार मिश्र, जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### दहेज हत्या में वांछित चल रहे 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** थाना लाइनपार पुलिस ने दहेज हत्या के 3 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उनकी काफी दिनो से तलाश थी। प्रभारी निरीक्षक ऋषि कुमार थाना लाइनपार ने पुलिस कर्मियो के साथ खेरे वाली माता मन्दिर के पास सडक के किनारे छारबाग से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुन्ना पुत्र पप्पू निवासी छारबाग खेरे वाली माता मन्दिर के पास थाना लाइनपार, पप्पू पुत्र बच्चू निवासी छारबाग खेरे वाली माता मन्दिर के पास, गुड्डी देवी पत्नी पप्पू निवासी छारबाग खेरे वाली माता मन्दिर के पास थाना लाइनपार को पकड़ा है। थाना प्रभारी ने बताया दहेज हत्या के मामले में उनकी तलाश थी। अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

### गांजा सहित एक युवक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** थाना रामगढ़ पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस ने उसे कोहिनुर तिराहा से पकड़ा है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। पुलिस ने अभियुक्त का नाम मोहम्मद शहनवाज पुत्र मोहम्मद सलीम बताया है। पुलिस ने उसके पास से दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एन डी पी एस का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उसके बारे में अन्य जानकारी कर रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**फिरोजाबाद , 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** थाना उत्तर के मोहल्ला ममता नगर में शनिवार की प्रातः एक युवक ने ग्रह कलह के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है ममता नगर निवासी 40 वर्षीय मुरारी लाल पुत्र चुरामन ग्रह कलह से परेशान था, उसने शनिवार की प्रातः मौका लगते ही फांसी लगा ली जिसकी जानकारी परिजनों को काफी देर बाद तब हुई जब मुरारी लाल कहीं दिखाई नहीं दिये ,देखा तो वह कमरे में फांसी पर झूल रहा था। फांसी पर झूलते देख परिजनों की चीख निकल गई पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गये, इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की सहायता से शव को फांसी से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

# दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई पुलिस ने उनके शवों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है थाना रसूलपुर क्षेत्र के गांव मोडा निवासी 18 वर्षीय राजकुमार पुत्र मानसिंह मक्खनपुर में नौकरी करता था, शनिवार की प्रातः वह बाइक पर सवार होकर मक्खनपुर जा रहा था, तभी रास्ते में थाना मटसेना क्षेत्र के हाईवे स्थित टाटा एजेंसी के समय किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके फल स्वरुप उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन भी पहुंच गये। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई वहीं परिजनों में कोहराम मच गया दूसरी घटना थाना जसराना के खड़ीत के समीप हुई जिसमें बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार 40 वर्षीय सनोज कुमार की मौत हो गई वह साइकिल से कहीं जा रहा था।

वह खडीत नहर के समीप पहुंच ही था तभी एक बुलेट मोटरसाइकिल ने अनियंत्रित होकर साइकिल में टक्कर मार दी। जिसके फल स्वरुप उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, सूचना मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गये,जिनमें कोहराम मचा हुआ था।

# प्रेक्षक ने दिया पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण

**बदायूँ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में सामान्य प्रेक्षक के-के सुदामा राव ने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, निर्विघ्न रूप से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि दिए गए दायित्वों का भली प्रकार अध्ययन कर आयोग की मंशा अनुरूप उसका निर्वहन भी करें। व्यय प्रेषक आर कुमारन, पुलिस प्रेक्षक प्रियंका नरवररे भी मौजूद रहे।

सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि पीठासीन अधिकारी को यह जानकारी आवश्यक है कि बूथ के अंदर आयोग द्वारा किसको प्रवेश के लिए अनुमन्य किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल वही व्यक्ति ही बूथ के अंदर प्रवेश करें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान समाप्ति समय पर जो भी मतदाता लाइन में लगे हैं उन सभी का वोट अवश्य पड़े यह भी सुनिश्चित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जनपद में आगामी 07 मई को मतदान है। पोलिंग पार्टियों 06 मई को मंडी समिति से रवाना होगी तथा मतदान समाप्ति के बाद वापस वहीं पर ही आएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव से संबंधित विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### बदायूं लोकसभा में 2007814 मतदाता

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं जिनमें से बदायूं, बिसौली, सहसवान, बिल्सी तथा जनपद संभल की गुन्नौर विधानसभा गुन्नौर आती है। उन्होंने बताया कि 23 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 1367 मतदान केंद्र व 2117 मतदेय स्थल है। उन्होंने बताया कि 23 बदायूं संसदीय क्षेत्र में 1074637 पुरुष मतदाता, 933066 महिला मतदाता तथा 111 अन्य मतदाता इस प्रकार कुल 2007814 मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक स्वस्थ व पवित्र परंपरा है और आप उसमें भागीदार बन रहे हैं इसलिए आप एक भाग्यशाली हैं।

### स्वीप मैराथन दौड़ से किया मतदाताओं को जागरूक

**बदायूं।** शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वीप मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर जेल तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा, इंदिरा चौक, गांधी ग्राउंड चौराहा, छह सडका, लावेला चौक, वन विभाग रोड से होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज में जाकर इसका समापन हुआ जहां नगर मजिस्ट्रेट ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापकगण आदि व आमजन मौजूद रहे।

# दरगाह पर हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

## उलेमा ने ट्रेनिंग कैम्प में हज के अरकान बताए

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** दरगाह आला हजरत पर आजमीन-ए-हज को ट्रेनिंग देने व टीकाकरण करने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में आजमीन हज का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला चिकित्सालय की टीम ने डीआईओ डॉक्टर प्रशांत रंजन नेतृत्व में व डॉक्टर मोहम्मद फिरोज की निगरानी में स्वास्थ्य विभाग के शाहिद हुसैन, कोमल राठौर, सिमरन, अंशिका ने सहयोग किया।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुकद्दस हज का सफर अगले माह शुरू जो जाएगा। बरेली समेत हिंदुस्तान भर के लाखों आजमीन हज फ्लाइट का शिड्यूल जारी होते ही सऊदी अरब रवाना होगें। हज यात्रियों की सहूलियत के लिए आज दरगाह पर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान



(सुब्हानी मिया) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में दरगाह स्थित मदरसा मंजर-ए-इस्लाम मे कैम्प का आगाज सुबह 10 बजे तिलावत-ए-कुरान से हुआ। इसके बाद मुफ़्ती अय्यूब खान नूरी ने हज के अरकान बताए। जिसमे हज के दौरान अदा की जाने वाली रस्में,काबे शरीफ का तवाफ,अहराम बांधने का तरीका, शैतान की कंकड़ी मारने के अलावा सफा और मरवा, मिना अरफात के मैदान में अदा की जाने वाली रस्में व इबादत का तरीका बताया। मुफ़्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि हज जिदंगी में एक मर्तबा फर्ज.है।

जिन पर फर्ज.है उनमें कुछ लोग उमरा कर रहे है। उनको चाहिए वो पहले हज अदा करे। हज ट्रेनर सुहैल खान साबरी ने हज सफर में ले जाने वाले सामान में किया ले जाना है और किया नहीं ले जाना है विस्तार से बताया। हज में बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में बताया।हाजी जावेद खान, अनवारुल सादात, सुहैल आफताब, जुबैर रजा खान, मंजूर रजा खान आदि का सहयोग रहा। शिविर में मीरगंज से 2 साल की बच्ची सिदरा जो वालिद मोहम्मद साजिद व मां जीनत के साथ और 8 साल की अतिया नूरी जो अपने वालिद मुफ़्ती सलीम नूरी बरेलवी व मां रिजवाना नूरी के साथ हज करने जा रही है उनका भी टीकाकरण किया गया। जो लोग रह गए है उनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 अप्रैल को खलील स्कूल में व्यवस्था की गई है।

# प्रसूता की मौत के बाद मायका व ससुराल पक्ष श्मशान पर भिड़े

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना रसूलपुर के मोहल्ला मोती नगर में शुक्रवार की रात्रि उसे समय अजीबो गरीब स्थिति पैदा हो गई जब प्रसूता की मौत के बाद आये उसके मायके वालों और ससुरालीयों के मध्य किसी बात को लेकर कहां सुनी के साथ मारपीट हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस शव को शमशान से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

मोती नगर निवासी पप्पू सिंह की पत्नी यशोदा गर्भवती थी, उसे तीन दिन पूर्व प्रसब पीड़ा हुई तो वह उसे आगरा के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे भर्ती कराया, वहां उसका उपचार चल रहा था, शुक्रवार को उसने ऑपरेशन के दौरान एक मृत बच्चे को जन्म दिया, उसके बाद यशोदा की हालत और बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया ससुरालीजन शव को लेकर अपने घर मोती नगर पहुंचे और सूचना मृतका के मायके वालों को दी, सूचना मिलते ही थाना रजावली क्षेत्र के गांव कैलाशपुर निवासी रोशन लाल अपने पुत्र राजवीर एवं अन्य परीजन के साथ मोती नगर पहुंचे जहां उन्होंने यशोदा के अंतिम संस्कार करने से पहले उससे जन्मी दो पुत्रियों के भरण पोषण के लिए उनके नाम कुछ राशि जमा करने को कहा इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के मध्य कहां सुनी होने के साथ मारपीट शुरू हो गई जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। उसके बाद पुलिस श्मशान घाट से यशोदा के शव को लेकर जिला अस्पताल आई जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवा दिया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रसूलपुर से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि यशोदा की मौत प्रसब के दौरान हुई है।

# आईवीआरआई में नि: शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस समारोह के अवसर पर एक निः शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 40 कुत्तों का टीकाकरण किया गया। इस वर्ष पशु चिकित्सा विषय 'पशुचिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं' था।

अपने उदबोधन मे संस्थान के संयुक्त निदेशक शोध डॉ केपी सिंह ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रत्येक दिवस का कुछ न कुछ महत्व होता है यह एक विशेष दिन जिसका उद्देश्य है पशु चिकित्सकों और उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना, इसके साथ ही यह दिन पशुओं के स्वास्थ्य और अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होने क्लिनिकल केस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करने के विचार की सराहना की और कहा की यह उभरते चिकित्सकों के बौद्धिक कौशल को प्रकट करता है और नैदानिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। संस्थान के संयुक्त निदेशक शोध, डॉ. एस. के. सिंह ने कहा कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस हमें पशु चिकित्सकों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को याद करने तथा उन्हें सम्मानित करने का दिन है।

संस्थान के डा. अमरपाल, प्रभारी रेफरल पोलिक्लीनिक ने बताया कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जिनमें क्लिनिकल केस प्रतियोगिता, ग्रुप प्रेजेंटेशन तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में कुल 50 छात्रों ने भाग लिया जो भिन्न भिन्न विषय से थे। कार्यक्रम वेलकोन एनिमल हैल्थ कंपनी, वीरबैक एनिमल हेल्थकेयर, इंडिया, आमिल ग्रुप तथा हेस्टर कंपनी द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम में डॉ अभिजीत पावडे, डॉ उमेश डिमरी, डॉ. संजीव महरोत्रा, डॉ ए. बी. मण्डल, डॉ. एस के घोष, डॉ रेखा पाठक, डॉ ए. सी. सक्सेना, डॉ रोहित, और छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ उज्जवल कुमार डे, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

# एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एडवांस इमेजिंग एंड आईआर कांफ्रेंस आयोजित

## इलाज में रेडियोडायग्नोसिस की भूमिका महत्वपूर्ण

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** किसी भी बीमारी का उपचार उसकी जांचों के बिना बेहद मुश्किल है। जांचों से ही बीमारी की स्थिति पता चलती है और इसी से उपचार सुनिश्चित किया जाता है। जांचों में रेडियोडायग्नोसिस की भूमिका महत्वपूर्ण है। अब आम लोग भी इसके प्रति जागरूक हो रहे हैं और बीमारी के उपचार के लिए खुद ही अल्ट्रासाउंड करा कर विशेषज्ञ के पास जाते हैं। यह रेडियोडायग्नेसिस के प्रति लोगों की बढ़ती जागरुकता को स्पष्ट करता है। इसकी भूमिका आने वाले दिनों में और महत्वपूर्ण होने वाली है। यह निष्कर्ष एसआरएमएस मेडिकल कालेज में हुई एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलाजी कांफ्रेंस 2024 में निकल कर सामने आया। मेडिकल कालेज के रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा यह दो दिवसीय कांफ्रेंस इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन की बरेली शाखा के तत्वावधान में शनिवार को आरंभ हुई। प्रदेश स्तरीय इस कांफ्रेंस में कैंसर, हार्ट और महिलाओं की बीमारियों के उपचार में रेडियोडायग्नोसिस की भूमिका पर वर्कशाप के साथ पांच साइंटिफिक सत्र आयोजित किए जाने हैं। इसमें से पहले दिन शनिवार को उद्घाटन सत्र के साथ तीन सत्र हुए।

इसमें रेडियोलाजी के विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया। एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलाजी कांफ्रेंस 2024 का शनिवार को उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति




जी ने किया। उन्होंने कहा कि बीमारियों के इलाज में रेडियोडायग्नोसिस की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसमें जितना महत्व अनुभवी विशेषज्ञ का है उतना ही अत्याधुनिक तकनीकों से लैस मशीनों का भी। इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन की बरेली शाखा के अध्यक्ष डा.मोहित अग्रवाल ने रेडियोलॉजी को महत्वपूर्ण बताया और बीमारी के उपचार में इसके योगदान को स्पष्ट किया। अंत में कार्यक्रम की कोआर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. नम्रता सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार जताया। उद्घाटन सत्र का संचालन डा.पल्लवी सिन्हा ने किया।

इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, डा. शरद जौहरी, डा. पियूष कुमार, डा.अमरेश अग्रवाल, डा. पीके परडल, डा. शशांक शाह, डा. एसके सागर, डा.मिलन जायसवाल, डा. स्मिता गुप्ता, डा.तनु अग्रवाल, डा. शशिबाला आर्य, डा. एमपी रावल, डा. केशव झा, डा. राजीव टंडन, डा. पवन मेहरोत्रा, डा. आशीष मेहरोत्रा, डा. विद्यानंद, डा. हुमा खान, डा. शिप्रा त्रिपाठी, डा. एसके कौशिक, डा. फौजिया खान, डा. आयुष गर्ग सहित तमाम फैकेल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

# लोकतन्त्र में नैतिकता सबसे बड़ा धर्म

**फिरोजाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को दिगम्बर जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। और कहा कि हम सभी को मतदान जरूर करना चाहिए। हर व्यक्ति को यह याद रखना चाहिए कि जाति-धर्म और लोभ से ऊपर उठकर अपने मत का प्रयोग करें। मतदान करने से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। कॉलेज में उपस्थित नये मतदाताओं को इस बात का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। लोकतंत्र में नैतिकता सबसे बड़ा धर्म है।

# अनियंत्रित डीजे वाइब्रेशन ध्वनि बन रहा साउंड बम

**थाना भवन शामली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जहां पर्यावरण बचाने के लिए पूरी दुनिया एक मंच पर साझा अभियान चला रही है जिसमे पेड़ लगाने से लेकर जल संरक्षण तक की योजनाएं वर्ल्ड लेवल पर चल रही हैं।वहीं शायद ध्वनि प्रदूषण पर अभी तक किसी संस्था का ध्यान नहीं गया है और अगर गया होगा तो उस पर अभी इतना ध्यान केंद्रित नहीं किया गया। हालांकि एक बार उत्तर प्रदेश सरकार ने जनहित को देखते हुए डीजे बैन कर दिया था जिसे बाद में कुछ शर्तों के साथ पुनः संचालित करने को कहा गया है। लेकिन उसी की आड़ में आए दिन डीजे कंपटीशन बढ़ गया है और एक से बढ़कर एक वाइब्रेशन कोइल ज्वाइंट करके डीजे बजाते हैं। जो लोग खुश हो रहे हैं मधुर मधुर संगीत की बजाए धूम धड़ाके में मस्त हैं वें इसके जानलेवा खतरे से अंजान हैं। बुद्धिजीवियों का मानना है कि जहां वाइब्रेशन शरीर को नुकसान पहुंचाता है वहीं शीशों का चटकना और बिल्डिंग्स में दरारें भी आ जाती हैं जो बाद में दुर्घटना का कारण बनती हैं। कई समाजसेवी संस्थाओं ने इसके लिए पहल की हुई है जिससे कि इस तरह की वाइब्रेशन पूर्णतः बैन होनी चाहिए क्योंकि ऐसा दुनिया में कोई घर परिवार नहीं है जहां कोई बीमार या मरीज ना हो। यदि अपने चारों ओर नजर घुमाकर देखा जाए



तो आजकल हार्ट अटैक से ज्यादा हार्ट फेल की घटनाएं बढ़ गई हैं और इसका कारण कहीं ना कहीं पर्यावरण प्रदूषण को माना जाता है। इस तरह की मौज मस्ती के चक्कर में हम जाने अंजाने किसी परिवार के सदस्य की मौत का कारण भी बन जाते हैं। लेकिन हमे आभास तक नहीं होता। देश दुनिया में ऐसी बहुत सी घटनाए हो चुकी हैं जिनका कारण केवल अनियंत्रित ध्वनि प्रदूषण ही रहा है। यह पर्यावरण के संतुलन में भी एक बड़ी बाधा है इको सिस्टम गड़बड़ा जाता है क्योंकि जिस इलाके में यह अनियंत्रित साउंड बम बजता है वहां के मनुष्यों परिंदों और वन्य जीव जंतुओं के जीवन चक्र पर इसका कुप्रभाव पड़ता है।

हम सभी को पृथ्वी को बचाने के लिए मिलजुलकर काम करने की जरूरत है क्योंकि इतनी टेक्नोलॉजी होने बावजूद भी हमे अभी तक पृथ्वी ग्रह जैसा कोई विकल्प नहीं मिला और जहां तक दुनिया के वैज्ञानिक आशंकाएं जताते हैं वहां तक पहुंचना आज की टेक्नोलोजी में संभव नहीं है। इसलिए एकमात्र उपाय है जहां रहो उसे स्वच्छ सुंदर और नियमों के अनुसार रखो इसी में सबकी भलाई है।

## करंट लगने से हुई युवक की मौत

**ऊसराहार, इटावा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** करंट लगने से युवक की मौत उस समय हो गई जब वह कमरे में सोने जा रहा था उसी समय तार टूट गया और युवक को करेंट लग गया युवक को गंभीर हालत में सैफई भर्ती कराया गया जंहा उसकी मौत हो गई।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी अवधेश कुमार शर्मा शुक्रवार रात खेतों से भूसा डालते रहे रात दो बजे जब वह अपने कमरे लेटने गये तभी अचानक कमरे में लटक रहा तार टूट कर ऊपर गिर गया जिससे अवधेश को करंट लग गया कुछ देर बाद पत्नी नीलम कमरे में लेटने गई तो पति को पड़ा देखा तो घर में चीखपुकार मच गई परिजन युवक को किशनी के एक निजी अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने पीजीआई सैंफई रेफर कर दिया सैफई मे जब अस्पताल में भर्ती किया गया तो डाक्टरों ने मृत घोषित दिया।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**पीलीभीत, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने आज जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार में स्थित अस्पताल,बैरक नम्बर 03,07,08,09 एवं 12 का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया तथा जो बंदी पढाई में रूचि रखते हैं उनको पढाई हेतु व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई तथा बीमार बंदियों की स्वास्थ के प्रति लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व डिप्टी जेलर,सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राज्य जीएसटी ने टैक्स चोरी पकड़ी जमा कराए 22 लाख रुपये



**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद में जी एस टी चोरी रोकने के लिये व्यापारियों व विभाग में तू डाल डाल मैं पात पात का खेल चल रहा है। इसी क्रम में जी एस टी के डिप्टी कमिश्नर विशेष अनुसंधान शाखा ने एक रिक्शा निमार्ता कंपनी पर जांच कर 22लाख से ज्यादा की टैक्स चोरी पकड़कर तुरंत जमा कराया।पहले भी जनपद में डिप्टी कम? यूनिक ऑटो , शामली रोड , मुजफ्फरनगर की जाँच डाटा एनालिसिस और रेकी के आधार पर मुजफ़्फ़रनगर एसआईबी टीम द्वारा दिनांक 25/04/24 को की गई। डीलर द्वारा ई-रिक्शा और तत्संबंधित एसेसरीज का निर्माण एवं बिक्री का कारोबार किया जाता है।जाँच पर पाया गया कि मौके पर पाये गये स्टॉक और रखी गई लेखापुस्तकों में दर्ज स्टॉक में भारी अंतर है। लगभग 92.00 लाख का स्टॉक रॉ मटेरियल का कम पाया गया, जिस पर व्यापारी ने मौके पर ही अर्थदण्ड/कर के रूप में रुपये 22.22 लाख डीआरसी०-03 के माध्यम से कैश लेजर से जमा किया। शेष जाँच कार्यवाही प्रचलित है। उक्त जांच ज्वाइण्ट कमिश्नर जे0एस0 शुक्ल के निर्देश पर की गयी । जाँच टीम के प्रभारी विवेक कुमार मिश्र, डिप्टी कमिश्नर (वि0अनु0शा0) ने बताया कि यदि अन्य व्यापारी नियमानुसार कर नहीं देंगे तो उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी । जाँच टीम के प्रभारी विवेक कुमार मिश्र के साथ टीम में असिस्टेंट कमिश्नर वाई0पी0 सिहं,एस°टी°ओ°अनिल कुमार, महावीर प्रसाद आदि मौजूद रहे ।

# श्रीराम ग्रुप 'स्किलबिल्ड प्रोग्राम' के समापन समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में 22 अप्रैल 2024 से चल रहे आई0बी0एम0 के 'स्किलबिल्ड प्रोग्राम' के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीटेक पाठ्यक्रम की कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन व बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन के छात्रों के लिये आयोजित किया गया था। आई0बी0एम0 एक बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कम्पनी है जिसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है। यह कम्पनी 170 से भी ज्यादा देशों में अपनी सेवाऐं प्रदान करती है तथा इस कम्पनी की शुरूआत 1911 में कम्प्यूटिंग टैबुलेटिंग रिकॉर्डिंग कम्पनी के नाम से हुआ था जिसे बदलकर 1924 में इंटरनेशनल बिजनेस मशीन कर दिया गया था। यह कम्पनी सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर तथा क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अपना परचम लहरा चुकी है। स्किल्सबिल्ड प्रोग्राम नौकरी चाहने वाले उन छात्र-छात्राओं, जो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, को सैल्फ स्पीड लर्निंग, प्रोजेक्ट बेज्ड लर्निंग और रोजगार तक पंहुचने के लिये तीन स्तम्भों के आस पास डिजाइन किया गया था। इसी श्रंखला में आई0बी0एम0 स्किल्सबिल्ड प्रोग्राम ने केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों के साथ साझेदारी बनाने के लिये दुनियाभर में अपनी विशेषज्ञता, विश्वसनीयता व टैज्क रिकॉर्ड का लाभ उठाया है।

# मतदान के दिन अधिकारी व कर्मचारी सम्पूर्ण समय राष्ट्र को करें समर्पित–जिनिअ

**मैनपुरी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने एस.बी.आर.एल. वैश्य रेजीडेशियंल एजूकेशनल पब्लिक एकेडेमी में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। डीएम ने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक माहौल में संपन्न कराने की हम सभी की जिम्मेदारी है। इस महत्वपूर्ण कार्य को आप अपने सेक्टर, जोन में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट को निभानी है। उन्होने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि बड़े गर्व की बात है कि देश के लोकतंत्र के महापर्व को सम्पन्न कराने का हम सबको अवसर मिला है, सभी

### ❑ सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण करायें संपन्न

अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य कर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पार्टी रवानगी से लेकर मतदान समाप्ति तक की सारी जानकारी आपको होनी चाहिए, अपने विवेक से कार्य करने की प्रक्रिया आपको अपनानी होगी, प्रत्येक पोलिंग पार्टी का मूल्यांकन करें, प्रत्येक सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के अधीन 08 से 16 पार्टियां होगीं, पार्टियों के सभी कार्मिकों के साथ-साथ पार्टी रवानगी से लेकर मतदान समाप्ति के उपरांत निर्वाचन सामग्री जमा कराये जाने की प्रक्रिया को ससमय पूर्ण कराने के उपरांत ही सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट कृषि उत्पादन मंडी समिति छोड़ें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के पास पोलिंग पार्टी में तैनात पीठासीन अधिकारी, मतदान कार्मिकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस कर्मियों, पोलिंग पार्टी के साथ जाने वाले वाहन चालक के साथ ही क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले थाना प्रभारियों, प्रधानों, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बी.एल.ओ, रसोईया, कोटेदार, आशा, सचिव, लेखपाल आदि के मोबाइल नम्बर प्रत्येक दशा में उपलब्ध रहें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा, अप्रिय घटना होने पर तत्काल सूचना का आदान-प्रदान हो सके।

## देवमई ब्लाक के कई प्रधान हुए भाजपाई



**बिंदकी/फतेहपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जहानाबाद के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के बिंदकी आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के विचारों और नीतियों से प्रभावित होकर देवमई विकास खंड के विभिन्न प्रधानों समेत पूर्व प्रधान को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में शत्रुघन यादव प्रधान प्रतिनिधि (रिचा सिंह प्रधान), कल्लू यादव

### ❑ जहानाबाद के भाजपा विधायक ने दिलाई सदस्यता

प्रधान डारी खुर्द, राम सागर यादव प्रधान ग्राम मिराई, गोरेलाल प्रधान डुंडरा, सुनील प्रधान पधारा, रामकरण प्रधान बकेवर मजरे पिपरी, नरेश कुमार प्रधान मयाराम खेड़ा, अजय प्रजापति प्रधान ग्राम सराय महमूदपुर, संतोष कुमार पूर्व प्रधान अकबरपुर शामिल हैं।

# मानक लेखक कार्यक्रम किया आयोजित

**शामली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** देहरादून ने मानक लेखक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ज्ञान साधन प्रसार अधिकारी आशीष वर्मा तथा वी वी इंटर कॉलेज के मेंटर तरुण निर्वाल ने छात्रों को उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करने के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजकल बाजार में बहुत से उत्पाद उपलब्ध है जिनमे से उच्च गुणवत्ता के उत्पाद का चुनाव करना एक बहुत ही जटिल विषय है। उन्होंने छात्रों को बताया कि सरकार ने सभी उत्पादों की गुणवत्ता के मापदंड निर्धारित किए हुए है जैसे आईएसआई, हॉलमार्क, सीएसआर आदि मापदंडों को जांच परखकर ही उत्पादों का चयन करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की जानकारी



के लिए बी आई एस ऐप डाउनलोड कर उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा सकती है तथा गुणवत्ता के विषय पर इस ऐप पर शिकायत भी दर्ज की जा सकती है जिसके संबंध में शिकायत की जांच में प्रगति तथा निष्कर्ष के संबंध में शिकायतकर्ता को सूचित भी किया जाता है।बी आई एस संस्थान अस्पतालों में प्रयुक्त होने वाले उत्पादों के लिए भी मानक निर्धारित करता है।

इस अवसर पर एक लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रथम स्थान पर कक्षा 12 की छात्राएं उर्वशी और उर्वी ने प्रथम स्थान, अक्षय और समीर ने द्वितीय तथा अब्दुल अहद और अब्दुल समद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को नकद 1000 रुपए द्वितीय को 750 रुपए तथा तृतीय को 500 रुपए प्रदान किए गए तथा साथ साथ प्रत्येक प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार तथा रिफ्रेशमेंट संस्थान द्वारा प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कैप्टन रजनीश कुमार तथा चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर मनोज शर्मा ने विजेता तथा प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा दैनिक जीवन में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का ही प्रयोग करने का आह्वाहन किया।

कार्यक्रम में दीप कुमार पांडे, गुरुदास सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र शर्मा, प्रदीप आर्य, अमरपाल सिंह, डॉक्टर विजय कुमार, राजवीर सिंह, राजनाथ सिंह, राहुल कुमार शशिकांत, श्रवण, सुशील, धीरज आदि का विशेष सहयोग रहा।

## देश के मतदाता भारत भाग्य विधाता

**सोनभद्र, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार स्वीप 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत लोढ़ी में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के विद्यार्थियों द्वारा मतदान संबंधित सुंदर चित्रकला व पेंटिंग बनाई गई। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सुंदर चित्रकला व पेंटिंग के माध्यम से लोढ़ी ग्राम में गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से जन जागरण का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई। स्वीप नोडल शिक्षक अनिल पासवान द्वारा जनता को मतदान के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम मे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद एवं सरोज शर्मा सहित सहायक अध्यापक राजेश द्विवेदी, बीना रानी, प्रीति चक्रवाल, प्रिया घोष, प्रेमलता (अनुदेशक) शिक्षा मित्र सरिता देवी, अनीता देवी सहित पंचायती राज विभाग से श्याम बली, हीरामन, प्रभाकर सिंह, बृजेश कुमार, सुरेश कुमार, मालती, पुष्पा, नंदिनी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सकलडीहा इंटर कालेज की छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**चंदौली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के सकलडीहा कस्बा स्थित सकलडीहा इंटर कालेज में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही उनसे अपने परिवार व पास-पड़ोस के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने की बात कही गई। इसके पूर्व छात्राओ ने रैली निकाल जागरूक भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कमलापति पांडेय ने कहा की हम सभी यातायात निमयो का शत-प्रतिशत पालन करे। सड़क पर सही तरीके से चलकर दुर्घटना से बच सकते है। आप




सभी का यह कर्तव्य है की अपने बाएं से चले चौराहों पर रुककर वहन देखकर चले,दो पहिया वाहन हेलमेट लगा कर नियमित गति से चलाए।शराब का सेवन कर गाड़ी चलाने वालों को टोके।उन्होंने कहा की अपने आस पास के लोगो को जागरूक करे और यातायात नियमों की जानकारी दे। वहीं कैप्टन सत्य मूर्ति ओझा ने कहा कि वाहन चलाने के दौरान जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। यहां तक कि जान भी जा सकती है। आए दिन बड़े हादसे इसके उदाहरण है। सड़क नियमों का पालन कर हम हादसों को रोक सकते है। उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों की शपथ दिलाई।

## अमित शाह आज नुमाइश में, तैयारियां पूरी

**इटावा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में नुमाइश पंडाल में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत पहुँचे। स्थल पर पहुँचकर जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी ने छोटी मोटी कमियों को दुरुस्त कर जनसभा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कल की जनसभा के लिए सारी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। कल की जनसभा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ऐतिहासिक होने वाली है। पूरे लोकसभा क्षेत्र से बसों, चारपहिया वाहन, बाइक व ऑटो से लोगों को लाने की व्यवस्था की गई है।

# सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने ईवीएम स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण

**एटा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शनिवार को अपरान्ह में मण्डी समिति पहुंचकर आयोग द्वारा फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र हेतु तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा आईएएस, पुलिस प्रेक्षक बी. जुगल किशोर कुमार आईपीएस को ईवीएम स्ट्रांगरूम, बैरीकेटिंग सहित पार्टी रवानगी एवं ईवीएम सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया। डीईओ ने कहा कि आयोग द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनको अक्षरशः अनुपालन कराते हुए लोकसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान एवं मतगणना को कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक महोदय को मण्डी समिति में फरूर्खाबाद लोकसभा क्षेत्र की अलीगंज विधानसभा हेतु ईवीएम स्ट्रांगरूम हेतु चिन्हित किए गए स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग, वैरीकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण में 13 मई को विधानसभा अलीगंज में मतदान होना है, जिसके लिए मण्डी समिति से ही पोलिंग पार्टियां मतदान हेतु आवश्यक सामिग्री लेकर पोलिंग स्टेशन लोकेशन



पर जाएंगीं। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर आयोग के मानक के अनुसार फोर्स को लगाया गया है, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पोलिंग स्टेशन पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीईओ ने इस दौरान फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक द्वारा दिए गए सुझावों, निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने हेतु प्रेक्षकों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर एसएसपी राजेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी,एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, उप जिलाधिकारी अलीगंज, क्षेत्राधिकारी अलीगंज आदि अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अवैध असलाह फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**इटावा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने वाले 2 हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। कब्जे से 18 निर्मित, 6 अर्ध निर्मित अवैध तंमचे, अधिया रायफल, 2 अधिया 12 बोर, 2 जिन्दा व 6 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 2 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस 12 बोर व शस्त्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण किये गये बरामद। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है 26 अप्रैल की रात्रि को थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा थाना वैदपुरा क्षेत्रान्तर्गत नगला बरी तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुछ व्यक्ति नगला गडरियान के पास नगला बाबा ग्राम के बाहर बम्बे से थोड़ी दूरी पर बनी झोपड़ी में अवैध असलाह बनाने का काम कर रहे हैं।

# देहात पुलिस ने तार चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



**हापुड़ 27 अप्रैल (तरुण मित्र)।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए का विद्युत तार बरामद करने का दावा किया है। थाना हापुड़ देहात के

### ❑ दो चोर गिरफ्तार, लाखों रुपये का तार बरामद

वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया गया कि बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विद्युत तार चोरी करने वाले गृहो का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ में अपना नाम अब्दुल पुत्र लतीफ निवासी ग्राम बरहमपुर थाना डिबरूआ जनपद सिद्धार्थ नगर व हाल पता सोनिया विहार थाना ट्रॉनिका सिटी गाजियाबाद जबकि दूसरे ने इरशाद पुत्र हफीज उल्लाह निवासी वनटिकरा भानपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती हाल पता सोनिया विहार तीसरी पुस्ता गली नंबर 4 दिल्ली बताया है चोरों के कब्जे से करीब 50 बंडल विद्युत तार के बरामद किए गए हैं जिसका वजन करीब 11 कुंतल बताया गया है विधुत तार की बाजारू कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। जबकि घटना में प्रयुक्त एक गाड़ी छोटा हाथी उ्छ1छअट/3281 बरामद की गई है। पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह चलती हुई लाइन को फेस काटकर उनके तार चोरी कर लिया करते थे उसके बाद उन्हें इकट्ठा कर छोटा हाथी में भरकर बाहर भेज दिया करते थे जिससे भारी मुनाफा कमा कर मौज मस्ती किया करते थे गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गोधन लाल सिंह, हेड कांस्टेबल दौलत राम व सतपाल सिंह आदि पुलिस करी मौजूद थे।

## झुलसे युवक की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम मोहलिया में शुक्रवार की शाम करंट की चपेट में आए पांच युवकों में एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि चक इटौली गांव निवासी राम सिंह का पुत्र कपिल उर्फ रवि (20) अपने चार साथियों के साथ शाम मोहलिया गांव स्थित टेंट का काम करने गया था। बताते हैं कि तभी गेट लगाते समय ऊपर से गई एचटी लाइन की चपेट में आने से पांचो बुरी तरह झुलस गए थे। जिन्हें सीएचसी लाया गया जहां इलाज के दौरान कपिल ने दम तोड़ दिया ।

# डीएम ने स्टीकर्स अभियान का किया शुभारम्भ

**फतेहपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** स्वीप के अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मतदान के स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ अभियान चलाया। जिसका शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने अपनी गाड़ी में स्टीकर लगाकर किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋशांत श्रीवास्तव ने स्वीप आइकॉन के साथ मिलकर अपनी गाड़ियों व अन्य सभी अधिकारियों की गाड़ियों में स्टीकर्स लगाए तत्पश्चात अभियान को गति देते हुए स्वीप आइकॉन व एआरएम विपिन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में फतेहपुर डिपो की



### ❑ स्वीप आइकान ने रोडवेज बसों में स्टीकर लगाकर यात्रियों को किया जागरूक

रोडवेज बसों में स्टीकर्स लगाए गए। साथ ही स्वीप आइकॉन ने बस में बैठे यात्रियों को फतेहपुर के समग्र विकास हेतु 20 मई को स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, धीरेंद्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी प्रमोद चंदरौल सहित सभी अधिकारी व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# नामांकन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

## डीएम कार्यालय में प्रत्याशियों का होगा नामांकन दाखिल




**आजमगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा चुनाव के महासमर में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के बाद अब भगवान सूर्य की तपिश के साथ ही सियासी तापमान भी प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। नाम घोषित होने के बाद प्रत्याशियों का ध्यान अब धुआंधार प्रचार के साथ ही सकुशल नामांकन पत्र दाखिल करने पर है।

छठवें चरण में जनपद की दोनों लोकसभा सीट लालगंज (सुरक्षित) और आजमगढ़ में आगामी 25 मई को मतदान होगा। इसके पूर्व 29 अप्रैल से छह मई के बीच जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने में कहीं कोई चूक न होने पाए इसलिए अभी से नियम-कानून के जानकारों की मदद से आवश्यक अभिलेख दुरुस्त कराने का काम गति पकड़ने लगा है। किसी को नामांकन के लिए शुभ मुहूर्त की तलाश है तो कोई नामांकन के दिन अपनी ताकत दिखाने की कवायद में लगा है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की बेड़ियों व चुनाव खर्च की सीमा व उसकी निगरानी की बंदिशों के बीच प्रत्याशी व उनके खासमखास फुलप्रूफ प्लान बनाने में जुट गए हैं। उधर, निर्वाचन कार्य में जुटा प्रशासनिक अमला आयोग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक नामांकन संबंधी तैयारियों में लगा हुआ है। बैरिकेटिंग आदि की सुचारु व्यवस्था के संबंध में बैठकों व निर्देशों का क्रम भी तेज हो चुका है।

नामांकन के जरिए कौन प्रत्याशी अपना कितना टेंपो हाई कर सकेगा इस ओर सभी की नजरें लगी हुई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान पदाधिकारियों की ट्रेनिंग अंतिम दौर में चल रही है। अब जिला प्रशासन के द्वारा नामांकन की तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि नामांकन को लेकर बेहतर तैयारी की जा रही है ताकि नामांकन के दौरान किसी भी प्रत्याशी को किसी तरह की परेशानी नहीं हो पाये। उन्होंने बताया कि नामांकन का कार्य 29 अप्रैल से शुरू होकर 6 मई तक चलेगा। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 9 मई को नाम वापसी तथा 25 मई को मतदान होगा। जबकि मतगणना 4 जून को होगी। वहीं निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति छह जून को होगी। नामांकन कार्य प्रारंभ होने से लेकर मतदान प्रक्रिया की समाप्ति तक की सभी गतिविधियों की बेहतर तैयारी में जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी लगे हुए हैं, ताकि हर हाल में लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा सके। डीएम के कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल होगा।

इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सील कर दिया जायेगा। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होगा। प्रत्याशी के साथ महज चार और लोगों की इंट्री होगी। इसके अलावा किसी भी कार्यकर्ताओं की इंट्री नहीं मिलेगी। इस संबंध में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि जिले में सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए यह तैयारियां की जा रही है।

कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष नंबर 14 और कक्ष नंबर 32 में होनी है। नामांकन की व्यवस्था का प्रभारी एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल को बनाया गया है। इसके साथ ही सहयोग में सीओ सिटी और सीओ लालगंज को लगाया गया है। जबकि सीओ बूढ़नपुर को रिजर्व में रखा गया है। आठ इंस्पेक्टर और 75 सब इंस्पेक्टर, 150 कांस्टेबिल व चौराहों पर सुरक्षा के लिए पीएसी के जवान तैनात रहेंगे।

# कालेज परिसर में घुसकर असिस्टेंट प्रोफेसर पर हमला

### एक हमलावर गिरफ्तार, जिले के शिब्ली कालेज का मामला

**आजमगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल शिब्ली नेशनल कालेज परिसर में घुसकर कतिपय हमलावरों द्वारा सांप्रदायिकता का आरोप लगाते हुए समाज शास्त्र विभाग के एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर हमला करने की घटना प्रकाश में आई है। घटना में शामिल एक हमलावर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना शुक्रवार को दिन में हुई बताई गई है।

शिब्ली नेशनल कालेज के समाज शास्त्र विभाग में बीते 24 अप्रैल को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर आशुतोष माहेश्वरी आयोजन स्थल की गैलरी में खड़ी कुछ छात्राओं द्वारा किए गए सवाल का जवाब देते हुए आगे बढ़ते हुए किसी ने इस घटनाक्रम की वीडियो बना लिया। इसके बाद उक्त वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर मामले को सांप्रदायिक रूप दिया जाने लगा। इसी बात को लेकर कालेज के पूर्व छात्र सहित आधा दर्जन युवक शुक्रवार को दिन में कालेज परिसर में आए और समाज शास्त्र विभाग में घुसकर वहां मौजूद असिस्टेंट प्रोफेसर पर हमला बोल दिए। बताते हैं कि हमलावर मारपीट के दौरान भय का माहौल बनाने के लिए असलहे लहराने लगे। शोर सुनकर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नोमान अहमद के साथ ही अन्य प्रोफेसर मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव करने लगे। घटना के बाद मौके से भाग रहे हमलावरों में एक ओसामा निवासी मुहल्ला बाजबहादुर थाना शहर कोतवाली को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

घटना के बाबत कालेज के प्राचार्य अफसर अली की तहरीर पर शहर कोतवाली में पकड़े गए ओसामा एवं सिमनान निवासी ग्राम डुगडुगवां थाना क्षेत्र सिधारी तथा चार अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना को लेकर कालेज परिवार में आक्रोश व्याप्त है।

## चुनाव को ले हुई बैठक

**अंबेडकर नगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले स्टेशनरी की उपलब्धता एवं पैकेटिंग के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान बंदोबस्त अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अब तक के किए गए तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अब तक यह कार्य पूरा कर लेना चाहिए था। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि तीन से चार दिन के अंदर स्टेशनरी की उपलब्धता तथा पैकेटिंग का कार्य पूरा कराया जाए।

# डबल इंजन की सरकार कर रही नफरत की राजनीतिः आकाश




**अंबेडकरनगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** देश की जनता गरीबी महंगाई भुखमरी से तंग आ चुकी है, नौजवानों को 5 किलो राशन के बदले सरकारी रोजगार चाहिए। यह कार्य बहुजन समाज पार्टी ही पूरा कर सकती है, अंबेडकर नगर जनपद में चौमुखी विकास बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में ही हुआ है।

महंगाई कम करने, बेरोजगारी दूर करने, किसानों की आय दोगुनी करने, महिलाओं की सुरक्षा करने के लिए सहित अन्य जरूरत के मुद्दों पर सफलता पाने के लिए बहुजन समाज पार्टी लोकसभा प्रत्याशियों के भारी मतों से जिताना होगा उक्त बातें शिव बाबा के मैदान में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के मुखिया सुश्री मायावती के भतीजे बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार नफरत की राजनीति कर रही है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस व समाजवादी पार्टी बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेकर दलित पिछड़ा को गुमराह कर रही है। समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब के बने संविधान को कमजोर करने की नीयत से कर्मचारी के प्रमोशन आरक्षण से संबंधित बिल को राज्यसभा में फाड़ने का कार्य किया था उन्हीं के कारण आज दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज के लिए बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में हो रहे ऐतिहासिक कार्य को बंद कर दिया गया।आज दलित, पिछड़ा, किसान, मजदूर, नौजवान छात्र, महिलाएं बहुजन समाज पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने बीएसपी प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में बहुजन समाज पार्टी ही सबसे बड़े दल के रूप में उभरेगी।

जनसभा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद घनश्यामचंद खरवार पूर्व एमएलसी दिनेश चंद्रा, पूर्व सांसद बलिराम, छोटेलाल मौर्य, बसपा प्रत्याशी अंबेडकर नगर हाजी कमर हयात, जिला प्रभारी अरविंद गौतम, महेंद्र जी, दयाराम राजभर पूर्व प्रत्याशी टांडा मनोज वर्मा, पूर्व प्रत्याशी गोसाईगंज रामसागर वर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील सावंत आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का वरिष्ठ नेताओं ने बुके स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया। चुनावी जनसभा का संचालन पूर्व एमएलसी दिनेश चंद्रा व अयोध्या मंडल के प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने संयुक्त रूप से किया।

# छात्र छात्राओं की उपस्थिति व नामांकन बढ़ाने पर जोर

**सूरतगंज/बाराबंकी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार के द्वारा प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक दो पालियों में प्राथमिक विद्यालय करनपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में एआरपी अजीत प्रताप सिंह द्वारा एन0बी0एम0सी0 डाटा की समीक्षा की गई। तथा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु नियमित संपर्क करने हेतु चरणबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्व निर्धारित एजेंडा के प्रत्येक बिंदुओं पर विद्यालयवार समीक्षा करते हुए सभी कमियों को एक सप्ताह के अंदर दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वूथ वाले स्कूलों की समीक्षा करते हुए सभी बुनियादी सुविधाओं को समय से पूरा करने तथा वूथ को मतदान के लिए तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर निपुण विद्यालयों की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में एआरपी अरविंद प्रताप सिंह, अनूप चतुर्वेदी, व संजय सिंह उपस्थित रहे। बैठक में जयराज सिंह,धर्मेन्द्र सिंह, मो0इसराइल, पंचानन सिह, शुभम, शिवम ,देशराज,राजेश, दिव्या त्रिवेदी, दिनेश पाण्डेय, सरिता मौर्या, रेनु राय, कीर्ति सिह,ओमकार वर्मा, हफीज, विजय, यशपाल सिंह, विकास, भूपेंद्र ,बिजय सहित बहुत से स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# अंजली तिवारी को मिला बेस्ट कैडेट का एवार्ड

### प्राचार्य प्रो. शुचिता पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में हुई शामिल




**अंबेडकर नगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 65 बटालियन, अयोध्या कैंट द्वारा सीएटीसी कैंप 18 से 27 अप्रैल 24 आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण आज सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व कर्नल एम. के. सिंह ने किया। प्रशिक्षण शिविर में बी.एन.के.बी. महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.शुचिता पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस शिविर में 500 कैडेट ने प्रतिभाग किया, जिसमें 203 बॉयज कैडेट्स और 197 गर्ल्स कैडेट्स शामिल रहे। महाविद्यालय की गर्ल्स कैडेट्स अंजलि तिवारी को बेस्ट कैडेट्स का अवार्ड प्राप्त हुआ, साथ ही साथ प्रशिक्षण कैम्प का सीनियर अंडर ऑफिसर बनाया गया। दूसरी गर्ल्स कैडेट्स सोनाली साहू को दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, साथ ही कैम्प का अंडर ऑफिसर बनाया गया। एस. एस. बी. की तैयारी हेतु विशेष प्रशिक्षण के लिए भी चयन हुआ।

इस कैंप में सर्टिफिकेट बी और सी की तैयारी के साथ-साथ शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, बाधा दौड़ प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए एनडीआरएफ की टीम प्रशिक्षण दिया। बी. एन. के. बी. महाविद्यालय के एएनओ डॉ. विवेक कुमार तिवारी ने कहा कि सभी कैडेट्स को फायरिंग का पाठ पढ़ाया गया जिसमें रायफल खोलना जोड़ना, फायरिंग की पोजीशन लेना, रायफल में फायर भरना, फायर पर निशाना लगाना व फायर करना ऐसी पूरी जानकारी छात्रों को उपलब्ध कराई गई। फायर के पाठ पढ़ाते समय प्रत्येक छात्र को पांच-पांच बुलेट देकर फायर करने का अवसर दिया गया। दस दिन चलने वाले कैम्प में कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के उपयुक्त होने वाली सभी बातों का प्रशिक्षण यहां दिया गया।

# सामान्य, पुलिस व व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन की उपस्थिति में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बाउण्ड्रीवाल, रैम्प, फर्नीचर, खिड़कियों-दरवाजों, भवन की स्थिति, मतदान केन्द्र तक पहुँच मार्ग की व्यवस्था आयोग की मंशानुरूप चाक-चौबन्द रखी जाय।

प्रेक्षक श्री राय द्वारा इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में 65 प्रतिशत के लक्ष्य के साथ जिले में स्वीप कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशा भी यही है मतदान में शत-प्रतिशत मतदाता सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में जिले के अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री राय ने सुझाव दिया कि कार्मिकों क्वालिटी बेस्ड प्रशिक्षण प्रदान किया जाय ताकि वे अपने कार्य में पूरी तरह से दक्ष हो जाएं। श्री राय ने जनपद में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कहा कि जनपद बहराइच की सीमा अन्तर्राष्ट्रीय (नेपाल) सीमा होने के कारण संवदेनशील अधिक है, ऐसी स्थिति में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा बल का दायित्व अधिक है। उन्होंने अन्तर्जनपदीय चेक पोस्टों पर सर्तकता बनाये रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला द्वारा बताया गया कि निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शों का अनुपालन कराने हेतु बहराइच पुलिस कटिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रत्याशियों के साथ बैठक कल

**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों में किये जाने वाले व्यय एवं व्यय लेखांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में 29 अप्रैल 2024 को सॉय 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक मे प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी है।

### निर्वाचन व्यय लेखों की जांच को तिथियां निर्धारित

**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखों की जॉच के लिए तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि व्यय लेखा जॉच हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 02 मई 2024 को प्रथम, 06 मई 2024 को द्वितीय एवं 10 मई 2024 को तृतीय एवं अन्तिम जॉच की जायेगी। डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथियों में कोषागार में उपस्थित होकर अपने-अपने निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कराने का कष्ट करें।

### वर्चस्व को ले बीडीओ व एडीओ में तनाव की स्थिति

**सिरौलीगौसपुर/ बाराबंकी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सिरौलीगौसपुर ब्लाक का वैसे तो विवादों से पुराना नाता रहा है परंतु वर्चस्व को लेकर एक बार फिर ब्लॉक के दोनों अधिकारियों के आपस में तनाव की स्थिति बन गई है आपसी तालमेल खराब होने से विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। वहीं छोटे कर्मचारियों का नुकसान होना तय माना जा रहा है।

मामला विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर मुख्यालय का है जहां पर ब्लॉक के अधिकारी एक बार फिर वर्चस्व को लेकर आमने-सामने हो गए हैं जन चर्चा है कि एक सफाई कर्मी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी का भोजन बनाने को एडीओ पंचायत ने मना कर दिया उन्होंने कहा कि जिस गांव में तुम्हारी तैनाती है वहां पर ड्यूटी करो सफाई करने नहीं जाओगे तो वेतन कहां से आएगा बी डी ओ का मानना है की एडीओ पंचायत कार्यालय में तीन सफाई कर्मी लगे हैं तो एक हमारा भोजन क्यों नहीं बना सकता है इसे लेकर दोनों के मध्य तनाव की स्थिति बनी हुई है यह कोई नई बात नहीं है 16 अगस्त 2023 पंचायत कार्यालय स्थानांतरित करने को लेकर तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत के मध्य विवाद में जमकर नारेबाजी धरना प्रदर्शन तक की नौबत आ गई थी जिससे दो दिनों तक विकास कार्य प्रभावित रहा 26 फरवरी 2024 को ब्लॉक के लेखाकार व एडीओ आईएसबी के मध्य किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई देखते ही देखते दोनों के बीच जमकर लात घुसे चले जिसका ग्राम पंचायत के विकास पर असर पड़ा।

# अनुरक्षण कार्य के कारण आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अधि.अभि. विद्युत विजरण खण्ड द्वितीय रंजीत कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल 2024 को 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा पर स्थापित 33 के.वी. मेन बस का अनुरक्षण कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा से पोषित सभी 33 के.वी. पोषकों नानपारा, नानपारा तहसील, मोतीपुर, महसी, रायबोझा, नेपालगंज, मटेरा, बन्जारनटांडा, नवाबगंज एंव बाबागंज से पोषित क्षेत्र की विद्युत प्रातः 09:30 बजे से पूर्वान्ह 11:30 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच पर स्थापित 33 के.वी. मेन बस का अनुरक्षण कार्य किया जाना है जिसके कारण 28 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 03:15 बजे से सांय 05:30 बजे तक 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, बहराइच से पोषित सभी 33 के.वी. पोषकों महसी एवं तेजवापुर से पोषित क्षेत्र की विद्युत अपूर्ति बाधित रहेगी। श्री कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

## 1 मई से राजस्व कोर्ट के समय में होगा बदलाव

**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए 01 मई से 30 जून 2024 तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों के कार्यालय अवधि में परिवर्तन कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 मई से 30 जून 2024 तक जनपद के समस्त राजस्व/चकबन्दी न्यायालयों व राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागारों का कार्य समय प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक नियत किया गया है। कार्यालयों के समय में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

# व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन क्षेत्र का किया भ्रमण



**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

हुजूरपुर रोड पर निरीक्षण के लिए व्यय प्रेक्षक ने कटी चौराहा बस स्टैण्ड के निकट एफ.एस.टी. तथा रानीपुर थाना के निकट एस.एस.टी. की गतिविधियों का जायजा लेते हुए टीम प्रमुख नीरज कुमार वर्मा व अमर सिंह से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा व्यय प्रेक्षक ने गोण्डा रोड पर दोनक्का चौराहा स्थित एस.एस.टी., बाबागंज चौराहा पर एफएसटी, आसाम चौराहा पर एसएसटी तथा रत्नापुर के निकट अशरफा चौराहा पर एफएसटी की गतिविधियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# प्री प्राइमरी में नियमित उपस्थिति से बच्चों की नींव होती मजबूतः सिंह

**सूरतगंज/ बाराबंकी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को प्री प्राइमरी कक्षाओं में नामांकन बढाने हेतु आई0पी0ई0एल0का मोबाइल बाहन (वैन) सूरतगंज ब्लॉक में 8 बजे से प्रा0वि0 मो0पुर खाला प्रथम, प्रा0वि0 चन्दूरा, प्रा0वि0 सूरतगंज प्रथम व प्रा0वि0 रानीगंज पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, बच्चों,अभिभावकों, अध्यापकों के साथ-साथ जनसमुदाय के मध्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्री प्रायमरी कक्षाओं में नामंकन बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

आसपास के लोगो को नामांकन के विषय में बताया गया कि बच्चो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रतिदिन भेजे, शाला पूर्व शिक्षा क्यों जरूरी है यह भी बताया गया तथा इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। आई0पी0ई0एल0की सुश्री प्रगति राज द्वारा लोगो के सामने बच्चों व अभिभावकों के साथ कई गतिविधियां भी करायी गयी। जो गतिविधि प्रतिदिन आगनवाड़ी केंद्र में कराई जाती है।

इस अवसर पर प्री प्राइमरी ब्लॉक सूरतगंज के नोडल अजीत प्रताप सिंह के द्वारा 6 वर्ष के पूर्व के बच्चों को सत प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को नामांकित कराने तथा नियमित स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया गया। लोगों से अपील की गयी कि आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों की नींव है और आप लोग उनकी नीव मजबूत करें। यहाँ पर बच्चों को खेल खेल मे शिक्षा दी जाती है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रतिभा, मन्जू, केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिका, न्याय पंचायत नोडल भूपेन्द्र, शिक्षक अरविंद वाजपेयी, अमरेन्द्र वर्मा, विश्वनाथ, दीपक, मुईनुद्दीन, अफसाह, चन्द्रकेश वर्मा,दीप कुमार, सुधीर, एजाजुद्दीन सहित उन स्कूलों के सभी शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे।

## 'उपजा' की मासिक बैठक संपन्न पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा

**बाराबंकी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नितिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं संयोजक वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार श्रीवास्तव संयोजन में नगर पालिका मार्केट प्रांगण में संपन्न हुई।बैठक में संगठन के विस्तार के साथ ही पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि पत्रकारों बैठने व उनको अपनी खबरों का सम्पादन, लेखन करने के लिए जिले में कोई अधिकृत स्थान नही है वहीं जिला संयोजक दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्ताव रखा कि पत्रकारों का सामूहिक बीमा होना चाहिए। पत्रकारों निःशुल्क इलाज जिला अस्पताल में किये जाने की व्यवस्था होते हुए भी उन्हें दवाएं बाहर से लेना पड़ता है जबकि लोकल परचेज के आधार पर जरूरी दवाएं अस्पताल प्रशासन को खरीद कर पत्रकरो को मुहैया कराया जाना चाहिए। इन सभी विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया और अगली बैठक में इन समस्याओं के निराकरण के लिए रणनीतिक चर्चा कर जिलाधिकारी को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महामंत्री रत्नेश कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कश्यप, सुनील कुमार सोनी, शशांक राठौर, मीडिया प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी सहित संगठन के कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना भोट क्षेत्र में 26 अप्रैल को अभियुक्तों द्वारा घात लगाकर वादी के पुत्र पर जानलेवा हमला कर घायल कर देने के संबंध में वादी की तहरीर पर थाना भोट पर पंजीकृत मु0अ0सा0 66/24 धारा 147/148/149/323/307/506/34 भारतीय दण्ड विधान बनाम सज्जाद आदि 07 नफर की विवेचना के क्रम में 27 अप्रैल को थाना भोट पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त के 04 वाँछित अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी के समय अभियुक्त सज्जाद पुत्र अली मौहम्मद निवासी ग्राम मिलक बादुल्ला थाना भोट से 01 तमन्चा और 01 कारतूस बरामद किया गया।

# प्रेक्षक की मौजूदगी में मतदान कार्मिको का सम्पन्न हुआ द्वितीय रेण्डमाइजेशन



**बहराइच, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी, प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राजकुमार, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर सिद्धार्थ मोदियानी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को 06, 07 व 08 मई 2024 को दो पालियों में केडीसी में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 159 माइक्रोआबर्जवर का भी रेण्डमाईजेशन किया गया।

# मास्टर ट्रेनर्स लोकसभा सामान्य निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी-जिनिअ

**संतकबीरनगर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया एवं ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट, वी0यू0, सी0यू0 के तकनीकि जानकारी एवं संचालन आदि के बारे में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक संत कुमार उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जनपद स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया जाएगा। इसी क्रम में जनपद स्तर पर बेसिक शिक्षा विभाग के ए0आर0पी0, एस0आर0जी0, संकुल प्रभारी, डाइट के प्रवक्ता को ई0वी0एम0 संचालन एवं प्रक्रिया का तृतीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आरंभ में उपायुक्त श्रम रोजगार डॉक्टर प्रभात कुमार द्विवेदी के द्वारा मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इसके उपरांत जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा द्वारा ईवीएम संचालन की जानकारी देते हुए कनेक्शन करने एवं आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके उपरांत प्रत्येक मास्टर ट्रेनर्स से प्रस्तुतीकरण कराया गया कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने के लिए कितने उपयुक्त है। मास्टर ट्रेनर को अंत में ईवीएम का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण अधिशासी अभियंता नलकूप लालचंद के द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनेर ईवीएम संचालन एवं मतदान प्रक्रिया से भली-भाँति अवगत हो लें, क्योंकि इनके द्वारा प्रशिक्षित किए गए मतदान कार्मिकों द्वारा अंतिम रूप से मतदान कराया जाएगा। जितने अच्छे ढंग से मास्टर टेज्नर प्रशिक्षित होंगे उसी प्रकार से प्रशिक्षण दे पाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त मास्टर ट्रेनर का मूल्यांकन करते हुए कहा गया कि प्रशिक्षक यदि संपूर्ण जानकारी रखेंगे तो उनको प्रशिक्षण देना सुलभ होंगा। समस्त प्रशिक्षक इस बात की जानकारी करें कि मतदान के किस चरण पर क्या करना है,।

और क्या समस्याएं आती हैं, उसका समाधान क्या है ,यदि इसको पूरी तरह से समझ लेंगे तो उचित प्रकार से प्रशिक्षण दें पाएंगे।

इस अवसर पर डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव सहित समस्त मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

# महायोगी गोरखनाथ व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विवि के बीच एमओयू

**गोरखपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश के बीच शनिवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान हुआ।



एमओयू पर हस्ताक्षर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलसचिव प्रो. एनएस हरिनारायण मूर्थि ने किया। इस एमओयू के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में फामेर्सी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी आदि शामिल है। दोनों संस्थानों की तरफ से इन विषयों पर अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान के साथ ही वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने, कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, संस्थानों का लक्ष्य शैक्षिक साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेयी ने संस्थानों के बीच एमओयू का स्वागत किया।

# बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार व पुनीत कर्तव्य- रामसजन



**बस्ती , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गौर विकास क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुसहा प्रथम के बच्चों व अध्यापकों ने प्रधानाध्यापक रामसजन यादव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। विद्यालय से निकली रैली मुसहा, जलेबीगंज और बेलसड़ पहुंची, वापस आकर विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान बच्चे मतदान को प्रेरित करने वाले नारे लगा रहे थे, जबकि अध्यापक अध्यापिकायें आम जनमानस को मतदान का महत्व बता रही थीं। प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने कहा मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार और पुनीत कर्तव्य है। संविधान ने हमे वह शक्ति दी है कि हर पांच साल बाद हम अपने पसंद की सरकार चुनें इस अवसर पर दशरथनाथ पाण्डेय, विमला देवी, शंकराचार्य, विजय श्रीवास्तव, कुमकुम श्रीवास्तव आदि का योगदान रहा।

# युवक का शव व बाइक मिलने से मचा हड़कंप

**खरगूपुर (गोंडा) , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को तड़के सड़क के किनारे गड्ढे में दुर्घटनाग्रस्त बाइक व युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान करवाने के लिए प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया। बताया जाता है कि सुबह जब उधर से राहगीर गुजर रहे थे, तब रास्ते में एक दुर्घटनाग्रस्त बाइक पड़ी हुई दिखाई पड़ी। इसके बाद लोगों ने बाइक सवार की खोज की। करीब जाकर देखा तो पुलिया के पास झाड़ में एक युवक का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस चौकी को सूचना दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को खरगूपुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत बलरामपुर गोंडा राजमार्ग पर बनी हुई

# सोशल मीडिया प्रचार व्यय प्रत्याशी के खर्च में होगा शामिल-जिनिअ

**संतकबीरनगर , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन अभियान में सोशल मीडिया के इस्तेमाल के संदर्भ में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने बताया कि आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्याशियों के व्यय का सही लेखा अनुरक्षित करने और व्यय का विवरण प्रस्तुत करने, दोनों के लिए प्रचार के सभी व्ययों में सोशल मीडिया के विज्ञापनों के व्यय भी सम्मिलित होंगे। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ विज्ञापनों को कैरी करने के लिए इंटरनेट कंपनियों और वेबसाइटों को किए गए भुगतान के साथ-साथ विषय वस्तु के रचनात्मक विकास पर होने वाले प्रचार संबंधी प्रचालनात्मक व्यय, ऐसे प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को बनाए रखने के लिए नियोजित कामगारों की टीम को दिए गए वेतनों और मजदूरियों पर प्रचालनात्मक व्यय आदि सम्मिलित होंगे।

उक्त के संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित प्रभारी/नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार के साथ ही अन्य माध्यम जैसे बल्क एसएमएस, वॉइस कॉल इत्यादि द्वारा किए गए।

प्रचार पर होने वाले व्यय के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों को समस्त राजनीतिक दलों,निर्वाचन अभ्यर्थियों/प्रत्याशियों और मीडिया सहित सभी संबंधितों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्बुलेंस कर्मियों ने पशु सेवा का लिया संकल्प

**बस्ती, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन शनिवार को बस्ती नगर के मुख्य पशु चिकित्सा कार्यालय किया गया। यहां कर्मियों ने पशुओं की सेवा का संकल्प लिया। पशु चिकित्सकों द्वारा किए गए जीवन रक्षक कार्यों को उजागर करने और बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा की गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अमर सिंह ने कहा कि यह दिन उन लोगों को पहचान और सम्मान प्रदान करता है, जिन्होंने अपना जीवन पशु सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इंसानों की तुलना में जानवर की देखभाल करना कठिन है। कहा कि पशु चिकित्सा दिवस की शुरूआत पशुओं के स्वास्थ्य, कल्याण और अधिकारों को बनाए रखने के लिए की गई थी। इसमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनूप सोनकर, डॉक्टर अमर कुमार, डॉक्टर अब्दुल हफीज,डॉ अभय चौधरी एवं समस्त 1962 कर्मचारी,1962 प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### विवेकानन्द कालेज ऑफ फार्मेसी के 4 छात्रों का चयन

**बस्ती, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** स्वामी विवेकानन्द कालेज ऑफ फामेर्सी रिठिया महरीपुर में आयोजित पूल कैम्पस प्लेसमेंट के आयोजन में बैचलर ऑफ फामेर्सी के 4 छात्रों सूर्यान्श सिंह, गरिमा सिंह, शिवम अग्रहरि, शनि कुमार और डिप्लोमा इन फामेर्सी के छात्र राजकुमार का चयन मकलिओयद फर्मास्यूटिकल कम्पनी में क्वालिटी कन्ट्रोल डिपार्टमेन्ट में हुआ है।स्वामी विवेकानन्द कालेज ऑफ फामेर्सी के संस्थापक सत्य प्रकाश सिंह ने 4 छात्रों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा है कि निश्चित रूप से यह बड़ी उपलब्धि है। कहा कि छात्र कालेज का मान बढाये। आने वाले दिनों में और छात्रों के चयन का प्रयास किया जायेगा।

### चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन

**देवरिया, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत जनपद के विकास खंडों में मतदाता जगरूकता हेतु चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। गौरी बाजार विकास क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवतहा में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्रा सुंदरी, अर्चना, महिमा ने मेहंदी मतदाता जागरूकता संबंधी मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं पियूष, शिवम एवं अभिषेक ने पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रावतपार पांडे में स्वीप नोडल अवनीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों द्वारा रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया, वही विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार में प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार सिंह की देखरेख में बच्चों ने ग्रामवासियों को मतदान के लिए जागरूक किया।प्रधानाध्यापक ने प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक कराकर सभी सदस्यों से एवं ग्रामवासियों से 1 जून को मतदान करने की अपील की। बरहज विकास क्षेत्र में नगर पालिका परिषद बरहज में चल रहे ।

### बिना आईडी बुक न करें होटल

**बस्ती , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समस्त होटल, धर्मशाला, मैरिज लान, रेस्टोरेण्ट आदि के मालिको/प्रबन्धको के साथ आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय आदि के संबंध में कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का राजनैतिक गतिविधि आयोजित होती है, तो इसकी सूचना कलेक्टेज्ट स्थित कंट्रोल रूम को अवश्य सूचित करें। कंट्रोल रूम का फोन नम्बर-9452456735 है। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की बुकिंग का साक्ष्य अपने पास अवश्य रखें तथा बिना आईडी कार्ड के किसी भी परियोजन हेतु बुकिंग ना किया जाय। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार तथा होटल, धर्मशाला, मैरिज लान, रेस्टोरेण्ट के मालिकगण उपस्थित रहें।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आये बाइक सवार की मौत

**कर्नलगंज (गोण्डा), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अनियंत्रित वाहन ने एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवी तिलमहा खजुहा के पंडा पुरवा निवासी टिंकू शुक्ला उम्र करीब 30 पुत्र माधवराज बाइक से कहीं निमंत्रण में गया था और घर वापस लौटते वक्त कर्नलगंज-परसपुर वाया नवाबगंज मार्ग स्थित नचनी पहुंचा था कि तभी किसी अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वाहन मौके से फरार हो गया।

# जिनिअ ने घने जंगलों से गुजरकर परखी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं

**बलरामपुर, 27अप्रैल (तरुण मित्र)** ।मतदान के दिन सभी मतदान बूथ पर शमियाना लगाकर छाया की व्यवस्था , सुराहियों एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था , शौचालयों की 6 बार सफाई का डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश मतदान कार्मिकों को स्वच्छ एवं स्वादिष्ट भोजन तथा समय से चाय एवं नाश्ता कराया जाएगा उपलब्ध , डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को सौंपी जिम्मेदारी चुनाव के त्योहार में एक एक वोट की अहम महत्व है , इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान बूथ पर मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी चाहे मतदान बूथ कितनी भी दुर्गम इलाके में क्यों न हो । जनपद दुर्गम इलाकों में स्थित मतदान बूथ जहां पर नदी पार करके जाना पड़ता है तथा घने जंगलों से होकर जाना पड़ता है ऐसे मतदान बूथ का डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया । डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तहसील उतरौला में दुर्गम क्षेत्र में स्थित मतदान बूथ भारवालिया पर नाव से नदी पार कर पहुंचा गया ।इस दौरान उन्होंने बूथ पर मूलभूत सुविधाएं विद्युत की पहुंच , स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था , साफ सुथरे शौचालय , साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था , रसोई आदि जायजा लिया। उन्होंने स्वयं नल एवं हैंडपंप चलाकर पानी की उपलब्धता को देखा , निरीक्षण में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु पूर्व में की गई बैठकों में दिए गए निर्देशों में क्रम में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली।



डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के दिन पर्याप्त मात्रा में सुराहियों एवं घड़ों में ठंडा पेयजल उपलब्ध कराए जाने , विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था रखे जाने का निर्देश दिया। इससे दौरान उन्होंने प्राथमिक पाठशाला नंदौरी एवं प्राथमिक पाठशाला मझारीतप्पाबांक मतदान बूथ का निरीक्षण किया ।

# लोस चुनाव: पेड न्यूज को ले मीडिया कार्यशाला आयोजित

**बस्ती, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता, विज्ञापन, पेड न्यूज के संबंध में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें इस संबंध में आयोग के निर्देशों से प्रेस प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए उनसे सहयोग की अपील की गयी।



इस अवसर पर एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने कहा कि जाति, धर्म या भाषा के मतभेदों को बढाने वाले समाचार प्रकाशित ना किये जाये। कलेक्टेज्ट सभागार में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि व्यक्तिगत आक्षेप की खबरें प्रकाशित करने से बचें। उन्होने कहा कि जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील प्रकाशित नही की जाये। निर्वाचन के दौरान पूजा के स्थलों को प्रचार हेतु प्रयोग नही किया जायेंगा। उन्होने पेड न्यूज के बारे में जानकारी देते हुए ।

# लंदन के कृष्ण का बैग तलाश कर कैंट पुलिस ने किया सुपुर्द

**गोरखपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लंदन के रहने वाले कृष्ण गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे कि उनका ऑटो में बैग छूट गया जिसमें लैपटॉप और उनके रिसर्च के पेपर कैमरा लेंस आदि सामान थे । वह लंदन और भारत पर रिसर्च कर रहे है। बैग में उनके कीमती डॉक्यूमेंट थे। कीमती सामान बैग में छूट जाने से वह काफी परेशान थे इसकी सूचना उन्होंने कैंट थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा को दी। कैंट थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा ने बैग की तलाश के लिए दो टीमें लगाई गई काफी प्रयास के बाद कुछ ही घंटों में कांस्टेबल संजीत यादव को खोया हुआ बैग मिल गया। बैग मिलने की सूचना पर विदेशी नागरिक के चेहरे पर खुशी देखने को मिला क्योंकि उस बैग में उसके जीवन का महत्वपूर्ण कागजात व कीमती सामान थे इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि विदेशी नागरिक कृष्ण जो लंदन के रहने वाले हैं उनका ऑटो रिक्शा में बैग छूट गया था।



# क्षेत्र को खुशहाल बनाने की कामना से लड़ूंगी चुनाव-अरुणिमा

**गोण्डा , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** देवी पाटन मण्डल मुक्ति मोर्चा की ओर से चुनाव लड़ने जा रही अरुणिमा पाण्डेय ने कहा कि आजादी के 75 सालों बाद भी देवी पाटन मंडल विकास में प्रदेश में सर्वाधिक पिछड़ा क्षेत्र है। मंडल के विकास व रोजगार का क्षेत्र विकसित करने व शिक्षा की ज्योति जलाने का संकल्प लेकर वह चुनावी मैदान में उतर रही है। शिक्षा और पत्रकारिता से जुड़ी अरुणिमा ने बताया कि उनके चुनाव प्रतिनिधि ने शुक्रवार को चुनाव कार्यालय से नामांकन फार्म ले लिया है और शुभ मुहूर्त में नामांकन करेंगी।

# एएसपी ने प्रत्याशियों को नामांकन पर दिये निर्देश

**बस्ती , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आज शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत दिनांक 29 अप्रैल 2024 से 06 मई 2024 तक जनपद बस्ती में होने वाले प्रत्याशियों के नामांकन हेतु समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षकगण के साथ मीटिंग की गयी।



अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा बताया गया कि जनपद बस्ती के कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए गए नामांकन स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत राजपत्रित अधिकारीगण को प्रभारी नियुक्त करते हुए थाना प्रभारियों, महिला पुलिस, पीएसी व भारी पुलिस बल के साथ चप्पे-चप्पे पर ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश-निर्देश एवं धारा 144 का शतप्रतिशत अनुपालन कराने हेतु ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को दृढ़ता के साथ ड्यूटी करने एवं शान्ति/कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं उच्चाधिकारीगण के आदेशों निर्देशों से अवगत कराया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बस्ती, प्रभारी चुनाव सेल, समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षकगण व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रबंधन की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

## जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को लू एवं सूखा प्रबंधन के लिए पहले से तैयारी एवं प्रभावी कार्यवाही के दिए निर्देश

**बलरामपुर, 27अप्रैल (तरुण मित्र)** । शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ के मद्देनजर जनपद स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिलाधिकारी ने सभी संबन्धित विभागीय अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बन्धित तैयारियों को बाढ़ से पहले पूर्ण कर लेने के साथ ही लू एवं संभावित सूखे से बचाव के लिए तैयारियां एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड जेके लाल द्वारा बताया गया कि बाढ़ नियंत्रण के लिए बाढ़ खण्ड द्वारा वर्तमान में 05 बाढ़ निरोधक कार्य कराये जा रहे हैं।



जिलाधिकारी ने एक्सईएन बाढ़ खण्ड को निर्देशित किया कि वे एमएलटीडी तटबंध के निर्माण कार्य कटान के संवेदनशीलता के आधार पर स्थानों का चिन्हांकन करते हुए जून माह से पहले हर हाल में पूरा करायें तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं को आगामी 20 मई तक पूर्ण कराकर रिपोर्ट दें। अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड को निर्देश दिए कि वे बाढ़ क्षेत्रों की सूची उनके बाढ़ खण्ड के अनुसार तैयार करा लें जिससे बाढ़.के दौरान राहत कार्य पहुंचाने में दिक्कत न हो। निर्देश दिए कि बाढ़ खण्ड के अधिकारी ऐसे नालों का सर्वे करा लें जो कि जनपद में बाढ़ के कारक हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर बाढ़, लू एवं सूखा प्रबंधन सम्बन्धी बैठक आयोजित कर अपने स्तर पर तैयारियों की समीक्षा कर लें तथा राजस्व, बाढ़खण्ड और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर अपने-अपने तहसील क्षेत्र के बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण करा लें ताकि बाढ़ से पूर्व कहां पर क्या करने की आवश्यकता है, इसके बारे में जानकारी हो सके और समय रहते तैयारी पूर्ण कराई जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि वे नालों का सत्यापन करा लें तथा यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों में सफाईकर्मियों की तैनाती अनिवार्य रूप से हो। पीड़ितों एवं राहत कैम्पों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए उच्च स्थानों का चिन्हांकन कर नलों को उच्चीकृत कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे बाढ़, लू से बचाव के दृष्टिगत जिला अस्पताल, महिला अस्पताल तथा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, पीएचसी पर सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं तथा वहां पर तैनात होने वाली मेडिकल टीम के अलावा वहां के लेखपालों एवं पंचायत सचिवों को आवश्यक दवाओं के बारे मे जानकारी देने के साथ ही उन्हें कुछ दवाइयां उपलब्ध करा देगें ताकि जरूरत पड़ने पर लेखपाल और सचिव सामान्य दवाइयां प्रभावितों तक पहुंचा सकें। सर्पदंश व रैबीज से बचाव के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में एन्टी स्नैक वेनम और एन्टी रैबीज इंजेक्शन की उपल्बधता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पशुओं का सर्वे कराकर उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें।

# जल्द निस्तारित करें पीआरडी जवान के प्रत्यावेदन

**गोंडा , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पीआरडी जवान ने महानिदेशक प्रांतीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर उच्च न्यायालय के रिट संख्या 2875/2024 का पालन करने के संबंध में लिखा है। बताते चलें कि छह माह पूर्व बिना कारण बताए पीआरडी जवान को सेवा से वंचित करने के मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने संज्ञान ले लिया है। महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल को छह सप्ताह में अदालत से नियमानुसार प्रत्यावेदन निस्तारित करने का आदेश दिया गया है। ग्राम पथवलिया पोर्टरगंज निवासी शेषनरायन मिश्र ने अधिवक्ता पंकज शुक्ल के माध्यम से उच्च न्यायालय की लखनऊ ₹ खंडपीठ में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा कि साल 1994 में 22 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने प्रांतीय रक्षक दल में सेवा शुरू की थी। तभी से वह लगातार विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।

# अज्ञात कारणों से लगी आग सैकड़ों घर जलकर राख

**राजापाकड़/कुशीनगर , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अज्ञात कारणों से लगी आग में बिरवट कोनहवलिया जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान व स्थानीय पुलिस प्रशासन,तहसील प्रशासन के कठिन मेहनत से आग पर काबू पाया जा सका तब-तक 115घर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक लगीं आग ने सैकड़ों घरों से उपर आग ने अपने आगोश में ले लिया था,हम लोग किसी वस्तु को निकाल न सके।

सूचना पर पहुंचे तमकुही राज एसडीएम विकास चंद ने हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय विधायक अजय कुमार लल्लू ने भी मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने का हर सम्भव प्रयास करते हैं, तो वहीं पूनः शुक्रवार के दिन पीड़ितों में अपने स्तर से राहत सामग्री बांटी। तो वहीं मौके से जिलाधिकारी को टेलीफोन कर आग पीड़ितों को मदद करने की मांग भी की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आनन्द सिंह ने बताया की पीड़ित सभी लोगों के लिए एक जगह भोजन बनाया जा रहा है। मेरा प्रयास है कि शासन स्तर से मिलने बाले सभी मदद को यथाशीघ्र पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाय।तो वहीं देर शाम सुचना पर पहुंच क्षेत्रीय विधायक ने भी शासन स्तर से मिलने बाले राहत को यथाशीघ्र पीड़ितों में उपलब्ध कराने के लिए अधिकारीयों को आदेशित किया।



# कमिश्नर और डीआईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

- मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं को रखें दुरूस्त: कमिश्नर
- इन्टरस्टेट बॉर्डर पर लगातार करें चेकिंग: डीआईजी

**झांसी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झॉसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मद्देनजर 20 मई को होने वाले मतदान हेतु तहसील मऊरानीपुर क्षेत्र के संवेदनशील (क्रिटिकल) व अतिसंवेदनशील (वल्नेरबल) मतदान केन्द्रों/बूथों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अर्द्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के ठहरने के स्थानों का भ्रमण, इण्टर स्टेट बॉर्डरों पर चैकिंग हेतु बनाये गये बैरियरों पर चुनाव तक चैकिंग करने के निर्देश दिए गए।



## फ्लैग मार्च निकाला जाए

डीआईजी ने कहा कि क्रिटिकल व वल्नेरबल मतदान केन्दों में एसडीएम / क्षेत्राधिकारी पर्याप्त पुलिस बल व सीएपीएफ के साथ एरिया डोमिनेशन तथा फ्लैग मार्च कर लोगों को भयमुक्त व निर्भीक होकर मतदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का शतः प्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश दिये गये, साथ ही स्पष्ट हिदायत दी की इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। भ्रमण के दौरान एसडीएम मऊरानीपुर भूपेश तिवारी व क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर लक्ष्मीकान्त गौतम आदि मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने तहसील मऊरानीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ग्राम स्यावनी खुर्द भाग-1 व 2, प्राथमिक विद्यालय ग्राम रेवन भाग-1,2 व 3, प्राथमिक विद्यालय ग्राम बेरबई भाग-1 व 2, प्राथमिक विद्यालय ग्राम अक्सेव, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय घाटलहचूरा भाग-1व 2 के पोलिंग बूथों का भ्रमण किया। साथ ही थाना लहचूरा क्षेत्र के इन्टर स्टेट बॉर्डर घाट लहचूरा को चेक कर निर्देश दिए गए।

डीआईजी ने बताया कि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी मूलभूत सुविधाऐं जैसे पानी, बिजली, रैम्प, शौचालय, फर्नीचर व छाया आदि की तैयारियां को चेक किया गया। जिन केन्द्रों पर सीएपीएफ फोर्स ठहरने की व्यवस्था है, उसका जायजा लेकर मानक के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# एक लाख कीमत के 10 किलो गांजा सहित चार गिरफ्तार

**झांसी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राजकीय रेलवे पुलिस और रेल सुरक्षा बल की टीम ने गांजा तस्करी करने के आरोप में चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। यह लोग उड़ीसा से गांजा खरीदकर बागपत ले जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए तस्करों को अदालत में पेश किया। जहां से उनको जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सीओ जीआरपी नईम मंसूरी के पर्यवेक्षण में जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार, आरपीएफ के डिटेक्टिव विंग के सहायक उपनिरीक्षक नवीन कुमार मय स्टॉफ के साथ गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि स्टेशन परिसर में गांजा के चार तस्कर खड़े हैं। वह उड़ीसा से गांजा खरीदकर झांसी लाए हैं। यहां से वह बागपत ले जाएंगे।

इस सूचना पर गई टीम ने घेराबंदी कर चारों तस्करों को दबोच लिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक बागपत के थाना छपरौली के ग्राम सौदा पट्टी में रहने वाले हरबीर सिंह, किरण पाल, अनवर और आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 9.550 किग्रा गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत एक लाख नब्बे हजार रुपया है। गिरफ्तार किए गए चारों तस्करों को अदालत में पेश किया। वहां से उनको जेल भेजा गया।

# व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण कर अधिकारियों संग की बैठक

## शान्तिपूर्ण मतदान को गंभीरतापूवर्क कार्य करने के निर्देश

**ललितपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत व्यय प्रेक्षक बसंत कुमार (आईआरएस) ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनीटरिंग कण्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेक न्यूज, भ्रामक एवं भड़काऊ खबरों पर विशेष निगरानी की जरूरत है, साथ ही जनपद के वल्नेरेबल बूथों की बारीक नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि एमसीएमसी, सोशल मीडिया सेल



के माध्यम से राजनैतिक गतिविधियों पर भी नजर रखें। अवैध शराब की बिक्री को प्रतिबंधित करें, उनके ठिकानों पर दबिश दें, अवैध कैश जब्तिकरण की कार्यवाही करें।

साथ ही क्षेत्र में एफएसटी, एसएसटी को सक्रिय रहने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनीटरिंग कण्ट्रोल रुम में प्रेक्षक ने टीवी चैनल्स पर प्रसारित होने वाली खबरों की निगरानी करने के निर्देश दिये, उन्होंने शिकायत/जानकारी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रत्येक कॉल पर मधुर तरीके से सम्बंधित जानकारी दें, साथ ही निर्वाचन सम्बंधी सभी जानकारी अद्यतन रखें।

अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, जिला आबकारी अधिकारी विजय सिद्धान्त, जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शालीनता से भरे बच्चे होते सम्मान योग्य : नवलेश

**चित्रकूट, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का रसपान कराया।

शनिवार को जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित भारद्वाज आवास में जारी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। बच्चे वही सम्मान के योग्य होते हैं, जिनमें शालीनता होती है। वह माता-पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सद्गुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते, वह कान सचमुच



बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंध की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं, जबकि कटु वचन कांटों समान हृदय में चुभते हैं। जीवन में हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोलें। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं, जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन से खुद को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव, कष्ट, सुख-दुख का मार्मिक वर्णन किया। श्रोता मंत्रमुग्ध रहे।

जड़ भरत को कहते हैं, जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगायेंगे, तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नहीं है। जितनी अधिक उम्मीद करेंगें, निराशा मिलेगी। संसार में उम्मीद नहीं करना चाहिए। कर्म में विश्वास करें। अपेक्षा से अधिक मिलता है। भगवान का जन्मोत्सव मनाया। आरती बाद प्रसाद बांटा। इस दौरान मुख्य यजमान राकेश भारद्वाज, धर्मपत्नी कामिनी भारद्वाज, अनिल भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, केदारनाथ द्विवेदी, गरीबदास गर्ग, राज नारायण गर्ग आदि सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## कोचिंग टीचर पर दुष्कर्म का आरोप

**ललितपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कोचिंग पढ़ाने के बहाने दो नाबालिग मासूमों से अश्लीलता व दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आते ही शहर में चचाओं का बाजार गर्म हो गया। शनिवार को सुबह प्रकाश में आये इस प्रकरण के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरी ओर महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अलावा अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।शहर क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी दो पुत्रियां जो कि नाबालिग हैं को पड़ौस में रहने वाला 24 वर्षीय अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर कोचिंग पढ़ाने के बहाने घर में बुलाता था। कोचिंग पढ़ाने को लेकर उसे भी कोई ऐतराज नहीं था।

# पार्किंग कर्मियों की गुंडई, कार सवार का सिर फोड़ा

## जिला अस्पताल में हो रहा इलाज मूकदर्शक बनी रही रेलवे पुलिस

**झांसी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** वीरांगना रानी झाँसी रेलवे स्टेशन परिसर में प्रीमियम पार्किंग के कर्मचारियों ने कार सवार से विवाद के बाद उसे इतना पीटा कि उसका सिर फूट गया। पूरा दृश्य देखने के बाद भी जीआरपी पुलिस कार्यवाही न करने को लेकर आरोप के घेरे में है। मामला के अनुसार विगत शाम कार खड़ी करने को लेकर प्रीमियम पार्किंग के कर्मचारियों ने कार सवार को बेरहमी से पीटा और उसका सिर फोड़ दिया।

उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पीड़ित घायल अर्पण तिवारी ने बताया कि वह मध्य प्रदेश के निवाड़ी का रहने वाला है और अपने साथी को लेने के लिए रेलवे स्टेशन आया था, जहाँ अवैध वसूली कर रहे पार्किंग कर्मचारियों से विवाद हो गया। जिसके बाद पार्किंग कर्मियों नें उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। यह देख उसका साथी उसे बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। यह पूरा नजारा वहां मौजूद जीआरपी के सामने हुआ और वह मूकदर्शक बन देखती रही। मारपीट के दौरान जब अर्पण का सिर फूट गया जब पुलिस ने हरकत में आई और किसी प्रकार झगड़े को शांत कराया। पुलिस ने मौके से एक दो लोगों को हिरासत में लिया और घायल को उपचार के जिला अस्पताल भेज दिया है।

# आक्सीजन पार्क बना अराजक तत्वों का अड्डा, उप जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान

**बाँदा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अतर्रा अभी कुछ दिन पूर्व ही भाजपा नेता / समाजसेवी राकेश कुमार गौतम ने उप जिलाधिकारी से मिल कर नहर कोठी के पास बने ऑक्सीजन पार्क मे हो रही अराजकता और उसकी गंदगी के बारे में एक पत्र देकर वहां साफ सफाई व अराजक तत्वों पर कार्यवाही के लिए एक पत्र दिया था जिसके क्रम पर उप जिलाधिकारी ने पत्र का संज्ञान लेते हुए आज शनिवार के दिन नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी के साथ ऑक्सीजन पार्क पहुंचे वहां की हकीकत को देखा और बहुत जल्द उसको दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। ऑक्सीजन पार्क बनवाने के नाम पर नहर कोठी के अंदर के बहुत से पेड़ जैसे आम, महुआ, शीशम, आदि बहु कीमती पेड़ों को काटकर ऑक्सीजन पार्क बनवाया गया था जिसमें लाखों रुपए खर्च किए गए हैं जो आजकल शराबियों एवं अराजक तत्वों का अड्डा बना हुआ है नगर के बहुत से लोग वहां सुबह योग व्यायाम मॉर्निंग वॉक करने जाते हैं वही दूसरी तरफ शाम को शराबी अपना अड्डा बनाये हुए हैं समाजसेवियों की मांग पर उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर बहुत जल्द सही करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित कर कहा कि जल्द ही उसकी साफ सफाई कर वहां पर समुचित व्यवस्था करवाये।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बाँदा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी।

बैठक में नोडल अधिकारी वी0बी0डी0 ने दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मॉनीटिरिंग डाटा प्रस्तुत किया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बबेरू बैठक में उपस्थित न होने पर उक्त दिवस का वेतन रोकने के आदेश दिये।

साथ ही समस्त को निर्देशित किया कि सभी हीटवेव के विषय में जनमानस को जागरूक करें।शिक्षा



विभाग - जिला वेशिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया की समस्त विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों का लू एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु, साफ-सफाई के विषय में जानकारी दी जाये। बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग- सीडीपीओ कमासिन एवं जसपुरा को निर्देशित किया गया कि आंगनवाडियों की विजिट में सुधार करना सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य विभाग- समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आशाओं की विजिट में सुधार करना सुनिश्चित करें एवं आशाओ, सीएचओ एवं एएनएम को आदेशित करें कि क्षेत्र में लक्षण युक्त पाये जाने वाले मरीजों का विवरण यूडीएसपी पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। के क्रम में अधीक्षक बबेरू को निदेशित किया गया कि समस्त सीएचओ ए0एन0एम0 को 12 बीमारियों एवं यूडीएसपी पोर्टल के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।

# मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने किया रवाना

**चित्रकूट, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में आपूर्ति विभाग ने गैस एजेन्सी संचालकों के साथ मतदाता जागरूकता रैली पाठा जलकल से शुरू कराई। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने रैली को रवाना करते हुए कहा कि 20 मई को मतदान केन्द्रों में प्रतिशत बढाने को रैली निकाली जा रही है, ताकि लोग जागरूक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। जिला पूर्ति अधिकारी की मतदाता जागरूकता बाबत रैली में तीन दर्जन वाहनों पर




बैनर व रंगीन गुब्बारे से सजे थे। मतदाताओं को जागरूक करने को आकर्षक नारे के साथ लाउडस्पीकर से प्रचार भी किया। रैली पाठा जलकल से शुरू होकर गंगाजी रोड होते हुए चकरेही चौराहा पहुंची।

आम जनता ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। चकरेही चौराहा से धनुष चैराहा, पटेल चैराहा, एलआईसी चैराहा से मिशन रोड होते हुए धुस मैदान से गुजरकर पाठा जलकल में समापन हुआ। समापन पर जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह समेत गैस डिलीवरी वाहन चालक, डिलीवरी मैनों से कहा कि प्रत्येक सिलेण्डर पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर ही सिलेण्डर की डिलीवरी करें।

इस मौके पर एसडीएम आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक मऊ अनुज कुमार पटेल, पूर्ति निरीक्षक मानिकपुर प्रदीप त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक राजापुर कृपाशंकर द्विवेदी, अरविन्द कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, स्वीप सुरेश प्रसाद समेत गैस एजेंसी संचालक व कोटेदार मौजूद रहे।

## भरतकूप-बदौसा के बीच पटरी पर मिला शव

**चित्रकूट, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भरतकूप व बदौसा के बीच रेलवे पटरी पर एक अधेड का शव मिलने की सूचना दी गई है। 26 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल चित्रकूटधाम कर्वी के सहायक उपनिरीक्षक कमलेश कुमार तिवारी व सिपाही श्रीराम के साथ घटना स्थल पहुंचे। मौके पर गेटमैन राजकमल वर्मा, कीमैन रमेश पटेल मिले, ये शव की देखरेख कर रहे थे। शव को लाइन किनारे सम्मान से रखे थे। भरतकूप थाने के दरोगा केडी यादव स्टाफ समेत आये।

मृतक के पिता व बड़ा भाई सुरेश भी पहुंचे। गांव के 20-25 लोग भी मौजूद थे। जिन्होंने बताया कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था। लाइन किनारे कैसे आ गया, नहीं मालूम।

मृतक का नाम प्रेमबाबू (30) पुत्र रामहित रैदास बड़ोखर थाना गिरवा जिला बांदा का था। उसके पास से कोई टिकट व सामान नहीं मिला। भरतकूप थाने के दरोगा ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# संक्षिप्त समाचार

## लोस चुनाव में बच्चों से कार्य लेना होगा उल्लंघन

**चित्रकूट, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि बच्चों को बाल श्रमिक बनाना कानूनी अपराध है। निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर लोस चुनाव में लोस प्रत्याशियों समेत खासतौर पर चुनाव बाबत प्रचार-प्रसार गतिविधियों व पम्पलेट, पोस्टर चिपकाना आदि कार्य में किशोर/ किशोरियों 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लगाने पर आचार संहिता उल्लंघन माना जाएगा। शनिवार को उन्होंने सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से कहा कि चुनाव प्रचार-प्रसार में बच्चों को उपयोग में लेने से बचना होगा। ऐसी कोई भी गतिविधि जिसमें बच्चे श्रम करते शामिल होंगे, बाल श्रम माना जाएगा। बाल श्रम के उल्लंघन पर लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

## सनशाइन क्लब ने किया प्याऊ का शुभारम्भ

**झाँसी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सनशाइन क्लब के तत्वावधान में डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता, संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व समाजसेवी डॉ सन्दीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता के संयोजन में सनशाइन क्लब द्वारा द्वितीय प्याऊ




का शुभारंभ कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन के साथ शीतल जल के मटकों का पूजन कर हुआ। समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा कार्यक्रमों में आए हुए अतिथियों व अन्य आगंतुकों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोदअग्रवाल, अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस, अखिलेश बिलगइयां, अजय राय, गोपाल साहू, शिवकुमार सरावगी, अशोक लोहिया, अजीत राय अध्यक्ष क्षत्रिय कलचुरी कलवार महासंघ, विकास नगरिया सभासद, संजीव गुप्ता सभासद वार्ड नंबर 59, दीपक नामदेव, परी पटेल, काजल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। आभार संयोजक विशाल गुप्ता ने व्यक्त किया।

## फेल होने पर हाईस्कूल के छात्र ने दी जान

**झांसी, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** हाईस्कूल के छात्र ने परीक्षा में फेल होने से दुःखी होकर आग लगा ली। झुलसी अवस्था में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमीरपुर जिले में अमरचंद्र परिवार समेत रहता है। वह पीआरडी के जवान पर तैनात है। अमरचन्द्र का 17 वर्षीय बेटा साहित्य अहिरवार हाईस्कूल का छात्र था। साहित्य की दो बहनें हैं। जिसमें एक बहन झांसी में रहकर पढ़ाई करती है। साहित्य ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। जिसमें वह फेल हो गया। 21 अप्रैल को रिजल्ट आने पर उसे पता चला कि वह फेल हो गया। जिससे वह दुःखी हो गया। 22 अप्रैल को अमरचन्द्र अपनी ड्यूटी पर गया था। मां बकरियां चराने खेत पर गई थी। छोटी बहन घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आस-पास के लोगों ने देखा कि घर से धुआ उठ रहा है। अंदर जाकर देखा तो साहित्य आग से जल रहा था। किसी प्रकार आग को बुझाया गया, तब तक वह गम्भीर रुप से झुलस गया था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल से उरई रेफर कर दिया गया। यहां भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इस कारण उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एआरटीओ व ट्रैफिक पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान

**ललितपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 4 मई तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखबाड़ा के क्रम में एआरटीओ मो. कय्यूम एवं यातायात उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी द्वारा इलाइट चौराहा पर संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उसके उपरान्त प्रवर्तन



कार्यवाही की गयी, जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग न करने के अभियोग में 35 चालान, चार पहिया वाहन का संचालन करते समय सीटबेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग 12 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के विरूद्ध 8 चालान, रॉग साइड वाहन का संचालन किये जाने के अभियोग में 5 चालान एवं वाहन पर एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट न लगे होने के अभियोग में 7 चालान करते हुये प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

## तीन के कब्जे से अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 102 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। शनिवार को बरगढ थाने के दरोगा पवन कुमार प्रधान ने ननकू पुत्र रामसजीवन कटैया डांडी के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने महेश प्रजापति पुत्र संतोष प्रजापित कहेटामाफी के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने बालकेश सोनकर पुत्र लवलेश सोनकर गोस्वामी नगर राजापुर के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## देशी शराब संग आरोपी गिरफ्तार

**बाँदा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रात्रि को थाना कालिंजर पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कटरा कालिंजर से सहीबुद्दीन पुत्र रहीश निवासी कटरा कालीँजर को उसके घर से अवैध कच्ची देशी शराब महुआ की बिक्री करते समय गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध देशी कच्ची 25 लीटर बरामद हुयी है ।

# जिलाधिकारी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण



**ललितपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** चौबयाना के वार्ड 25 में जिलाधिकारी ने बूथों का निरीक्षण किया जिसमें मतदेय स्थलों की आधारभूत सुविधाओं को परखा इसी बीच वार्ड की महिलाओ ने जिलाधिकारी के समक्ष पानी की हो रही किल्लत को लेकर अवगत कराया चौबयाना वार्ड नं0 25 की बहुत दिनो से पानी की समस्या है जिसको लेकर प्रतिदिन मोहल्लेवासियों को पानी की पूर्ति हेतु दूसरे मोहल्ले जाना पड़ता तथा हेण्डपम्प की हालत भी बत्तर है जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है तथा तत्काल प्रभाव से जल संस्थान के अधिकारियों से बात करके समस्या के समाधान की बात कही।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा मतदेय स्थल के साथ साथ वार्डो का भी निरीक्षण किया जाएगा

वार्डो की समस्यो के निस्तरण के लिए संमधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# क्षेत्र में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

### बीईओ ने शिक्षक प्रदीप वर्मा और विद्या सागर को स्वीप आइकॉन की उपाधि से किया सम्मानित



**उन्नाव, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के विकासखंड औरास के ब्लॉक सभागार में आज बीईओ औरास ने विकासखंड के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज शिक्षकों को शैक्षणिक व्यवस्था के सुधार, कायाकल्प की समीक्षा और निस्तारण, विद्यालयों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति रहने, अधिकाधिक नामांकन बढ़ाने एवम् अच्छे परिणामों के लिए अनवरत प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में लगभग 150 शिक्षकों की उपस्थिति रही। ब्लॉक सभागार बैठक के उपरांत औरास बीईओ संजय शुक्ला के नेतृत्व में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन एडुलिडर्स के जिला सह संयोजक और बीईओ औरास द्वारा नामित स्वीप आइकॉन प्रदीप वर्मा एवम् विद्यासागर मिश्र द्वारा किया गया। सभागार से निकली रैली में सभी शिक्षकों ने बैनर, पोस्टर, हस्तलिखित तख्तियों, सेल्फी फ्रेम एवम् नारों के साथ औरास के निवासियों से इस बार लोकतंत्र चुनाव में मतदान की अपील की। महिला शिक्षकों में लक्ष्मी यादव, शशी देवी, कल्पना गौतम, मोनिका यादव, उमा, रजनी खन्ना, प्रतिक्षा सहित अन्य सभी ने महिला मतदाताओं से वोट की अपील कर उन्नाव के साथ साथ भारत को सशक्त बनाने की अपील की। घर घर जाकर की गई अपील में लोगों ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बीईओ औरास ने विकासखंड में मतदान जागरूकता के लिए शुरू से अब तक अनवरत प्रयास करने वाले और जनपदीय रैलियों में भरसक प्रयास कर मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक करने वाले एडुलिडर्स जिला सह संयोजक उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा एवम् विद्या सागर मिश्र को औरास के स्वीप आइकॉन की उपाधि से नवाजा। संजय शुक्ला ने पहले मतदान-फिर जलपान और वोट डालने जायेंगे-अपना फर्ज निभाएंगे आदि नारे लगाकर जनता को जागरूक किया। रैली में उपस्थित सभी शिक्षकों ने घर घर जाकर अठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं से वोट के महत्त्व को समझाया। ए आर पी इम्तियाज, अनूप, रेहान एवम् प्रदीप शर्मा ने कहा कि जब हम अपने घर की चाभी किसी को नहीं सौंप सकते तो वोट न डालकर देश को कैसे किसी के हाथ में सौंपा जा सकता है। विद्या सागर ने कहा की जनपद को मत प्रतिशत में सर्वोपरि रखना जिम्मेदारी है। शशि और लक्ष्मी यादव ने महिलाओं को सबसे आवश्यक कड़ी बतलाया। उमेश तिवारी, महेंद्र सिंह, जन्मेजय ने इसे राष्ट्रीय पर्व बताया और गंगारतन, गौहर ने लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव कहा। औरास स्वीप आइकॉन प्रदीप वर्मा ने बताया की शिक्षकों द्वारा निकाली गई आज की रैली और वृहद स्तर पर लोगों से संपर्क के परिणाम अवश्य ही बढ़े हुए मत प्रतिशत के रूप में सामने आएंगे।

# एसडीएम ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण



**कालपी (जालौन), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार ने यमुना नदी के किनारे बसे गांवों में घूम-घूमकर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं को सुविधाओं के लिए व्यवस्था मुकम्मल रहना चाहिए। शनिवार को एसडीएम हेमंत पटेल तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार ने महेवा बिकास खंड के तमाम ग्रामों के अलावा यमुना नदी किनारे बसे मैनूपुर, मगरौल, हीरापुर, देवकली, कीरतपुर आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिम्मेदारों को हिदायत दी है कि पोलिंग बूथों में बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। पोलिंग बूथों में बाल पेंटिंग की हकीकत परखी। पोलिंग बूथ को निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। बिकास खंड के ग्रामो के पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया पर ही रहेगी प्रशासन की नजर

**उरई (जालौन ), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विभाग में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग समिति कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी सतर्कता एवं गंभीरता पूर्वक किया जाए। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग समिति के द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉन मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रखी जाए। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए गठित टीम सोशल मीडिया की सतत निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक, भड़काऊ एवं कोई असत्य घटना प्राप्त होती है तो तत्काल उसे उच्च अधिकारियों को संज्ञान में लाया जाए। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुवेदी मौजूद रहे।

चुनाव प्रेक्षक ने सीमा बैरियर बूथ आदि का किया निरीक्षण

### हाईवे बैरियर पर वाहनों की लें तलाशी

**सुमेरपुर-हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** चुनाव प्रेक्षक ने शनिवार को हमीरपुर बांदा की सीमा पर बनाए गए बैरियर के साथ उद्योग नगरी में चेकिंग के लिए बनाए गए बैरियर का निरीक्षण करके अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे चुनाव प्रेक्षक पुरुषोत्तम के ने हमीरपुर बांदा सीमा में इसौली गांव के समीप बनाए गए बैरियर का निरीक्षण किया और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीमा की पंचायत टेढा के बूथो का निरीक्षण करके मतदान के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने फैक्ट्री एरिया में पुलिस चैकी के सामने चेकिंग के लिए हाईवे पर बनाए गए। बैरियर का निरीक्षण करके यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन तलाशी लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, फैक्ट्री एरिया पुलिस चैकी इंचार्ज राहुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### 68 लोगों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**सुमेरपुर-हमीरपुर , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई चलाकर 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई के साथ एक के खिलाफ गैंगस्टर लगाया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है। एक अपराधी के खिलाफ गैंगस्टर लगाया गया है। इसके अलावा पांच लोगों को अवैध तमंचा तथा 26 लोगों को अवैध शराब बनाने व बिक्री करने पर पकड़कर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 470 लोगों को पाबंद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हडकंप मच गया है।

### भांग ठेके में बिक रहा खुलेआम गांजा

**सुमेरपुर-हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सुमेरपुर कस्बे में संचालित सरकारी भांग ठेकों में भांग की जगह खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। गांजे की सप्लाई छत्तीसगढ़ के तस्कर कर रहे हैं। पुलिस इस कारोबार से अनभिज्ञ है। सुमेरपुर कस्बे में भांग ठेका बस स्टांप के समीप संचालित हो रहा है। एक ठेका पशु बाजार के निकट फर्जी तरीके से खोखे में चल रहा है। इन भांग ठेकों में खुलेआम भांग की जगह गांजा बेचा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि गांजा छत्तीसगढ़ से लाकर यहां खपाया जा रहा है। इसके अलावा कमलेश तिराहा के समीप खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। कस्बे के निवासी स्वतंत्र सिंह, राजकुमार आदि का कहना है कि भांग ठेके में खुलेआम गांजा बिकने से कस्बे का युवा बर्बाद हो रहा है। प्रशासन को इस अवैध कारोबार में कडाई के साथ अंकुश लगाकर युवाओं के भविष्य को बचाना चाहिए। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें भांग ठेके में गांजा बिकने की खबर नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है। तो वह जांच करके कार्यवाही अवश्य करेंगे।

### अपना दल एस की बैठक आयोजित

**हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अपना दलएस की राष्ट्रीय अध्यक्ष दीदी अनुप्रिया पटेल के निदेर्शानुसार लोकसभा 47 हमीरपुर महोबा के प्रभारी ओंकार सिंह ठाकुर का लोकसभा प्रवास। अपना दलएस हमीरपुर जिलाध्यक्ष महेंद्र राजपूत ने बताया कि अपना दलएस एनडीए का सबसे बड़ा घटक दल है। इसी के फलतः अपना दल ने प्रदेश महासचिव युवा ओंकार सिंह को लोकसभा का प्रभारी बनाया है। प्रभारी द्वारा कार्यकताओं व पदाधिकारियों की बैठक की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जालौन अनिल अटरिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कई अपराधियों के विरुद्ध की गई जिलाबदर की कार्यवाही

**हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही/प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जनपद के थाना कोतवाली नगर, कुरारा, कोतवाली राठ, मझगवां, जलालपुर से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित/जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित/जिलाबदर अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे। उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। जिलाबदर किये गये अपराधीगण में अभियुक्त रोहित निषाद पुत्र रामआसरे निवासी मु. डिग्गी रमेडी कस्बा व थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर को 18 अप्रैल 2024 से 06 माह, अभियुक्त आसिफ खान उर्फ आमू पुत्र श्री अयूब खान निवासी मु. खालेपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर को 06 माह, अभियुक्त राजेन्द्र यादव पुत्र श्री रामकृपाल निवासी अभियुक्त सीताराम पुत्र राम सिंह उर्फ भगवन सिंह निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर जनपद 19 अप्रैल 2024 से 06 के लिये जिलाबदर की कार्यवाही की गयी है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 जोड़े एक दूजे के हुए



**उन्नाव, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा 51 कन्या विवाह महोत्सव के अंतर्गत दो पालियों में एक साथ 51 नव युगल जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने की कसम खाई शुक्रवार को असोहा विकासखंड के मनिकापुर के परिसर में राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंड से 51 जोड़े एक साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार करवाया गया। विवाह समारोह में संस्था के कर्मचारियों ने सभी दूल्हों की अगुवाई करते हुए उन्हें मंच तक पहुंचाया जिसके बाद हिंदू रीति रिवाज से मंत्रोच्चारण के बीच 51 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहना सात फेरे लेकर एक दूजे के हो गए। इस दौरान विवाह कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने जोड़ो को संबोधित कर उन्हें सुखी जीवन जीने के लिए अपनी जिंदगी में कभी भी नशा न करने और अपने परिवार को नशा मुक्त परिवार बनाए जाने के लिए संकल्प कराया एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही सामूहिक विवाह योजना जैसे कार्यक्रम जरुरतमंद परिवारो के लिए बेहद सहायक साबित हो रहे है। इस योजना के तहत गरीब बेटियो का विवाह भी धूमधाम से संपन्न हो रहा है। संस्था द्वारा प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते है। जिसमे से 21 हजार की चेक कन्या के खाते मे व शेष राशि वर-वधु के विवाह संस्कार के साथ जोड़े को गृहस्थी के सामान कुलर गैस सिलेंडर फिज डबल बेड सिंगार दान बक्सा कुर्सी मेज अलमारी सिलाई मशीन अन्य उपहार में खर्च किए जाते है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने भी कन्याओं को उपहार भेंट कर आशीर्वाद देते हुए कहा कि अब कोई निर्धन कन्या पैसे के अभाव में कुंवारी नहीं रहेंगी क्योंकि उनकी शादी की जिम्मेदारी हमारी संस्था ने ली है। बताया कि जो जोड़े इस बार किसी कारणवश सामूहिक विवाह पंजीकरण करवाने से वंचित रह गए है वे आगे होने वाले सामूहिक विवाह मे पंजीकरण अवश्य करवा ले। विवाह समारोह में पहुँचे मेहमानों के लिए तरह तरह के स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। सामूहिक विवाह में पूर्व सैनिक क्षेत्रीय लोग सहित बड़ी संख्या में पहुँचे लोगो ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर-वधुओ को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया जहां बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गई।

### सपा की बैठक में बनी चुनावी रणनिति

**हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय हमीरपुर में हमीरपुर महोबा तिदवारी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्यासी अजेंद्र राजपूत के नामांकन के सम्बन्ध मे सपा के जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित। बैठक मे प्रभारी सदर विधान सभा हमीरपुर/पूर्व चैयरमैन माया बाल्मीकि, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, शिवशरण यादव, युगांक मिश्रा, राघवेंद्र सिंह यादव, शिवम राजपूत, सुजीत यादव, लखनलाल अनुरागी ब्लांक अध्यक्ष मौदहा कोरी समाज, भोला प्रसाद अनुरागी, विवेक यादव, शैलेन्द्र प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि सार्वजनिक करना होगा

**उरई (जालौन ), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित/प्रसारित कराया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा। पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 04 दिनों के भीतर कराना होगा। दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 05 से 08 दिनों में कराना होगा।

## गौकशों के साथ मुठभेड़ में अभियुक्त गिरफ्तार,दो फरार



**रामपुर , 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शनिवार को थाना भोट पुलिस एव एसओजी टीम द्वारा संयुक्त रूप से थाना भोट क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनो की चैंकिग की जा रही थी, चैकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार 03 बदमाशों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में एक बदमाश तौफिक पुत्र मुब्बसर निवासी ग्राम इन्ड्री थाना भोट के दाहिने पैर में लगी गोली और 02 बदमाश मुन्ना पुत्र शब्बीर हसन निवासी मोहल्ला पक्का बाग थाना गंज,इकबाल पुत्र इशरत निवासी बजरिया खानसामा थाना गंज फरार हो गए।घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक मोटर साइकिल,एक तमंचा 315 बोर,01 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्तपाल भेज दिया गया।घायल व फरार अभियुक्तों का पहले से आपराधिक इतिहास है।अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जिला अस्पताल का दौरा किया और घायल अभियुक्त हाल चाल जाना। बताया कि सुबह के समय थाना भोट पुलिस और एसओजी द्वारा संदिग्ध बदमाशों की चैकिंग की जा रही थी वहां एक मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश आते हुए दिखाई दिए । जिन्होंने रोकने पर पुलिस पर फायरिंग की पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और दो बदमाश फरार हो गए इनका पहले का भी आपराधिक रिकॉर्ड है इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया।

## आबकारी विभाग ने बरामद की कच्ची शराब

**पाटन-उन्नाव, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** तहसील बीघापुर अन्तर्गत अवैध कच्ची शराब विक्रेताओं के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में ताबड़तोड़ छापेमारी कर दो विक्रेताओं को 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 7 कुन्तल लहन नष्ट कराया गया। अभियुक्तो पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए आबकारी विभाग चौकन्ना हो गया है। चुनावी बयार आते ही जहरीली कच्ची शराब पीने से सैकड़ो लोगो की मौत भी हो चुकी है। इस पर लगाम लगाने हेतु शनिवार को थाना बिहार अन्तर्गत केदारखेड़ा व भदिहा गाँव मे मुखबिर की खास सूचना पर आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने हल्का प्रभारी थाना बिहार कृष्णेंद्र सिंह मय हमफोर्स के साथ छापा मारा। केदारखेड़ा निवासिनी गंगादुलारी पत्नी स्वर्गीय राममिलन को 30 लीटर अवैध कच्ची बरामद करते हुए करीब 4 कुन्तल लहन मौके पर नष्ट कराया गया। इसके उपरांत भदिहा गाँव मे छापा मार चन्द्र भूषण पुत्र स्वर्गीय भीखू पासी के पास से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार करते हुए मौके पर ही 3 कुन्तल लहन नष्ट कराया गया।

## वाहन चालकों की लापरवाही से यातायात व्यवस्था चरमराई



**कालपी(जालौन), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मुख्य बाजार की निमार्णाधीन सड़क में फुटपाथ का निर्माण न होने के कारण लोगों को वाहन खड़ा करने में काफी समस्या होती हैं, इसके साथ ही ऑटो तथा चार पहिया वाहनों के आड़े तिरछे खड़े होने के कारण जाम की समस्या उतपन्न हो जाती है, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा जाती हैं। लगातार सीएनजी ऑटो तथा ई-रिक्शा की कालपी में भरमार हो गई हैं। ई-रिक्शा तथा सीएनजी ऑटो के संचालन के लिए रूटों का कोई निर्धारण नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में वाहन आपरेटर अपनी-अपनी गाड़ियों को मुख्य बाजार से लेकर सकरी गलियों तक कही भी खड़ा देते हैं। गाड़िया आड़ी तिरछी खड़ी होने के कारण राहगीरों का पैदल निकलना तक दूभर हो जाता है। इसी प्रकार पुराने राजमार्ग, मुख्य बाजार टरननगंज, फुलपावर चौराहा, खोवा मंडी में भी ई-रिक्शा तथा ऑटो बेतरतीब आड़े तिरछे खड़े रहते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाती हैं। मुख्य बाजार में सीसी सड़क 14 इंच मोटी निर्मित हो चुकी है। लेकिन दोनों साइडों में प्रस्तावित इंटरलॉकिंग अभी तक नहीं बिछाई गई। जिससे बाजार तथा मुख्य चौराहों में आड़े तिरछे वाहन खड़े होने से दुकानदारों, ग्राहकों तथा राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि कालपी से उरई, कदौरा, महेवा, पुखरायां, मंगरौल, जोल्हूपुर, उसरगांव आदि स्थानों के अलावा नगर के विभिन्न स्थानों में आने जाने के लिए ई-रिक्शा तथा ऑटो का लोग सहारा लेते हैं। ऑटो या ई रिक्शा को खड़ा करने के लिए नगर में कोई भी टैक्सी स्टैंड नहीं बना है। जनहित में प्रशासन से मांग है कि टैक्सी स्टैंड का निर्माण कराया जाए तथा यातायात व्यवस्था के लिए उचित प्रबंध किए जाएं। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो




**सुमेरपुर-हमीरपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम नदेहरा में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, धनपुरा व खड़ेहीजार में मनरेगा कार्य स्थलों पर डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मजदूरों को वोट डालने की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर शनिवार को नदेहरा गांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके बाद चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, धनपुरा व खड़ेहीजार में मनरेगा कार्य स्थलों में पहुंचकर मजदूरों को जागरूक करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलाई। वहीं मवई जार में परिषदीय विद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन लिखकर जागरूक किया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

### ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कालपी(जालौन), 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता को उत्पीड़न तथा मारने पीटने की घटना के मामले में पांच ससुराली जनों के खिलाफ कोतवाली कालपी में दहेज उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला प्रियंका देवी पुत्री संतोष कुमार निवासी ग्राम गुढ़ाखास थाना कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वादिनी का विवाह दिनांक 10-5-2022 को राहुल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सिमरा थाना कुरारा जिला हमीरपुर के साथ सम्पन्न हुआ था। पिता व रिश्तेदारों ने शादी में 5 लाख रुपये खर्च किए थे, शादी के बाद भी अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उत्पीड़न करने लगे तथा अपाचे मोटरसाइकिल व 5 लाख रुपये नगदी की मांग कर रहे थे।

## धूमधाम से मना श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का प्रकाश पर्व



**रामपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी का प्रकाश पूरब गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी सिविल लाइंस में 27,28 एवं 29 अप्रैल 2024 को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 27 अप्रैल शनिवार को गुरुद्वारा साहिब में 4:00 बजे से नितनेम का पाठ श्री सुखमणि साहेब का पाठ तत्पश्चात 8:30 बजे निशान साहिब के चोले बदलने की सेवा हुई। उसके उपरांत शब्द कीर्तन,अरदास उपरांत चावल एवं चाय के लंगर व प्रसाद वितरण हुआ।

अपराह्न 3:00 से 6:00 तक समस्त स्त्री सत्संग सभाओं द्वारा श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ एवं शबद कीर्तन किए गए।रात्रि कार्यक्रम के अंतर्गत हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा द्वारा शबद कीर्तन किए गए एवं रात्रि 9:00 बजे अरदास हुई। 28 अप्रैल को सवेरे 9:00 बजे बड़ी प्रभात फेरी नगर कीर्तन गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा सिविल लाइंस से प्रारंभ होकर गुरु गोविंद सिंह पार्क से होता हुआ मंदिर वाली गली से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा एवं गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार द्वार से वापस गुरुद्वारा साहिब पर सुबह लगभग 11:30 बजे समाप्त होगी। 29 अप्रैल को गुरुद्वारा साहिब में सवेरे 4:00 बजे से गुरबाणी के पाठ एवं शब्द कीर्तन होंगे पहले अरदास 10:00 बजे होगी उसके उपरांत अपराहन 2:30 बजे तक दूसरा दीवान सजेगा अरदास उपरांत गुरु के अटूट लंगर बांटे जाएंगे। कार्यक्रमों में गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना,भूपेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह चावला,महेंद्र सिंह होरा,राधेश्याम अरोड़ा,पर्पिंदर सिंह,जसमीत सिंह,गुरुदेव सिंह ढींगरा,अमरजीत सिंह,हरपाल सिंह,हरीश अरोड़ा,धनवंत सिंह,विंदर पाल सिंह खुराना,संतोख सिंह,हरजीत सिंह,गुरचरण सिंह व नाम सिमरन जत्था में कमलेश अरोड़ा,सुरजीत कौर रॅजीत कौर,रविंदर कौर,गुरमीत कौर एवं सेवादार राजा सिंह,परमजीत सिंह,सचिन सिंह,वीर व लाड़ी आदि उपस्थित थे।

## अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शहर में गंदगी फैलाने वाले चट्टा संचालकों पर नकेल कसने की तैयारी हो गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर ईओ ने नाली, सीवर में गोबर फेंकने पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। नाली, सीवर में कोई गोबर फेंकता दिखा तो उसके खिलाफ पहले चालान फिर एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चट्टा संचालकों को शहर के बाहर गोबर फेंकने को कहा है। चट्टा संचालकों पर नजर रखने के लिए उन्होंने वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगाई हैं। सर्वे के लिए एसबीएम के कर्मियों व हवलदारों को जिम्मा सौंपा गया है। गोबर प्रबंधन नीति के तहत नगर पालिका ने पिछले छह दिनों में सभी 32 वार्डों में करीब 12 अवैध डेयरी संचालक को चिन्हित कर लिया है। इन्हें नोटिस देने के साथ 25 हजार जुमार्ना लगाने की योजना है। वहीं, 18 लोग ऐसे चिन्हित हुए है, जो आवासीय क्षेत्र में पशुपालन कर गंदगी फैला रहे है। ईओ संजय गौतम ने बताया कि नगर में नालियों के चोक करने में सबसे बड़ा योगदान इन डेयरी व पशुपालकों का ही है। अब सर्वे पूरा हो गया है। नोटिस के बाद इसमें हर डेयरी पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। जुमार्ना न भुगतने की सूरत में पालिका डेयरियों से पशुओं को जब्त कर गोशाला में भी भेज सकता है। इसके लिए पालिका ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। एबी नगर, पीडी नगर में सबसे ज्यादा चट्टू सर्वे के दौरान एबी नगर, पीडी नगर, लोकनगर वार्ड में सबसे ज्यादा चट्टे व पशुपालक मिले है। यह ऐसी जगहो पर है जहां घनी आबादी निवास करती है। जबकि नियमानुसार आबादी के 200 मीटर दूर ऐसे चट्टे खोलने की अनुमति है। ईओ ने बताया कि घनी आबादी में यह नियमो की अवहेलना है। यह सभी चट्टे अवैध रूप से संचालित है।

# लोकसभा चुनाव: इस बार मतदान 49.80 पर सिमटा

**गाजियाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सुबह 8 बजे से ही तेज धूप खिली हुई थी और दोपहर तक पारा-41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जाहिर तौर पर गर्मी ने लोगों को घरों से निकलने से रोकने का काम किया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में नौकरी और पढ़ाई के साथ-साथ नौकरीपेशा लोगों की संख्या अधिक है, जोकि अधिकांश गाजियाबाद में निवास करते हैं। ऐसे में मतदान का प्रतिशत कम होना भी एक बड़ा कारण माना जाएगा। इसी के साथ शुक्रवार को मतदान के लिए अवकाश था, और शनिवार और रविवार का भी अवकाश है। ऐसे में तीन दिनों का वीकेंड हॉलीडे मिलने के चक्कर में बृहस्पतिवार की रात को ही बड़ी संख्या में लोग यहां से लंबी वीकेंड पर निकल गए जिसका असर मतदान के प्रतिशत पर लोकसभा सीट गाजियाबाद में अधिक पड़ा है।







- हैरानी की बात: नहीं दिखाया वोटर्स ने जोश, लोकतंत्र का पर्व मनाने में रहे खामोश
- चिलचिलाती तेज धूप, वीकेंड हॉलिडे और दिल्ली में छुट्टी न होना बना कम वोटिंग का कारण?

**इसी के साथ साल 2014 और 2019 से इस बार कम रहा मतदान**

तरूणमित्र टीम : आइए हम आपको पिछले चुनाव का भी सटीक आंकड़ा देते हैं, साल 2014 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान जहां 56.94 दर्ज किया गया था, लेकिन साल 2019 में यह घटकर 55.86 जा पहुंचा था।

इसी के साथ वर्ष 2024 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान 49. 80 दर्ज किया गया है। कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो बीते एक दशक के चुनाव के दौरान गाजियाबाद का यह मतदान प्रतिशत सबसे कम दर्ज किया गया।

## पुलिस ने चोरी की कार सहित दो अभियुक्त दबोचे

**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना गभाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.हसीन पुत्र रहीश निवासी शाहजमाल एडीए कालोनी देहली गेट अलीगढ़ 2.सैफ उर्फ ओसामा पुत्र शहीद निवासी सरायमीर ख्वाजा चौक थाना देहली गेट अलीगढ़ को एक चोरी की सैन्ट्रो गाडी नम्बर यूपी 81 टी 5941एक मास्टर-की व एक अन्य चाबी के साथ कटरा मोड से गिरफ्तार किया गया।

## पति खेत पर गेंहू काट रहा था, पत्नी ने लगा ली फांसी



**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जवा थाना अन्तर्गत गांव अमरौली में एक विवाहिता ने कमरे में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के अनुसार अमरौली निवासी वीरपाल की शादी 8 वर्ष पूर्व थाना बरला के गांव अरनी निवासी नीतू के साथ हुई थी, तीन बच्चे हैं। शुक्रवार 26 अप्रैल की सुबह वह गेहूं काटने के लिए खेतों पर गए थे, तभी नीतू ने गमछे का फंदा गले में लगाकर पंखे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी ने उनकी पत्नी को कमरे में फंदे पर लटके देखा तो यह जानकारी उन्हें दी। सूचना पर पहुंचे अमरौली चौकी इंचार्ज ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार अभी परिवार की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस ने पहले देश बांटा, अब समाज को बांट रही : योगी



**हाथरस, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी ने सिकदराराऊ में हाथरस से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अनूप प्रधान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा एक तरफ भाजपा सबके साथ सबके विकास के नारे के साथ है। दूसरी और कांग्रेस, सपा का गठबंधन है। 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब समाज को बांट रही है। यदि कांग्रेस और गठबंधन की सरकार आ गई तो गोकशी की छूट मिल जाएगी। यह लोग अल्पसंख्यकों को उनके मनचाहे खानपान की छूट देना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने हाथरस के सांसद राजवीर सिंह दिलेर के निधन पर शोक जताया। इसके बाद उन्होने कहा कि कांग्रेस सपा और बसपा के शासनकाल में गरीब भूखे मरते थे। आज 80 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पहले किसान आत्महत्या करता था। व्यापारी और बहन बेटियां असुरक्षित थी। आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। अब ऐसा कुछ नहीं है।

माफिया के घर जाकर पढ़ते हैं माफिया कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल आपकी आस्था से खिलवाड़ करना चाहते हैं। कांग्रेस ने इस देश का बंटवारा कराया। अब कांग्रेस अल्पसंख्यकों को छूट देना चाहती है। जब हम किसी माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, तब यह लोग उसके घर पर जाकर फातिहा पढ़ते हैं। सपा-बसपा और कांग्रेस ने कोई काम नहीं किया है। आज हम किसानों को सम्मान निधि दे रहे हैं। रुझान बता रहे हैं कि फिर एक बार मोदी सरकार। देशभर में आईआईटी, आईआईएमएस के निर्माण हो रहे हैं।

कांग्रेस ने पहले देश बांटा. अब समाज को बांट रही है, एक तरफ भाजपा सबके साथ सबके विकास के नारे के साथ है। दूसरी और कांग्रेस, सपा का गठबंधन है। 1947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब समाज को बांट रही है। घोषणा पत्र में संपत्ती का सर्वे कराने की बात कह रहे हैं। इसमें विरासत टैक्स लगाने की कांग्रेस की योजना है। मेहनत करेंगे आप और डकैती डालने के लिए इंडी गठबंधन के लोग आएंगे। संपत्ती बांटने की खतरनाक साजिश रची जा रही है। अब कांग्रेस अपने घोषणापत्र में कह रही है कि हम भारत में संपत्ति का सर्वे करवाएंगे। अगर आपके बाप-दादा ने 4 कमरों का घर बनाया है तो आप 2 कमरो में रहो, 2 कमरे कांग्रेस और सपा के अधिकार में चला जाएगा... पहले देश को बांटा, आज आपकी संपत्ति को बांटने की साजिश ये लोग कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि यदि कांग्रेस और गठबंधन की सरकार आ गई तो गोकशी की छूट मिल जाएगी। यह लोग अल्पसंख्यकों को उनके मनचाहे खानपान की छूट देना चाहते हैं।

# अहरौला में दो पक्षों के विवाद में चली गोली



**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गांव के किसान नेता योगेश तोमर व भाजपा में सक्रिय प्रधान के बीच एक नाली को लेकर काफी समय से विवाद है। इस विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद कर रखा है। देर शाम दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद गालीगलौज हो गया। इसमें प्रधान पक्ष पर हवाई फायर करने का आरोप लगा।

कातवाली खैर क्षेत्र के गांव अहरौला के माजरा गढ़ी हरनारायण में 26 अप्रैल देर शाम पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद में फायरिंग हो गई। इस झगड़े को चुनाव से जोड़कर पुलिस को झूठी सूचना दे दी गई। इस दौरान एक लड़की को गोली के छर्रे लगने की बात कही गई। मगर पुलिस जांच में इसकी भी पुष्टि नहीं हुई। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

गांव के किसान नेता योगेश तोमर व भाजपा में सक्रिय प्रधान के बीच एक नाली को लेकर काफी समय से विवाद है। इस विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद कर रखा है। देर शाम दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद गाली गलौज हो गया। इसमें प्रधान पक्ष पर हवाई फायर करने का आरोप लगा। इसी बीच किसी ने पुलिस को यह सूचना दे दी कि ईवीएम मशीन ले जाते समय दोनों पक्षों में विवाद हुआ और प्रधान पक्ष ने फायरिंग कर दी।

जब पुलिस मौके पर पहुंची तो ईवीएम या आज के चुनाव से जुड़ा कोई तथ्य सामने नहीं आया। बाद में एक लड़की को गोली के छर्रे लगने की बात सामने आई। उसे अस्पताल भेजा गया। मगर उसको भी छर्रे लगने की पुष्टि नहीं हुई।

सीओ रंजन द्विवेदी के अनुसार झगड़ा पुराने विवाद में हुआ है। इसके अलावा कोई बात नहीं है। फायरिंग या किसी लड़की को छर्रे लगने की पुष्टि नहीं हुई है।

# ईवीएम, वीवीपैट मशीनों की हुई कमीशनिंग, डीआईओ ने किया निरीक्षण



**हाथरस, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 16-हाथरस (अ०जा०) के मतदान 07 मई .2024 के दृष्टिगत जनपद-हाथरस की तीनों विधानसभावार एम०जी० पॉलिटेक्निक में ई०वी०एम०/वी०वी०पैट मशीनों की चल रही कमीशनिंग/सैटिंग कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा ने निरीक्षण कर यथास्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैलेट यूनिट में बैलेट नमूना लगाये जाने हेतु तैनात कर्मचारियों से बैलेट नमूना लगवाकर देखा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कमीशनिंग/सैटिंग कार्य हेतु विधानसभावार तैनात इंजीनियर्स को कार्य समाप्ति के उपरांत सिंबल लोडिंग डिवाईस को संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध कराने एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सिंबल लोडिंग डिवाईस को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। ई०वी०एम०/वी०वी०पैट मशीनों की चल रही कमीशनिंग/सैटिंग कार्य हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तृतीय चरण के अन्तर्गत दिनांक 07.05.2024 को 16-हाथरस (अ०जा०) का मतदान होना निर्धारित है। जनपद-हाथरस की 3 विधानसभा क्रमशः 78-हाथरस (अ०जा०), 79-सादाबाद एवं 80-सिकन्दराराऊ निर्वाचन क्षेत्र की ई०वी०एम०/वी०वी०पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन के उपरान्त मशीनों की कमीशनिंग/सैटिंग एम०जी० पॉलिटेक्निक, आगरा रोड, हाथरस पर आज प्रातः 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न करायी जायगी। इसके अतिरिक्त जनपद अलीगढ़ की 2 विधानसभा 74-छर्रा एवं 77-इगलास (अ०जा०) निर्वाचन क्षेत्र ई०वी०एम०/वी०वी०पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन के उपरान्त मशीनों की कमीशनिंग/सैटिंग धनीपुर मण्डी, अलीगढ़ पर आज प्रातः 09:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न करायी जायेगी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन, समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, तथा अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## वॉल पेंटिंग को बिगाड़ा तो होगी एफआईआर

**मथुरा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन के द्वारा नगर को सुन्दर बनाने के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों जैसे फ्लाईओवर, सरकारी भवनों की बाउण्ड्रीवाल आदि पर विभिन्न कार्य जैसे वॉल पेंटिंग आदि कराये गये हैं। देखने में आया है कि सौंदर्यीकरण हेतु कराई गई वॉल पेंटिंग आदि कार्यों पर कुछ व्यक्तियों के द्वारा अनाधिकृत रूप से फोटो चिपकाकर विज्ञापन कर वॉल पेंटिंग अथवा सौन्दर्यीकरण के कार्य को गंदा कर दिया जाता है व क्षति पहुंचाई जाती है। तत्क्रम में सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये सौन्दर्यीकरण कार्य जैसे वॉल पेंटिंग आदि पर अनाधिकृत रूप से फोटो चिपकाकर विज्ञापन कर पेंटिंग कार्य कों गंदा न करें अथवा क्षति न पहुंचायें। भविष्य में इस प्रकार सौन्दर्यीकरण कार्य अथवा वॉल पेंटिग आदि पर अनाधिकृत विज्ञापन करने वाले सौन्दर्यीकरण कार्य को गंदा करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्यवाही की जायेगी।

# चौ. राजकुमार सिंह प्रधान को अभाप परिषद से जुड़ने पर हर्ष



**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव ठाकुर गवेंद सिंह एडवोकेट के प्रयासों से चौधरी राजकुमार सिंह प्रधान पुत्र श्री विजेंद्र सिंह निवासी ग्राम अतुरा ब्लॉक गोंडा जनपद अलीगढ़ गैर राजनीतिक पंचायत की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद मैं शामिल हो गए और उन्होंने कहा पंचायत परिषद के संगठन को मजबूत करने के लिए अपनी सक्रिय रूप से भागीदारी करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह पहले उनका हार्दिक आभार प्रकट कर स्वागत किया और कहां चौधरी राजकुमार सिंह के शामिल होने से संगठन मजबूत होगा। शामिल होने पर प्रदेश सहसंयोजक चौधरी महेंद्र सिंह प्रदेश महामंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश चंद्र गौतम पूर्व अलीगढ़ बार अध्यक्ष अध्यक्ष, प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष, तरुण चौहान पूर्व पार्षद आदि ने संगठन से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी।

## मिशन प्रदर्शनी आयोजित

**अमरोहा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** इसरो साइंटिस्ट खुशबू मिर्जा का आग्रहः राना इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे ने विज्ञान और कला में दिखाई दमदार प्रतिभा। विज्ञान प्रदर्शनी में अक मॉडलों ने मनमोहक प्रस्तुतियों का किया प्रदर्शन, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता ने कला के साथ सांस्कृतिक रंग भरे। अमरोहा के राना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में इसरो के वैज्ञानिक खुशबू मिर्जा ने भाग लिया। बच्चों ने नवाचारी अक मॉडल बनाए और साइंस प्रदर्शनी कार्यक्रमों के माध्यम से अपने प्रस्तुतियों को सजीव बनाया। साथ ही, दूसरी ओर स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जो छात्रों को अपनी कला और सांस्कृतिक विरासत को प्रमोट करने का मौका दिया।

## जज्बा फाउण्डेशन रक्तदान 4 को

**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जज्बा फाउण्डेशन द्वारा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ डॉक्टर्स टीम के सहयोग से आगामी 04 मई 2024 को सकीना लॉज चौराहा खटीकान, अपर फोर्ट रोड अलीगढ़ में सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी फाउण्डेशन के महासचिव डॉक्टर स्वालेहीन अख्तर ने मैरिस रोड स्थित एरेस्टोरन्ट में दी, उन्होने बताया कि रक्तदान करने से शरीर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता है और रक्तदान करने के लिए ना ही ज्यादा खाना खाने एवं ताकत की जरूरत होती है हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिन्दगी बचाकर चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। बताया कि आपके सिर्फ पांच मिनट $ 350 मिली लीटर रक्त/खून = के बराबर एक जिन्दगी हो सकती है। डॉक्टर शुजा उर रहमान ने कहा कि रक्तदान करने से नकारात्मक विचार एवं हार्ट अटैक आदि बीमारियाँ नहीं होतीं। अध्यक्ष डॉक्टर मो शोएब ने सभी पदाधिकारी व सदस्यों से रक्तदान करने की अपील की। मुख्य रूप से अलाउद्दीन सैफी, कुं आरिफ अली मौजूद रहे।

# पीएम मोदी का बयान जनता के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देगा: भाकपा

**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के बांसवाड़ा में दिया गया चुनावी भाषण बेहद सांप्रदायिक और देना है। देश के संविधान के मूल सिद्धांतों पर आघात करने वाली हैं. हम आशा करते हैं कि चुनाव आयोग द्वारा जल्द से जल्द ठोस और स्पष्ट कदम उठाए जाएंगे।

प्रधानमंत्री के पद पर आसीन एक व्यक्ति ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 का उल्लंघन किया है. भारतीय संविधान की अस्मिता पर प्रहार किया गया है। ये भारत, संविधान, प्रधानमंत्री के पद और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल है, जो बाकि लोगों के साथ आचार संहिता उलंल्घन मामले में किया जाता है, वो प्रतिबंध यहां भी लगाने चाहिए. चाहे कोई व्यक्ति कितना ही बड़ा है, क्योंकि यह संवैधानिक अस्मिता का सवाल है।

कौंन्सिल पूछती है कि क्या अन्य दलों के उम्मीदवारों को भी आचार संहिता उल्लंघन मामले में वही छूट मिलेगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले एक दशक से मिलती आ रही है। आयोग उनके गंभीर उल्लंघनों के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई करने की इच्छा नहीं रखता है।

पीएम मोदी द्वारा बार-बार आचार संहिता उल्लंघन के लिए चुनाव में एक उम्मीदवार के रूप में उन्हें तत्काल अयोग्य घोषित कियाा जाए। इसमें पीएम मोदी के हालिया राजस्थान में दिए भाषण के साथ ही अन्य बयानों का भी जिक्र किया गया है। कौसिल में इकबाल मद, हरीश चंद लोधाी, जितेंन्द्र कुमार, रोशन लाल अदि उपस्थित थे।



**गाजियाबादः** चुनाव में लंबे समय की अति व्यस्तता से गुजरने के बाद भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने अपने घर परिवार में बैठकर अपनी पॉजिटिव मेहनत का एहसास कराते हुए अपनी धर्मपत्नी बीना चौधरी, ज्येष्ठ पुत्र देशाँक बड़ी बहु सरिता, कनिष्क पुत्र ईशांक बहु कल्पना, पुत्री डॉक्टर आंचल, पौत्र रेयाँश पौत्री आहना के साथ आराम और आनंद की अनुभूति के साथ एक सेल्फी साझा की।

छाया तरूणमित्र

## पेज 1 का शेष...

### मोदी के हाथ में रहेगी...

जातियां निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। राजस्थान में इस बार राजपूत, जाट और दलित समाज ने उस तरह भाजपा को पूरा समर्थन नहीं दिया है जैसा पिछले दो लोकसभा चुनावों में मिलता रहा है। कुछ सीटों पर भाजपा को जातिगत समीकरणों और दलबदलुओं के कारण कड़ी चुनौती मिल रही है। राजस्थान में संगठन के स्तर पर भी भाजपा का प्रदर्शन बेहद कमजोर नजर आया। विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद और लोकसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर का तबादला तेलंगाना कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी अपनी सीट चित्तौडगढ़ में बुरी तरह उलझ गए थे जिसके कारण वह प्रदेश में ध्यान नहीं दे सके। प्रदेश विधानसभा चुनाव से वसुधंरा राजे को नजरअंदाज करने का शुरू हुआ सिलसिला लोकसभा चुनाव में भी जारी रहा और वसुंधरा ने अपने बेटे की सीट झालावाड़ तक अपने आप को सीमित कर लिया था। राजस्थान विधानसभा चुनाव जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कंधों पर उठा रखा था, उसी तरह लोकसभा चुनाव भी मोदी ने अपने कंधों पर ले लिया था।

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले मोदी राजस्थान में 4 सभाएं कर चुके थे जबकि चुनाव की घोषणा होने के बाद सभी सीटों पर मतदान होने तक मोदी राजस्थान में कुल 8 चुनावी रैलियां कर चुके थे। अपनी रैलियों के जरिए मोदी ने राजस्थान की लगभग 23 लोकसभा सीटों को कवर किया है।राजस्थान में भैरो सिंह शेखावत के बाद भाजपा का चेहरा बनकर उभरी वसुंधरा राजे का अपने बेटे की सीट तक सीमित हो जाना मोदी -शाह के लिए एक बड़ी चुनौती थी। आंतरिक खींचतान, टिकटों को लेकर असंतोष और कार्यकताओं में कम उत्साह से हुए चुनाव के बाद भी अगर भाजपा राजस्थान की 25 सीटें जीतने में कामयाब हो जाती है तो इसका पूरा श्रेय मोदी को ही जाएगा। लेकिन अगर इन सीटों में कमी आती है तो इसका जिम्मा भी मोदी के कंधों पर ही डाला जाएगा। यानी राजस्थान में जीत भी मोदी की होगी और हार भी हुई तो मोदी की ही होगी।

### चारों तरफ मोदी की...

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में बिना किसी भेद भाव, जाति धर्म के साथ सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ काम किया है। इसीलिए देश की जनता तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतवासियों को दुनिया में सम्मान की नजरों से देखा जाता है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। देश से नक्सलवाद, आतंकवाद समाप्त हुआ है। कांग्रेस सरकार में आतंकवाद की घटनाएं होती थी तो कांग्रेस कहती थी कि देखते है और यही सपा, बसपा के लोग कांग्रेस को समर्थन देते थे लेकिन आज यदि कोई पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है। यही नया भारत है। उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर ही नही बनाते आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं। आज देश में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट के तहत आज पूरी दुनिया में फिरोजाबाद के ग्लास की पहचान है। भाजपा ने जो वायदे जनता से किए उन्हें पूरा करने का काम किया है। उन्होंने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि जिन आतंकवादियों ने श्री राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला किया। संकट मोचन मंदिर पर हमला किया। न्यायपालिका पर हमला किया। सीआरपीएफ कैंप, रामपुर पर हमला किया। उनके मुकदमों को भी समाजवादी पार्टी ने वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। सपा सरकार में एक ही परिवार को लाभ मिल रहा था। एक ही परिवार लूट मचा रहा था।

सपा सरकार ने माफियाओं को पालने का काम किया और आज जब ये माफिया अपनी मौत मर रहे हैं तो भी इन लोगो को दर्द हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं, क्या आप लोग ऐसे लोगों को आप वोट देंगे। राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने वालों को जवाब देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या, काशी के बाद अब हम लोग मथुरा की कूंच करेंगे। अंत में उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया।

# तीन बार से लगातार घटता गया मतदान प्रतिशत



**मथुरा, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शिक्षा बढ़ी है। लोग जागरूक हुए हैं और डिजिटल भी। चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों को जनता तक अपना संदेश पहुंचाने के अतिरिक्ति माध्यम मिले हैं। हाथों में मोबाइल, कंप्यूटर आ गये हैं। चुनाव आयोग ने पिंक बूथ से लेकर सेल्फी पाइंट तक बनाये, जागरूकता रैली निकाली गईं। कलाकारों से लेकर उद्योगपतियों तक ने वोट डालने की अपील की। 2014 से 2024 तक तीन लोकसभा चुनावों के लिए मतदान हुआ है। कान्हा की नगरी में हर साल मत प्रतिशत गिरता चला गया। जबकि इस बीच चुनाव आयोग ने भी लगातार मत प्रतिशत बढाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत वोट पढे थे। 2019.में 61 प्रतिशत मतदान हुआ और 3.10 प्रतिशत कम वोट पडे। 2024 में यह मत प्रतिश में बडी गिरावट आई और यह 50 प्रतिशत से भी नीचे आ गया। यह गिरावट 11.51 प्रतिशत की रही है और मत प्रतिशत में आई यह भारी गिरावट सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आंकड़े बाज भी आंकड़ों में उलझ गये हैं। मत प्रतिशत इतना कम रहेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। मथुरा लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान और इसके बाद सभी प्रत्याशियों ने अपनी जीत के दावे किये हैं। मतदान के बाद सबसे ज्यादा चर्चा कम मतदान को लेकर है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 49.49 फीसदी मतदान हुआ। मतदान कम होने के पीछे गर्मी और कई गांवों में मतदान बहिष्कार या देरी से शुरू होने की वजह बताई जा रही है। प्रशासन ने मतदान के लिए जनपद भर में 2128 बूथ बनाए थे। 1929549 मतदाताओं में से 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि मथुरा से 18 वां सांसद कौन होगा।

## थाना खैर पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

**अलीगढ़, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना खैर पुलिस ने वांछित अभियुक्त महेश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 चन्द्रभान शर्मा निवासी नई बस्ती नियर करबन नदी खैर पलवल रोड थाना खैर जनपद अलीगढ़ को शिवा अल्ट्रासाउण्ड करवन नदी के पास खैर पलवल रोड से गिरफ्तार किया गया।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# फूड प्वाइजनिंग: नामी-गिरामी लड्डू खाकर 18 बच्चे बीमार!

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। राजधानी के होटल, रेस्टोरेंट, चाट स्टॉल और मिठाई की दुकानों में बिकने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होते नहीं दिख रहा है। इसके पहले भी नामी गिरामी होटलों में फूड प्वाइजनिंग के घटनाएं देखने को मिली हैं जिसमें अधिकांश सभी खाने पीने की दुकानों में फूड विभाग के आदेशों की जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रहा है। शनिवार को शहर नामी दुकान से लड्डू खाकर एक साथ दर्जनों बच्चे बीमार हो गये जिसकी खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। जिसमें स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सभी बच्चों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

- बलरामपुर अस्पताल में भर्ती, 16 डिस्चार्ज व दो का इलाज जारी
- पुराने लखनऊ के नादान महल रोड पर है हाजी साहब की नामी मिठाई की दुकान
- बोले मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बेसन व खोया के सैंपल जांच को लिये



वहीं डॉक्टरों ने 18 बच्चों का उपचार करने के उपरांत स्वास्थ्य में सुधार होने पर 16 बच्चों को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया। बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि नक्खास स्थित हाजी लड्डू वाले की दुकान से लड्डू लेकर आए थे। जिसे खाते ही सभी बच्चों की हालत बिगड़ने लगी और बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि 18 बच्चें बीमार होने की स्थिति अस्पताल लाए गये थे जिन्हें इलाज करने के उपरांत सेहत में सुधार होने पर 16 बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी 2 बच्चे भर्ती हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं फूड प्वाइजनिंग से जुड़े इस मुद्दे पर जब तरूणमित्र टीम ने लखनऊ जनपद के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह से बात की तो उनका यही कहना रहा कि इस बात की जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया के जरिये उन्हें मिली तो उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर अपनी टीम को वहां भेजा। सीएफएसओ ने बताया कि पुराने लखनऊ में कोई हाजी साहब की मिठाई की दुकान है, जहां से ये लड्डू लिये गये और आगे कहा कि वहां से बेसन और खोया के सैंपल लैब जांच को ले लिये गये हैं। ऐसे में आगे जांच रिपोर्ट आने के बाद त्वरित कार्रवाई की जायेगी। वहीं इस प्रकरण पर हाजी स्वीट्स शॉप नादान महल रोड के कर्ताधर्ता फैजान का कहना रहा कि एक दिन पहले ही इन लोगों ने पांच किलो ये लड्डू उनके यहां से लिया था, जिसके लिये यह लिखा है कि चार-पांच घंटे में ही इसका इस्तेमाल कर लिया जाये क्योंकि इस दौरान काफी गर्मी पड़ रही है। आगे कहा कि इसी लॉट के तकरीबन 50-60 किलो लड्डू अन्य ग्राहकों को दिये गये, ऐसा कुछ घटित नहीं हुआ अब इन लोगों के साथ कुछ हो गया तो वो जांच का विषय है। फिर कहा कि उनके यहां से नमूने फूड सेफ्टी टीम ने लिये हैं।

## चुनावी माहौल में थमी मोती महल रेस्टोरेंट की जांच...!

वहीं जब मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बीते दिनों हजरतगंज स्थित नामी रेस्टोरेंट समूह मोती महल रेस्टोरेंट के यहां हुए प्रकरण की जांच को लेकर बात की गई तो उनका यही कहना रहा कि दरअसल, उसकी जांच मेरठ लैब को भेजी गई थी और आगे वहां पर अभी चुनाव होना था, तो ऐसे में लैब रिपोर्ट रुक गई है। आगे बताया कि पूरी संभावना है कि मई के पहले सप्ताह में लैब रिपोर्ट आ जायेगी और फिर उसके तहत कार्रवाई की जायेगी। वैसे बता दें कि बीते दिनों मोती महल रेस्टोरेंट के यहां से किसी अधिवक्ता ने जब छोले भटूरे खाये तो कुछ देर बाद उसकी तबियत बिगड़ गई और उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। ऐसे में कहीं न कहीं फूड प्वाइजनिंग से जुड़े इस मामले को लेकर पीड़ित जन ने मुकदमा भी दर्ज कराया था और यहां तक कि संबंधित डीसीपी क्षेत्र के यहां अधिवक्ताओं ने त्वरित कार्रवाई को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। ऐसे में फूड डिपार्टमेंट ने यहां से खाद्य पदार्थों के नमूने लिये और उसकी लैब जांच को लेकर उसे मेरठ भेज दिया था।

# 32 लाख से अधिक का मादक पदार्थ व नकदी जब्त

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में सक्रिय प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस और उड़नदस्ता की संयुक्त टीम सघन अभियान चला रही है। इसी के तहत 26 अप्रैल को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 3.30 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.09 लाख रुपये कीमत की 16861.14 लीटर शराब, 34.66 लाख रुपये कीमत की 58660.92 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। प्रमुख जब्ती में जनपद गाजीपुर की गाजीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.57 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2150 लीटर शराब पकड़ी गयी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मार्च से 26 अप्रैल तक कुल 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

पुलिस व उड़नदस्ता की संयुक्त टीम लगातार चला रही अभियान

# राजनाथ के नामांकन को लोकसभा संचालन समिति की बैठक

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। लखनऊ लोकसभा सीट से 29 अप्रैल को नामांकन करने जा रहे भाजपा के उम्मीदवार व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन कार्यक्रम को लेकर लोकसभा संचालन समिति ने बैठक की। बैठक में नामांकन जुलूस से लेकर नामांकन दाखिल करने तक की योजना तैयार की गयी। हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट में आयोजित भाजपा की लोकसभा संचालन समिति की बैठक में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के नामांकन कार्यक्रम के सम्बंध में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ता हजरतगंज स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय तक पहुंचेंगे। सुबह के वक्त सड़क पर यातायात व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए खाली स्थानों पर वाहनों को खड़ा करेंगे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय से निकलने के बाद नामांकन जुलूस अटल चौक होते हुए हजरतगंज से परिवर्तन चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द ने कहा कि नामांकन कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रहनी है। लखनऊ शहर के रहने वाले सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा के पुराने नेताओं को निमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही भाजपा के पदाधिकारीगण और विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों का भी नामांकन जुलूस में रहना होगा। इस बार भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह का नामांकन ऐतिहासिक होने वाला है। बैठक में मुख्य रुप से भाजपा नेता नीरज सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, अवध क्षेत्र भाजपा के प्रभारी संजय राय, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, संचालन समिति के सह संयोजक पुष्कर शुक्ला, भाजपा नेता सुधीर हलवासिया सहित चुनाव समिति से जुड़े तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन में भी अंडा करी खाने से यात्री हो गए थे बीमार

ट्रेन में अंडा करी खाने से यात्रियों की तबीयत खराब हो गई। यात्रियों की शिकायत के बाद रेलवे के अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। इस दौरान लखनऊ सहित अन्य स्टेशनों पर यात्रियों का उपचार किया गया है। घटना के बाद कोई यात्री गंभीर स्थिति में नहीं है। यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट ट्रेन में खाना खाने से 50 यात्री बीमार हो गए। नागपुर में यात्रियों ने गुरुवार शाम के समय में एसी थर्ड बोगी में ट्रेन की रसोई के कर्मचारियों से अंडा करी खरीदा था। इसे खाने पर 50 यात्रियों ने उल्टी होने की शिकायत की। जिसके बाद ऐशबाग स्टेशन पर यात्रियों को उतारकर उपचार दिया गया। जब यात्री ठीक हुए तो उन्हें उनके घर के लिए रवाना कर दिया गया।

# नवयुवक ने फांसी लगाकर दी जान

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा
- खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट नहीं

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। राजधानी के काकोरी थानाक्षेत्र में एक नवयुवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके पर पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जिसकी वजह से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। रामशंकर पुत्र स्व. मेवालाल निवासी कठिगरा थ्ने थाना काकोरी पर सूचना दिया कि शनिवार को समय करीब सुबह सात बजे उसके बगल गांव बेलवा निवासी-विशाल रावत पुत्र स्व. कमलेश रावत उम्र करीब 19 वर्ष ने गले में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इस सूचना पर एसआई मनीष कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जिनके द्वारा बताया गया कि विशाल उपरोक्त ने अपने घर ग्राम बेलवा से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत बनी झोपड़ी जिसमे बांस व बल्ली ही बची हुयी थी, में लगे लकड़ी की बल्ली से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के माता-पिता की बीमारी से क्रमशः 04 वर्ष व 07 वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो चुकी है। मृतक के एक तीन भाई क्रमशः 20 वर्ष, 12 वर्ष, 10 वर्ष है व एक बहन उम्र करीब 21 वर्ष है। मृतक अविवाहित था। मृतक खेती करता था।




फैजाबाद रोड स्थित शिवानी पैलेस में इलेक्ट्रिकल शोरूम का शटर काटकर चोरों ने किया हाथ साफ, मौके पर जांच करती पुलिस। छाया: तरूणमित्र

# प्रत्याशियों के खर्चों पर रखी जाएगी नजर

लखनऊ (सं), 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के खर्चों पर नजर रखी जायेगी। खर्चों पर नजर रखने के लिए अलग से टीम का गठन किया गया। शनिवार को कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने इस संबंध में बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने चुनाव से संबंधित अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सात सदस्यीय टीम खर्च पर नजर रखने के लिए बनाई है। इसमें जीएसटी, आबकारी और आयकर विभाग से एक एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है। इनके अलावा लीड बैंक मैनेजर को भी नोडल बनाया गया है। उनके अधीन लखनऊ और मोहनलालगंज के लिए तैनात किए गए सहायक व्यय प्रेक्षक कार्य करेंगे। साथ ही नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट भी देंगे। नामांकन के बाद प्रत्याशियों की सक्रियता शुरू हो जाएगी। ऐसे में यह टीम इस बात पर नजर रखेगी कि कोई प्रत्याशी कहीं तय सीमा से अधिक खर्च तो नहीं कर रहा है, या कोई चुनावी खर्च छिपा तो नहीं रहा। कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर चुनाव प्रेक्षकों के लिए विशेष कक्ष बनाया गया है। शनिवार को इस कक्ष में मेज कुर्सी, सोफा समेत अन्य फर्नीचर व्यवस्थित ढंग से लगाने का कार्य पूरा हो गया। चुनाव के दौरान प्रेक्षक यहीं से मुख्य गतिविधियां संचालित करेंगे। सूचना विभाग ने चुनाव से संबंधित शिकायतों की जानकारी देने के लिए एक मोबाइल नम्बर 7839011886 जारी किया है।

## एक दिन में 90 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

लखनऊ। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा एक मार्च से 26 अप्रैल तक 32570 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3193.03 लाख रुपये नकद धनराशि, 4481.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 21577.08 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2161.59 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 26 अप्रैल को कुल 90.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया।

## दिशा-2024 में रही गीत और संगीत की धूम




लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। डॉ. एमसी सक्सेना ग्रुप आफ कालेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव दिशा-2024 का आयोजन हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें कालेज ऑफ एजुकेशन, कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग, कालेज ऑफ फॉमेर्सी व मैनेजमैन्ट इत्यादि ने बढचढ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. गौरव कृष्ण बंसल जो 2000 बैच के ( आईआरटी एस )निदेशक एनसीजेडसीसी इलाहाबाद, के एक प्रख्यात प्रशासक के साथ साहित्यकार भी हैं, जिनकी बहुत सी पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी और उर्दू में प्रकाशित है। अंकुश श्रीवास्तव, जाने माने उद्योगपति भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. एमसी सक्सेना जो पेशे से वैज्ञानिक हैं, ने समाज के उत्थान के लिए जिस उद्देश्य को लेकर संस्थान की स्थापना की थी। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य निदेशक डॉ. लव शेखर, डॉ. नम्रता सक्सेना, डॉ. मनीषा शेखर, एजुकेशन संस्थान के प्राचार्य डॉ. गुरू नरायण सिंह, फामेर्सी डायरेक्टर डॉ. शोभित प्रकाश श्रीवास्तव, इंजीनियरिंग के डाइरेक्टर सुनील रावत आदि उपस्थित रहें।

## कटिया डालने को लेकर भाई को पीटा

मलिहाबाद, लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। विधुत कटिया लगाने को लेकर एक युवक को उसके चचेरे भाई ने बेल्टों से पिटाई कर सिर पर ईंटें से वार कर दिया। पीड़ित ने थाने पर अपने चचेरे भाई पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। ग्राम कनार निवासी आजाद ने मलिहाबाद थाने में दर्ज कराई गयी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके घर में विधुत कनेक्शन है। जबकि उसके चचेरे भाई सूरज के घर में विधुत कनेक्शन नहीं है। सूरज के घर में कनेक्शन न होने से वह मेरे केबिल में अवैध रूप से कटिया डाल विधुत सप्लाई करता है। पीड़ित आजाद ने इसका विरोध किया तो सूरज ने उसकी बेल्टों से पिटाई कर उसके सिर पर ईंटें से वार कर दिया। जिससे उसके सिर में चोटें आयी।

## आरडीएसओ में हिन्दी भाषा पर निंबध प्रतियोगिता का आयोजन



लखनऊ, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। राजधानी के आलमबाग स्थित आरडीएसओ क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन के मद्देनजर शनिवार को हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में आशीष कुमार गुप्ता, निदेशक/ अनुसंधान तथा विजय कुमार गोयल, निदेशक/चालन शक्ति उपस्थित रहे। हिंदी वाक्य प्रतियोगिता के विषय सोशल मीडिया: सूचना/दुष्प्रचार व क्या शिक्षण के लिये कम्प्यूटर शिक्षकों से बेहतर माध्यम है पर लोगों ने वक्तव्य प्रस्तुत किए। इससे पूर्व हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में प्रश्न-पत्र की गोपनीयता का पूर्ण रूप से ध्यान रखा गया। । कार्मिकों ने बड़ी ही निष्ठा के साथ वर्तमान रेल परिदृश्य पर अपने विचारों को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त किया। संगठन के राजभाषा विभाग के कार्मिकों के कुशल प्रबंधन तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा एवं राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

# केजीएमयू में पहला एनुअल कॉन्क्लेव की शुरूआत




- देश के करीब 30 हेमेटोलॉजिस्ट करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। केजीएमयू के अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर में एक्सप्लोरिंग इमर्जिंग कॉन्सेप्ट इन हेमेटोलॉजी थीम के तहत पहला एनुअल कॉन्क्लेव की शुरूआत की गयी। शनिवार को कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के नेतृत्व में प्रो ऐके त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुरू किया गया। जिसमें आयोजक सचिव डॉ. एसपी वर्मा ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश के 30 प्रसिद्ध हीमेटोलॉजिस्ट सहभागिता कर रहे है। जिनमे डॉ आरके जेना, डॉ विजय तिलक डॉ एमबी अग्रवाल, डॉ. देवदत्त बासु, डॉ. पंकज मल्होत्रा, डॉ. तूफान कान्ति दोलई होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश से 200 से ज्यादा डेलीगेट्स सहभागिता कर रहे है। कॉन्क्लेव में हेमेटोलॉजी से सम्बंधित लिम्फोमा, मायलोमा, एनीमिया, ब्लीडिंग, एप्लास्टिक एनीमिया के विषयों पर उपचार से संबंधित व्याख्यान दिये जायेंगे। वहीं प्रथम सत्र में ब्लड कैंसर के उपचार के बारे में विस्तार से चर्चा हुई । जिसे पुडुचेरी से आये हुए डॉ देवदत्त बासु ने बताया आज ब्लड कैंसर के उपचार में बहुत सी ऐसी दवाएं उपलब्ध है जिनको मरीज घर पर सामान्य दवाओं की तरह ले सकता है। उन्होंने बताया कि नई जनरेशन वाली दवाएं भी आ रही है जो कि बहुत ही कारगर है। सीएमएल,सीएलएल ऐसे ब्लड कैंसर है, जो कि दवाओं से काफी हद तक कंट्रोल हो जाते है। मरीज सामान्य जीवन जीता है। डॉ देवदत्त बासु बताते है ऐसे ही अन्य मायलो प्रोलीफेरेटिव नियोप्लासम में भी अब दवाएं उपलब्ध है। इसी क्रम में डॉ तूफानी कान्ति दोलई ने बताया ब्लड कैंसर के उपचार में डायग्नोसिस महत्वपूर्ण होती है,उसी के आधार पर उपचार का तरीका निर्धारित किया जाता है। बोनमैरो की जांच अत्यधिक महत्वपूर्ण है। डॉ पंकज मल्होत्रा ने कहा कि सीएलएल का उपचार ओरल ट्रीटमेंट के द्वारा किया जा सकता है। इसमें कुछ मरीजो को बाद में दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ती। प्रो ऐके त्रिपाठी ओरेशन में मुम्बई के प्रो एमबी अग्रवाल ने प्लेटलेट्स की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी 2-3 माइक्रोन की कोशिका की हमारे जीवन मे बहुत उपयोगिता है। उन्होंने बताया कि प्लेटलेट्स की कमी अक्सर गंभीर बीमारियों की ओर संकेत करती है।

## इलेक्ट्रानिक दुकान से दस लाख के कीमत तार चोरी

- तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। राजधानी के थाना गाजीपुर में चोरों ने एक दुकान का शटर तोड़कर उसमें रखे दस लाख रुपये के कीमती तार व अन्य सामान समेट लिया। दुकान स्वामी को जब इसकी जानकारी लगी तो उसके होश उड़ गए। दुकान स्वामी ने थाने में पहुंचकर तहरीर दी। नीरज कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी इन्दिरानगर ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि वादी की जी-20, शिवानी पैलेस में ओंकार एजेन्सी के नाम से इलेक्ट्रिकल की दुकान है। शुक्रवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा वादी की उक्त दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे 10 लाख रुपए के कीमती तार एवं काउटर में रखे करीब 2500 रुपए नगद व कुछ जरूरी कागजात को चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर थाना गाजीपुर ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिय है। वहीं दूसरी तरफ शिवम शर्मा पुत्र राम प्रकाश शर्मा निवासी वास्तुखण्ड गोमतीनगर ने थाना विभूतिखण्ड पर सूचना दिया कि 25 अप्रैल को शाम लगभग 8.10 बजे रात्रि को वादी बाजार से कुछ सामान लेकर अपने घर आया तथा अपनी बाइव बाइक रायल एंड फील्ड क्लासिक 350 नं० यूपी 32 एनक्यू 7619 अपने उक्त घर के चबूतरे पर खड़ी कर दिया कर दी। जिसके तुरन्त बाद अपनी दूसरी गाडी से कुछ अन्य सामान लेने बाजार गया। बाजार से वापस आने पर वादी की उक्त बुलेट बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। वादी को उक्त बुलेट को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर थाना विभूतिखण्ड पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में दो मेधावियों का हुआ चयन



लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। जगन्नाथ प्रसाद साहु इण्टर कालेज, मेहदीगंज, लखनऊ के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25 में कक्षा 8 के दो छात्रों का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य तेज प्रताप यादव द्वारा सफल छात्रा अल्शिाफा एवं छात्र आदर्श विश्वकर्मा को माला पहनाकर सम्मानित एवं परस्कत किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रों को प्रेरित करते हुये अवगत कराया गया की इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक अध्ययन करने पर प्राह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 8 में आययनरत छात्रों को राष्ट्रीय कारण एवं योग्यता आथापित छात्रवस्ति योजना परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए अलग से अतिरिक्त कक्षा का आयोजन किया जायेगा।

# डॉक्टरों ने पार्किंसंस को चलाया जन-जागरूकता अभियान

## पीजीआई निदेशक समेत सभी डॉक्टरों ने किया पैदल मार्च




लखनऊ, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)। डॉक्टरों ने पार्किंसंस रोग के बारे में जन जागरूकता बढाने के लिए पैदल मार्च निकाला। शनिवार को एसजीपीजीआई न्यूरो विभाग द्वारा आयोजित जन जागरूकता अभियान में निदेशक डॉ.आरके धीमन समेत सैकड़ों डॉक्टरों ने पैदल मार्च किया। ज्ञात हो कि पार्किंसंस रोग धीरे-धीरे बढने वाला एक तंत्रिका संबंधी विकार है। इसमें ऐसे लक्षणों के माध्यम से प्रकट होता है, जो गति और समन्वय को प्रभावित करते हैं। जिससे शरीर में कंपन, अकड़न, चलने फिरने की धीमी गति से लेकर दैनिक जीवन को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं। जैसे-जैसे यह बीमारी बढ़ती है संज्ञानात्मक बदलाव और मनोदशा में गड़बड़ी होने के साथ-साथ बोलने और निगलने में चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पार्किंसंस रोग को रोकने का कोई गारंटीकृत तरीका नहीं है। इसके लिए नियमित व्यायाम, एरोबिक व्यायाम, शक्ति प्रशिक्षण और संतुलन व्यायाम का एक संयोजन है। ऐसे रोगियों को फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, एंटीऑक्सिडेंट, लीन प्रोटीन से भरपूर आहार पार्किंसंस रोग से बचाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा विषाक्त पदार्थों से बचने के लिए कीटनाशकों, शाकनाशियों जैसे पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों, औद्योगिक रसायन के संपर्क को सीमित करना ही बचाव है। ऐसे मरीजों को सिर की चोटों को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए जैसे खेल के दौरान हेलमेट पहनना और वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना। ऐसे मरीजों को मानसिक रूप से सक्रिय और व्यस्त रहने से पार्किंसंस रोग से बचाव में मदद मिल सकती है। इसमें पढ़ने, पहेलियाँ बूझने से, नए कौशल सीखने और दूसरों से मिलने जुलने से जैसी गतिविधियों से अपने मस्तिष्क को चुनौती देना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि पार्किंसंस के उपचार में आमतौर पर लेवोडोपा जैसी डोपामिनर्जिक दवाएं शामिल होती हैं, जो अक्सर लक्षणों को कम करने के लिए निर्धारित की जाती हैं। जबकि फिज़िकल थेरेपी आने वाली कठिनाइयों को प्रबंधित करने वाली गतिशीलता में सुधार करने में मदद कर सकती हैं। अभी तक शोध प्रयासों के बावजूद, वर्तमान में पार्किंसंस रोग का कोई इलाज उपलब्ध नहीं है।

## दो छात्राओं को स्विगी देगी छह लाख सालाना

लखनऊ (सं)। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में दो छात्राओं का स्विगी में चयन हुआ। जबकि 45 छात्र-छात्राओं को आउटलुक ग्रुप में इंटर्नशिप के लिए अलग-अलग पदों पर चयन हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्विगी में एमबीए की दो छात्राओं साक्षी श्रीवास्तव और शिवि मनीष श्रीवास्तव का चयन सेल्स मैनेजर के पद पर छह लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही आउटलुक ग्रुप में अलग-अलग पदों पर 45 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। इन्हें कंपनी की ओर से इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान अधिकतम 20 हजार रुपये मिलेंगे। सफलता पूर्वक इंटर्नशिप पूरा करने पर 12 हजार रुपये अतिरिक्त और फुल टाइम जॉब का भी ऑफर दिया जाएगा।

## मना गुरू तेग बहादुर साहिब का जन्मोत्सव



लखनऊ, 27 अप्रैल। राजधानी के नाका हिंडोला स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा में सिखों के नवें गुरु गुरु तेग बहादुर साहिब का जन्मोत्सव धूमधाम मनाया गया। शनिवार को तीन दिवसीय गुरमति समागम का पहला समागम श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। जिसे रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ होकर रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया। साथ ही ज्ञानी सुखदेव सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर का जन्म अमृतसर में हुआ था। पिता गुरु हरिगोबिन्द साहिब एवं माता का नाम नानकी था। बचपन से ही संत स्वरुप गहरे विचारवान निर्भय व त्यागी स्वभाव के थे। उन्होंने कहा कि स्वभाव के कारण नाम त्यागमल रखा गया। इन्होंने अमृतसर की लड़ाई के बाद मन बैराग से भर गया और लड़ाईयों में भाग लेना छोड़ दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। इसी क्रम में दीवान की समाप्ति के पश्चात गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने आई साध संगत को साहिब गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई दी। इसके तत्पश्चात गुरु का लंगर दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा श्रधालुओं में वितरित किया गया।